✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 82 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 18 अगस्त 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



विधायक बनने के बाद प्रशांत किशोर को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते बिहार विस अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार

## संक्षिप्त समाचार

### प्रशांत किशोर ने ली विस की सदस्यता

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जन सुराज के संयोजक और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने सोमवार को बिहार विधानसभा की सदस्यता की शपथ ले ली है। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने उन्हें गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि इस सदन का सदस्य बनना गौरव की बात है।

### रालोमो का तीन दिवसीय विमर्श शिविर 20 से

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा द्वारा राजगीर में पार्टी के तीन दिवसीय 'विमर्श शिविर' का आयोजन किया जाएगा। पार्टी अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने बताया कि 20, 21 और 22 अगस्त को आयोजित इस शिविर में पार्टी के विचारों, सुझावों और संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी छात्र और शिक्षा के मुद्दों को लेकर लगातार काम करती रही है। शिविर में शिक्षा सुधार को लेकर भी विस्तार से चर्चा होगी। इसके साथ ही संगठन के विस्तार को भी एक बड़ा मुद्दा बताते हुए इस पर रणनीति तैयार की जाएगी।

### कांवरिया की गोली मारकर हत्या

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में देर रात बाबा गरीबनाथ धाम में जल चढ़ाने के लिए कांवर लेकर जा रहे एक युवक की पारू थाना क्षेत्र के गोसाईं टोला के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों ने युवक को निशाना बनाकर ताबड़तोड़ फायरिंग की और वारदात के बाद हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई जबकि स्थानीय लोगों में आक्रोश का माहौल है। मृतक की पहचान पारू थाना क्षेत्र के गोसाईं टोला निवासी रविंद्र कुमार सिंह के पुत्र गोलू कुमार के रूप में की गयी है।

### पटना एम्स में पहली बार सफल लिविंग डोनर लीवर ट्रांसप्लांट

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना एम्स में पहली बार 54 वर्षीय मरीज का सफल लिविंग डोनर लिवर ट्रांसप्लांट किया गया। मरीज की पत्नी ने अपने लिवर का एक हिस्सा दान किया। एम्स के अनुसार बीपीएल मरीजों को एम्स रिलीफ फंड के जरिए इलाज के लिए आर्थिक सहायता भी दी जा रही है।

### शिक्षकों के स्थानांतरण प्रक्रिया पर हाईकोर्ट ने लगायी रोक

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना उच्च न्यायालय ने राज्य में शिक्षकों के स्थानांतरण एवं पदस्थापन, विशेषकर सरप्लस शिक्षकों के स्थानांतरण से जुड़े मामले में महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए फिलहाल यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया है। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि फिलहाल स्थानांतरण प्रक्रिया पर रोक रहेगी। इसका सीधा अर्थ है कि जिन शिक्षकों का मामला इस याचिका से जुड़ा है, वे फिलहाल जहां कार्यरत हैं, वहीं बने रहेंगे।

## सावन की तीसरी सोमवारी पर लखीसराय के अशोक धाम में भगदड़

# सात श्रद्धालुओं की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लखीसराय।** जिले के श्री इंद्रदमनेश्वर महादेव मंदिर (अशोक धाम) में सावन माह की तीसरी सोमवारी पर दर्दनाक हादसा हो गया। श्रद्धालुओं के बीच अचानक बिजली के तार में करंट प्रवाहित होने की अफवाह फैल गई जिसके बाद मौके पर भीषण भगदड़ मच गई। इस हादसे में सात महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद मंदिर परिसर में चीख-पुकार मच गई और बदहवास लोग अपने परिजनों को ढूंढते नजर आए। हादसे की भयावह खबर मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। प्रशासन और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को फौरन नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां फिलहाल उनका इलाज चल रहा है।



घटना के बाद पूरे मंदिर परिसर में अफरातफरी का माहौल कायम रहा और लोग अपनों की तलाश में भागते दिखे। घटना के बाद प्रत्यक्षदर्शियों और मृतक महिलाओं के परिजनों ने इस त्रासदी के लिए स्थानीय प्रशासन और मंदिर प्रबंधन को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया है। परिजनों का स्पष्ट कहना है कि सोमवारी के अवसर पर जुटने वाली भारी भीड़ का अनुमान होने के बावजूद सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के कोई कारगर उपाय नहीं किए गए थे। वहीं एक प्रत्यक्षदर्शी ने यह दावा किया कि परिसर में गिरे हुए एक बिजली पोल के तार में वास्तव में करंट प्रवाहित हो रहा था। इसी वजह से अफवाह फैली और स्थिति पूरी तरह अनियंत्रित हो गई। फिलहाल पुलिस ने सभी मृतकों के शवों को अपने कब्जे में ले लिया है और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान मुंगेर जिले के बऊटोला फरदा निवासी रिंकू देवी, पटना जिले के बकांवा भदौर निवासी सरोज देवी, लखीसराय जिले के बड़हिया वार्ड 12 निवासी मनमाला देवी, प्रतापपुर, हलसी निवासी हेमलता देवी, ललिता देवी एवं सविता कुमारी तथा चननिया निवासी सावित्री देवी के रूप में हुई है। प्रशासन का दावा है कि मंदिर परिसर और आसपास की स्थिति को अब पूरी तरह नियंत्रण में कर लिया गया है। हालांकि इस दर्दनाक घटना के बाद से ही श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में लचर व्यवस्था को लेकर गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस हादसे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, संजय झा आदि ने दुख जताया। मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों के लिए मुआवजे का भी ऐलान किया। श्री चौधरी ने हादसे में मरने वाले लोगों के परिजनों के लिए चार-चार लाख रुपये मुआवजा देने का ऐलान किया है।

# बिहार के 23 जिलों में बनेंगे 129 चार्जिंग स्टेशन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते इस्तेमाल को देखते हुये चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की पहल तेज हुई है। पीएम ई- ड्राइव योजना के तहत पहले चरण में 23 जिलों में 129 जगहों पर सार्वजनिक इवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किये जायेंगे। सोमवार से चिन्हित स्थलों का साइट सर्वे शुरू हुआ है। इसको लेकर सोमवार परिवहन सचिव राजकुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें भारी उद्योग मंत्रालय के निदेशक अमरेंद्र किशोर सिंह, बीएचइएल के महाप्रबंधक जेके पटनायक समेत परिवहन विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।अधिकारियों ने जिलों को सर्वे टीम को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड की टीम 17 से 20 अगस्त तक पटना, गया, वैशाली, पूर्णिया, नालंदा और छपरा में 72 स्थलों का सर्वे करेगी। सर्वे के दौरान जमीन की उपलब्धता, बिजली कनेक्टिविटी, पहुंच की सुविधा और



अन्य तकनीकी जरूरतों का आकलन किया जायेगा। अधिकारियों के मुताबिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिये प्रमुख राजमार्गों, शहरी क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे लंबी दूरी की यात्रा करने वाले ईवी चालकों के साथ शहरों में वाहन इस्तेमाल करने वालों को भी आसानी से चार्जिंग सुविधा मिल सकेगी। परिवहन सचिव ने कहा कि मजबूत चार्जिंग नेटवर्क से राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की गति बढ़ेगी। भारी उद्योग मंत्रालय के निदेशक ने बताया कि बिहार सरकार की ओर से 129 स्थानों पर चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने का प्रस्ताव मिला है। बीएचइएल को परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी बनाया गया है।

# पटना-कटिहार में स्नान करने के दौरान डूबे सात बच्चे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/कटिहार।** सावन के तीसरे सोमवार पर पटना और कटिहार में डूबने से सात बच्चों की मौत हो गई। इनमें चार लड़कियां और तीन लड़के हैं। तीन लड़कियों के शव मिल गये हैं जबकि एक लापता है। पटना में सोमवार सुबह गंगा स्नान के लिए गई सात बच्चियां डूब गई। इनमें तीन बहनों के शव मिले हैं जबकि तीन को स्थानीय लोगों ने बचाया लिया है। वहीं एक लापता है। घटना बाढ़ अनुमंडल के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के रानीसराय गांव के पास हुई। सभी सावन की सोमवारी पर सुबह करीब 5 बजे नहाने गई थीं। बरामद शवों की पहचान बबली कुमारी, नंदनी कुमारी और राधिका कुमारी के रूप में हुई है। वहीं चौथी लापता बच्ची आरती कुमारी की तलाश अभी भी जारी है। पुलिस, स्थानीय गोताखोर और प्रशासन की टीम नदी में लगातार खोज अभियान चला रही है। एसडीआरएफ की टीम को भी बचाव अभियान में लगाया गया है। इधर कटिहार में कमला नदी में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब तीनों बच्चे नदी में डुबकी लगाने गए थे। चार बच्चों को सुरक्षित बचा लिया गया है। बच्चों की मौत के बाद अफरा-तफरी मच गई। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। डॉ. पूजा कुमारी ने बताया कि मृतक बच्चों की पहचान सत्यम कुमार, दिव्यांशु कुमार और अमन कुमार के तौर पर हुई है। अस्पताल लाए जाने तक तीनों की मौत हो चुकी थी। सभी की मौत डूबने से हुई है।

## बिहार-नेपाल बॉर्डर पर अब 24 घंटे रहेगा पहरा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में नेपाल से लगी सीमा की सुरक्षा को और मजबूत करने का फैसला लिया गया है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने पुलिस अधिकारियों को सीमा पर 24 घंटे गश्त करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बॉर्डर पर स्थित 70 पुलिस थानों को 194 एसएसबी बीओपी के साथ मिलकर काम करने को कहा है। सोमवार को हुई बैठक में भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा, सीमा से जुड़े अपराध, आतंकवाद और आर्थिक सुरक्षा जैसे मुद्दों की समीक्षा की गई। बैठक में बिहार के सात सीमावर्ती जिलों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। इनमें पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज शामिल हैं। मुख्य सचिव ने पुलिस और एसएसबी के बीच बेहतर तालमेल करने को कहा। मुख्य सचिव ने नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी रोकने के लिए पुलिस और उत्पाद विभाग को सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासतों का संरक्षण सभी की जिम्मेवारी : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को कोयला एवं खान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण एवं सामरिक खनिज ब्लॉकों की नीलामी एवं एनएमईडीटी के कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में खनिज ब्लॉकों का अध्ययन कराया गया है। ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासतों का संरक्षण हम सभी की जिम्मेवारी है। इसको कोई नुकसान नहीं पहुंचाया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत तथा पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समृद्ध बिहार के सपने को पूरा करना है। वर्ष 2005 के बाद से पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में कई विकास कार्य किये गये हैं। आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कराया गया है। आधारभूत संरचनाओं में पत्थर सहित अन्य खनिज तत्वों की जरूरत पड़ती है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता के हित में यहां के संसाधनों का सदुपयोग किया जायेगा। कई खनिज ब्लॉकों का टेंडर किया गया है और कई की प्रक्रिया चल रही है। हमारे पदाधिकारी इस काम में लगे



हुये हैं, 9 महीने में हमलोग इस काम को पूर्ण करेंगे। 44 माइनिंग ब्लॉकों में से 28 माइनिंग ब्लॉकों में सर्वे का काम आगे बढ़ा है। 30 सितम्बर के पहले 30 से अधिक माइनिंग ब्लॉक आवंटित कर दिये जायेंगे। 15 अक्टूबर से बिहार में खनन कार्य शुरू करने की दिशा में पहल होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार का बजट आज 3 लाख 47 हजार करोड़ रुपये का हो गया है। बिहार में विकास के कई महत्वपूर्ण कार्य तेजी से किये जा रहे हैं। बिहार में संसाधनों की कमी नहीं है। संसाधनों का भरपूर उपयोग करते हुये जनता के हित में इसे गति देनी है। रोहतास में लाइम स्टोन, औरंगाबाद में मिनिरल बेल्ट, जहानाबाद तथा जमुई में मैग्नेट, गया, बांका एवं भागलपुर में भी मिनिरल्स का बड़ा रिसोर्स है। इन सभी का सदुपयोग करना है। उन्होंने कहा कि खनिजों से प्राप्त होने वाली रॉयल्टी का उपयोग बिहार की जनता के हित और राज्य के विकास के लिए किया जाएगा। खनिज संपदा का किसी भी स्तर पर दुरुपयोग नहीं होने दिया जाएगा। राज्य में खनिज केंद्र स्थापित करने के साथ नवंबर तक पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में उद्योगों की स्थापना के लिये निवेशकों को कई प्रकार की रियायतें दी जा रही है। हमारा सभी से आग्रह है कि आप खुले मन से बिहार में निवेश करें। बिहार को आगे बढ़ाने में मदद करें। आप पूरी तरह यहां सुरक्षित हैं और निर्भीक होकर अपने काम को आगे बढ़ायें। बिहार सरकार हर तरह से आपका सहयोग करेगी। कार्यक्रम को केन्द्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चन्द्र दुबे तथा कोयला एवं खान मंत्रालय के संयुक्त सचिव कदम संदीप वी. ने भी संबोधित किया।

# 30 दिनों में दूर होंगी छात्रों की शिकायतें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के स्कूल, कॉलेज और कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए राज्य सरकार ने सोमवार से विद्यार्थी सहयोग पोर्टल लांच कर दिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना के जेडी वीमेंस कॉलेज से विद्यार्थी सहयोग शिविर पोर्टल का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि हमारी सरकार शिकायत निवारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सीएम ने इस मौके पर कहा कि अब विद्यार्थी पोर्टल अथवा टोल-फ्री हेल्पलाइन 1100 के माध्यम से अपनी शिकायत एवं सुझाव दर्ज करा सकेंगे। प्रत्येक माह के चौथे मंगलवार को 'विद्यार्थी सहयोग शिविर' आयोजित होगा तथा 25 अगस्त से सभी स्कूलों एवं छात्रावासों में 'विद्यार्थी सहयोग अभियान' शुरू होगा। शिकायतों पर 10 दिनों में कार्रवाई शुरू नहीं होने पर स्वतः नोटिस और अधिकतम 30 दिनों में समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। मौके पर शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, उच्च शिक्षा मंत्री संजय सिंह टाइगर सहित कई अधिकारी शामिल हुए। दरअसल 15 अगस्त को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गांधी मैदान से इसकी घोषणा की थी। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म का उद्देश्य छात्रों की पढ़ाई, संस्थान और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़ी समस्याओं और शिकायतों को सीधे सरकार तक पहुंचाना और उनका समयबद्ध समाधान कराना है। सरकार के मुताबिक, पोर्टल का दायरा केवल सरकारी स्कूलों या कॉलेजों तक सीमित नहीं रहेगा। राज्यभर के स्कूल, कॉलेज, कोचिंग और अन्य शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े विद्यार्थी भी अपनी शिकायतें दर्ज कराने की सुविधा मिलेगी। छात्रों की समस्याओं को संबंधित स्तर पर भेजकर उसके समाधान की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। विद्यार्थी सहयोग पोर्टल की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता शिकायतों के समाधान की समय-सीमा है। सरकार ने प्रत्येक आवेदन पर अधिकतम 30 दिनों के भीतर कार्रवाई और निपटारे का लक्ष्य रखा है।

# महिला और दो बेटियों की संदिग्ध मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बुंदेलखंड थाना क्षेत्र के दर्जी मोहल्ला में सोमवार सुबह एक महिला और उसकी दो बेटियों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। एफएसएल की टीम मामले की जांच कर रही है। मृतकों की पहचान निदा खातून (30), उसकी बेटी सरिया खातून (3) और सितारा खातून (4) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार निदा अपनी दोनों बेटियों के साथ घर की ऊपरी मंजिल पर रहती थी जबकि उसके सास-ससुर नीचे के कमरे में रहते थे। सुबह काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों ने उसे खोलने की कोशिश की। दरवाजा खुलने पर निदा खातून का शव कमरे में लटका मिला जबकि दोनों बेटियां बिस्तर पर मृत पड़ी थीं। शवों की स्थिति को देखते हुए पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं से जांच कर रही है। पुलिस को महिला की मौत के मामले में भी संदेह है। बताया जा रहा है कि उसके शरीर के कुछ अंग पलंग से सटे हुए थे। इससे आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या करने के बाद शव को फांसी पर लटकाया गया हो।




# नितिन नवीन ने किया पार्टी की नई टीम का ऐलान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को पार्टी के नए राष्ट्रीय पदाधिकारियों के नामों का ऐलान कर दिया। पार्टी की ओर से जारी सूची के मुताबिक नई टीम में कई वरिष्ठ नेताओं को अहम जिम्मेदारियां दी गई हैं। नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। नई टीम में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया समेत 13 नेताओं को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं स्मृति ईरानी और विनोद तावड़े को राष्ट्रीय महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा की ओर से जारी सूची के अनुसार वसुंधरा राजे सिंधिया, तीरथ सिंह रावत, राम माधव, बैजयंत जय पांडा, डी. पुरंदेश्वरी, रेखा वर्मा, वर्षाबेन नरेंद्रभाई दोशी, डॉ. भारती प्रवीण पवार, सरदार मनप्रीत सिंह बादल, लाल सिंह आर्य, प्रो. एम. नागराजा, प्रो. तारिक मंसूर और डॉ. मधुजंद्र कर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। इस सूची में अलग-अलग राज्यों के नेताओं को जगह दी गई है, जिससे संगठन में क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व का भी ध्यान रखा गया है। वहीं बी.एल. संतोष को राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन), शिवप्रकाश एवं सौदान सिंह को राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री (संगठन), विनोद तावड़े, सुनील बंसल, बिप्लब कुमार देव, स्मृति ईरानी डॉ. सतीश पूनिया, गजेंद्र पटेल हरीश द्विवेदी एवं संजय भाटिया को राष्ट्रीय महामंत्री जबकि कविता पाटीदार, के. सुरेंद्रन, डॉ. भोला सिंह, डॉ. प्रदीप वर्मा, जगदीश ईश्वरभाई पटेल, डॉ. संदीप पाठक, फांगनोन कोन्याक, संगीता यादव, अनिल एंटनी, डॉ. एम. वेंकटेशन, मनोज तिग्गा, सिद्धार्थ शंभु, डॉ. स्वदेश सिंह, श्री मृगांका बरमन, रोहन गुप्ता एवं जय प्रकाश को पार्टी का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। इसके अलावा पीयूष गोयल को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं राजेश मंगल को राष्ट्रीय संयुक्त कोषाध्यक्ष की जिम्मेवारी दी गयी है। वहीं अनिल बलूनी को मीडिया संयोजक जबकि आशीष उषा अग्रवाल, प्रदीप भंडारी, सिद्धार्थ यादव को मीडिया सह संयोजक जबकि दीपक माश्के को सोशल मीडिया संयोजक तथा प्रीति गांधी, शिवानंद द्विवेदी, आलोक भट्ट एवं अरुण यादव को सोशल मीडिया सह संयोजक बनाया गया है। इसी प्रकार डॉ. हेमंत जोशी को युवा मोर्चा, रूप कुमारी चौधरी को महिला मोर्चा, अमरपाल मौर्य को ओबीसी मोर्चा, बंसीलाल गुर्जर को किसान मोर्चा, शिवेश कुमार राम को एससी मोर्चा, डॉ. मन्नालाल रावत को एसटी मोर्चा एवं कुंवर बासित अली को अल्पसंख्यक मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। नई राष्ट्रीय टीम में महिला नेताओं की भी अच्छी भागीदारी दिखाई देती है। वसुंधरा राजे सिंधिया, डी. पुरंदेश्वरी, रेखा वर्मा, वर्षाबेन नरेंद्रभाई दोशी, डॉ. भारती प्रवीण पवार और डॉ. मधुजंद्र कर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं स्मृति ईरानी को राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया है। इस तरह पार्टी की नई संगठनात्मक टीम में कई महिला नेताओं को महत्वपूर्ण राष्ट्रीय जिम्मेदारियां मिली हैं।



# राज्य में 725 स्थानों पर बनेंगे ग्रामीण हाट : श्रवण कुमार

## सभी जिलों से जल्द प्रस्ताव भेजने का निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को ग्रामीण विकास विभाग और नाबार्ड के बीच विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के अभिसरण की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में राज्य में ग्रामीण हाट बाजार के निर्माण समेत ग्रामीण विकास, आजीविका संवर्धन, आधारभूत संरचना, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास, स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने से जुड़े कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। मंत्री ने बताया कि राज्य में ग्रामीण हाट बाजार विकसित करने के लिए 725 स्थान चिन्हित किए गए हैं। उन्होंने चिन्हित स्थलों की समुचित समीक्षा कर निर्माण प्रक्रिया जल्द शुरू करने तथा सभी जिलों से प्रस्ताव तैयार कर नाबार्ड को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। ग्रामीण हाट के लिए 20 डिसमिल, 50 डिसमिल और एक एकड़ क्षेत्रफल वाले तीन मॉडल को अंतिम रूप से मंजूरी दी गई है जिससे हाटों के निर्माण में एकरूपता बनी रहेगी। नाबार्ड की वित्तीय सहभागिता से प्रथम चरण में 20 से 49 डिसमिल क्षेत्रफल वाले एक-एक ग्रामीण हाट के निर्माण का निर्णय लिया गया है। इसके लिए सभी जिलों को स्थान की जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध कराने के लिए गूगल शीट जारी की गई है। 20 डिसमिल से अधिक क्षेत्रफल वाले हाटों के निर्माण के लिए अररिया, बांका, भागलपुर, कटिहार, मधेपुरा, सुपौल और समस्तीपुर से प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। श्रवण कुमार ने कहा कि ग्रामीण हाट के लिए केंद्र सरकार की ओर से अधिकतम 40 लाख रुपये प्रस्तावित हैं। राशि बढ़ाने का प्रस्ताव केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय को भेजा गया है। योजना में पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों, अनुसूचित जनजाति और बकरी पालन को लेकर विशेष प्रावधान किए गए हैं। दूधारू बकरी पालन को प्रोत्साहित करने की कार्ययोजना भी तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि हाटों के निर्माण से जीविका दीदियों को अपने उत्पाद सीधे बाजार तक पहुंचाने और बेचने में सुविधा होगी। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नया आयाम मिलेगा तथा दीदियों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। नाबार्ड बिहार क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह ने ग्रामीण विकास को मजबूत करने के लिए नाबार्ड की प्रतिबद्धता दोहराते हुए तकनीकी, वित्तीय और संस्थागत सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, गौतम कुमार सिंह तथा विभाग और नाबार्ड के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रशांत किशोर को अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने दिलायी शपथ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बांकीपुर विधान सभा क्षेत्र के उपचुनाव में निर्वाचित सदस्य प्रशांत किशोर ने बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार के समक्ष उनके कार्यालय कक्ष में शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण के उपरांत अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रशांत किशोर को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा जनप्रतिनिधि के रूप में उनके सफल कार्यकाल की कामना की। अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में जनता द्वारा निर्वाचित प्रत्येक जनप्रतिनिधि की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्हें अपने क्षेत्र की जनता की आकांक्षाओं और समस्याओं को सदन के माध्यम से प्रभावी ढंग से उठाने तथा राज्य के विकास में सकारात्मक योगदान देने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर सभा सचिवालय की प्रभारी सचिव सहित वरीय पदाधिकारीगण एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध आवाज उठाने के कारण बाबू देवशरण सिंह को जेल की यातनाएं सहनी पड़ी : मंत्री श्रवण कुमार

### महान स्वतंत्रता सेनानी और विधान परिषद के पूर्व सभापति बाबू देवशरण सिंह की 126 वीं जयंती मनी


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** महान स्वतंत्रता सेनानी और बिहार विधान परिषद के पूर्व सभापति बाबू देवशरण सिंह की 126 वीं जयंती सोमवार को विधानसभा परिसर में मनाई गई। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री और जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिएउ अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर सेनानी देव शरण बाबू की जयंती पर हृदय से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्होंने कहा कि आज के दिन एक महान व्यक्तित्व को याद करने का दिन नहीं है बल्कि उस संघर्ष, त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति को नमन करने का दिन है, जिसके बदौलत हमारा देश स्वतंत्र हुआ। ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि देव शरण बाबू का जीवन भारत की स्वतंत्रता की उस गौरवशाली गाथा का हिस्सा ह, जिसमें हजारों, लाखों देश भक्तों ने अपने सुख, परिवार और व्यक्तिगत जीवन की चिंता किए बिना मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया। उन्होंने महात्मा गांधी के नेतृत्व में चलाए गए असहयोग आंदोलन तथा भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध आवाज उठाने के कारण उन्हें जेल की यातनाएं सहनी पड़ी। अंग्रेजों ने उन्हें वर्फ की सीली पर लिटाकर अमानवीय यातनाएं दी, लेकिन देवशरण बाबू ने हार नहीं मानी। उन्होंने अपने शरीर की पीड़ा से उपर भारत की स्वतंत्रता के लक्ष्य को रखा था। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं के लिए देव शरण बाबू का जीवन विशेष रूप से प्रेरणादायी है। आज हमारे सामने स्वतंत्रता आंदोलन जैसी परिस्थितियां नहीं है, लेकिन देश और समाज के माने नई चुनौतियां अवश्य है।

## बाबू देवशरण सिंह का व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत : डॉ. प्रेम कुमार


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बाबू देवशरण सिंहकी 126वीं जयंती समारोह के अवसर पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उन्हें भावपूर्ण नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि बाबू देवशरण सिंह का संपूर्ण जीवन समाज, राष्ट्र और जनसेवा के प्रति समर्पित रहा। उनका व्यक्तित्व सादगी, समर्पण, दृढ़ इच्छाशक्ति और सामाजिक सरोकारों का अद्‌भुत उदाहरण था। उन्होंने जीवनभर समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के हितों के लिए आवाज उठाई तथा सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी महापुरुष की वास्तविक पहचान उनके पद या प्रतिष्ठा से नहीं, बल्कि उनके विचारों, कर्मों और समाज पर पड़े सकारात्मक प्रभाव से होती है। बाबू देवशरण सिंह का जीवन आने वाली पीढ़ियों को यह संदेश देता है कि समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए निष्ठा, ईमानदारी और त्याग की भावना आवश्यक है।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने 'दैनिक दिनचर्या' पुस्तक का किया विमोचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में कृषि-शिक्षा विशेषज्ञ डॉ. अभय नाथ सिंह द्वारा लिखित पुस्तक 'दैनिक दिनचर्या (हर घर के लिए एक उपयोगी पुस्तक)' का विमोचन किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि यह पुस्तक हर घर के दैनिक उपयोग के लिए अत्यंत उपयोगी और अनुकरणीय सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि पुस्तक में जीवनशैली, अनुशासन और दैनिक जीवन से जुड़े विभिन्न उपयोगी विषयों को शामिल किया गया है जो समाज के सभी वर्गों के लिए मार्गदर्शक साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में व्यवस्थित और अनुशासित दिनचर्या का विशेष महत्व है। ऐसे में दैनिक जीवन से जुड़े उपयोगी विषयों को सरल रूप में प्रस्तुत करने वाली यह पुस्तक आम लोगों के लिए लाभकारी हो सकती है। कार्यक्रम के दौरान बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव, पुस्तक के लेखक डॉ. अभय नाथ सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों ने भी पुस्तक को जनोपयोगी बताते हुए लेखक को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में लेखक डॉ. अभय नाथ सिंह ने पुस्तक के विमोचन के लिए विधानसभा अध्यक्ष एवं उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक समृद्धि के अवसर पहुंचाएं बैंककर्मी : मुकुल सहाय

### बिहार ग्रामीण बैंक के प्रधान कार्यालय में ध्वजारोहण, अध्यक्ष ने ग्रामीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** देश की आजादी के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बिहार ग्रामीण बैंक के प्रधान कार्यालय, पटना में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैंक के अध्यक्ष मुकुल सहाय ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बैंक के सभी महाप्रबंधक, अधिकारी एवं उनके परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के बाद अध्यक्ष मुकुल सहाय ने उपस्थित बैंककर्मियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में अध्यक्ष ने कहा कि बैंक कर्मियों का दायित्व है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक समृद्धि के अवसर पहुंचाए जाएं, ताकि समाज के चहुंमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त हो सके। उन्होंने बैंककर्मियों को अपने कार्यों के माध्यम से देश सेवा के महत्व को समझने और पूरी निष्ठा के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी। श्री सहाय ने कहा कि बिहार ग्रामीण बैंक को महात्मा गांधी की सादगी और सरलता के मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए ग्रामीण और जरूरतमंद लोगों के आर्थिक उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बैंक अपने स्थापना के मूल उद्देश्य 'ग्रामीण विकास हमारी प्रतिबद्धता' के अनुरूप लोगों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि बिहार ग्रामीण बैंक वर्तमान में बिहार के सभी 38 जिलों में 2101 शाखाओं के माध्यम से अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है। बैंक का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने के साथ-साथ उनके आर्थिक विकास में प्रभावी भूमिका निभाना है। कार्यक्रम के दौरान बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने देश की एकता, अखंडता और विकास में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया। स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ।

## पाटलिपुत्र और पूर्णिया कोर्ट के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर- खगड़िया-मानसी-सहरसा-बनमनखी के रास्ते पाटलिपुत्र और पूर्णिया कोर्ट के मध्य गाड़ी सं. 03216/03215 पाटलिपुत्र-पूर्णिया कोर्ट-पाटलिपुत्र स्पेशल का सप्ताह में पांच दिन परिचालन किया जाएगा। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 10 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच एवं एसएलआर के 02 कोच सहित कुल 20 कोच हैं। गाड़ी सं. 03216 पाटलिपुत्र-पूर्णिया कोर्ट स्पेशल का परिचालन 17 अगस्त, 2026 से 16 सितम्बर, 2026 तक सप्ताह में पांच दिन बुधवार एवं शनिवार को छोड़कर किया जाएगा।

## केवाइपी केंद्रों पर शीघ्र प्रशिक्षण शुरू करने की मांग

### पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित मंत्री व अधिकारियों से मिला प्रतिनिधिमंडल





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना/वैशाली।** कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) बचाव अभियान के तहत केवाईपी वेलफेयर सोसाइटी वैशाली के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा के नेतृत्व में केवाईपी केंद्र संचालकों के प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, युवा, रोजगार एवं कौशल विकास मंत्री अरुण शंकर प्रसाद, बिहार कौशल विकास मिशन के निदेशक मनीष शंकर सहित कई अधिकारियों से मुलाकात कर केवाईपी केंद्रों पर प्रशिक्षण शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में इं. राहुल कुमार, विजय कृष्ण, सुमित कुमार, सन्नी कुमार, स्वाति सहित कई केवाईपी केंद्र संचालक शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात के दौरान केवाईपी केंद्रों के वर्तमान स्थिति से संबंधित विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से रखा।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि केवाईपी केंद्रों पर प्रशिक्षण कार्य लंबे समय से प्रभावित होने के कारण बड़ी संख्या में युवाओं की कौशल शिक्षा बाधित हो रही है। ऐसे में केंद्रों को अविलंब चालू कर प्रशिक्षण एवं नामांकन की प्रक्रिया पुनः शुरू करना आवश्यक है। केवाईपी वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि कुशल युवा कार्यक्रम बिहार के युवाओं को कंप्यूटर, संचार एवं व्यवहार कौशल से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण योजना है। इसके माध्यम से लाखों युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण का अवसर मिला है। इसलिए केवाईपी केंद्रों पर प्रशिक्षण कार्य जल्द से जल्द शुरू किया जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, मंत्री अरुण शंकर प्रसाद, बिहार कौशल विकास मिशन के निदेशक मनीष शंकर सहित संबंधित अधिकारियों से केवाईपी केंद्रों को अविलंब सक्रिय करने और प्रशिक्षण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने के लिए ठोस पहल करने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल को उम्मीद है कि सरकार एवं विभाग द्वारा युवाओं के हित को ध्यान में रखते हुए केवाईपी केंद्रों पर प्रशिक्षण व्यवस्था शीघ्र बहाल की जाएगी।

## ऊर्जा योजना की समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव का अधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण का निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में राज्य में संचालित प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष राशन कार्ड अभियान तथा ऊर्जा विभाग की 'पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना' की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया गया। विशेष अभियान के तहत राशन कार्ड आवेदन निष्पादन की स्थिति - खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने राशन कार्ड निर्गमन की स्थिति पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे और तेज करने का निर्देश दिया। विशेष अभियान के तहत राज्य भर में 13,93,704 ऑफलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें से जांच के उपरांत 11,83,792 आवेदन पात्र पाए गए हैं।

## बिहार के सभी हृदय शल्य चिकित्सकों को एक मंच पर लाने के लिए संगठित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के चिकित्सा इतिहास में पहली बार राज्य के सभी हृदय शल्य चिकित्सकों को एक मंच पर लाते हुए 'एसोसिएशन ऑफ कार्डियोवैस्कुलर एंड थोरेसिक सर्जन्स, बिहार' का गठन किया गया। पटना के होटल मौर्या में 14 अगस्त की शाम आयोजित कार्यक्रम में संगठन की औपचारिक स्थापना हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट सचिवालय विभाग के विशेष सचिव, स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव तथा आयुष्मान भारत, बिहार के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरविंद कुमार वर्मा थे। संगठन का उद्देश्य हृदय शल्य चिकित्सा के लिए बिहार से मरीजों के दूसरे बड़े शहरों की ओर पलायन रोकना और राज्य को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए जागरूकता बढ़ाना है। संगठन के सचिव डॉ. धीरज शांडिल्य ने बताया कि करीब 12 करोड़ आबादी वाले बिहार में केवल 15 से 20 हृदय शल्य चिकित्सक हैं। विश्व में इनकी संख्या लगभग 15 से 16 हजार और भारत में करीब 1500 से 1600 है। उन्होंने कहा कि बिहार की आर्थिक तंगी के कारण गरीब हृदय रोगियों की स्थिति और कठिन हो जाती है। ऐसे में आयुष्मान भारत योजना उनके लिए संजीवनी साबित हो सकती है। उन्होंने कहा 'बिहार का हृदय आयुष्मान भारत योजना के बिना स्वस्थ नहीं हो सकता।' संगठन के अध्यक्ष और एम्स पटना के हृदय शल्य चिकित्सा विभाग के अध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि बिहार में अब पटना के अलावा बेगूसराय में भी हृदय शल्य चिकित्सा शुरू हो चुकी है। एम्स पटना और आईजीआईएमएस में हृदय शल्य चिकित्सा की एमसीएच पढ़ाई भी शुरू हो गई है। अरविंद कुमार वर्मा ने चिकित्सकों को बधाई देते हुए आयुष्मान भारत योजना से अधिक लोगों को जोड़ने का आहवान किया। उन्होंने चिकित्सकों से कर्मचारियों को दस्तावेजीकरण की सही प्रक्रिया का प्रशिक्षण देने और अपने स्वास्थ्य सुविधा प्रतिष्ठान का पंजीकरण कराने की अपील की। संगठन में डॉ. संजीव कुमार अध्यक्ष, डॉ. मनमोहन उपाध्यक्ष, डॉ. धीरज शांडिल्य सचिव, डॉ. कुणाल कृष्णा और डॉ. प्रगति कपूर उपसचिव तथा डॉ. संतोष पांडे कोषाध्यक्ष चुने गए। डॉ. लक्ष्मी सिन्हा और डॉ. प्रगति कपूर बिहार की दो महिला हृदय शल्य चिकित्सक हैं तथा दोनों एम्स पटना में सहायक प्रोफ़ेसर हैं। कार्यक्रम में आईजीआईएमएस के डॉ. सील अवनीश, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. कुमार आदित्य, डॉ. बीरबल झा, डॉ. आमिर काज़मी, डॉ. एस.एस. चटर्जी, जीवक अस्पताल के डॉ. अरविंद, डॉ. तुषार, डॉ. माधव, डॉ. प्रवीर और आईजीआईएमएस के डॉ. आंद्रे समेत कई चिकित्सक उपस्थित रहे। दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ।

## राजद ने मनाई दशरथ मांझी की 19वीं पुण्यतिथि



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय स्थित कर्पूरी सभागार में सोमवार को पर्वत पुरुष दशरथ मांझी की 19वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के दीपक कुमार मांझी ने की, जबकि संचालन मंटू मांझी ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राजद नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष एवं राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने दशरथ मांझी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि दशरथ मांझी ने दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति के बल पर पहाड़ काटकर रास्ता बनाया और समाज के सामने मिसाल कायम की। उनका जीवन संघर्ष और संकल्प की प्रेरणा देता है। तेजस्वी यादव ने कहा कि दशरथ मांझी के योगदान को सम्मान देने के लिए पटना के किसी प्रमुख चौराहे पर उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित की जानी चाहिए।

## आइटीएल ग्रेटर नोएडा में बनाएगा 25 एकड़ का ग्लोबल रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में 25 एकड़ का नया ग्लोबल रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और आईटीएल मैनेजमेंट के बीच हुई बैठक के बाद लिया गया। यह ग्रीनफील्ड सुविधा भविष्य की जरूरतों के अनुरूप टेक्नोलॉजी और किसानों पर केंद्रित इनोवेशन के लिए ग्लोबल एडवांस्ड इंजीनियरिंग हब के रूप में विकसित की जाएगी। यहां इंजीनियरिंग विशेषज्ञता और किसानों के व्यावहारिक अनुभव को जोड़कर भारतीय एवं वैश्विक बाजारों के लिए उन्नत कृषि समाधान विकसित किए जाएंगे। यह नया केंद्र उच्च-मूल्य इंजीनियरिंग, कौशल विकास, रोजगार सृजन और तकनीक-संचालित औद्योगिक प्रगति के माध्यम से उत्तर प्रदेश के इनोवेशन इकोसिस्टम को मजबूती देने में भूमिका निभाएगा। रमन मित्तल, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, इंटरनेशनल ट्रैक्टर्स लिमिटेड ने कहा ग्रेटर नोएडा में आईटीएल की नई 25 एकड़ की ग्लोबल रिसर्च एंड डेवलपमेंट फैसिलिटी कृषि इनोवेशन के अगले दौर को आकार देने की दिशा में एक अहम कदम है।

## आरसीएम ने मनाया नारी शक्ति, उपलब्धि और आत्मनिर्भरता का उत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** आरसीएम कंज्यूमर प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आरसीएम वर्ल्ड, भीलवाड़ा में 15 और 16 अगस्त को आयोजित स्पेशल वूमेन्स एकेडमी 2026 का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। 'हर नारी सम्मान की अधिकारी' की थीम पर आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में देशभर से महिला एसोसिएट बायर्स और लीडर्स ने सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मान देने के साथ स्वास्थ्य, नेतृत्व, आत्मविश्वास, खेल भावना और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करना रहा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह की शुरुआत पथ संचलन और ध्वजारोहण से हुई जिसमें स्कूली बच्चियों की प्रस्तुति और देशभर की विविध संस्कृतियों को दर्शाती सांस्कृतिक प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण रहीं। स्पेशल वूमेन्स एकेडमी के पहले दिन आयोजित सम्मान समारोह में महिला अचीवर्स को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आरसीएम के संस्थापक टी.सी. छाबड़ा और मैनेजिंग डायरेक्टर प्रियंका अग्रवाल ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। संस्थापक टी.सी. छाबड़ा ने कहा आरसीएम ने अपनी शुरुआत से ही महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी है और हमारा निरंतर प्रयास रहा है कि महिलाओं को अपने पैरों पर खड़े होने और अपनी पहचान बनाने के अवसर मिले।

## टिकट चेकिंग अभियान में 245 बिना टिकट/अनियमित टिकट यात्री पकड़े गए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दानापुर।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनतापूर्वक कराया जा रहा है। इसी क्रम में वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक दानापुर के निर्देशनुसार दानापुर मंडल के पटना-पं. दीनदयाल उपाध्याय रेलखंड के बिहटा स्टेशन पर वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की एक विशेष टिकट चेकिंग टीम बनाकर एक विशेष टिकट चेकिंग स्पेशल ट्रेन (लाल गाड़ी) के साथ एक सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान इस स्टेशन से गुजरने वाली लगभग सभी ट्रेनों को प्रमुखता से चेक किया गया। इस विशेष लाल गाड़ी टिकट चेकिंग अभियान में 245 बिना टिकट/अनियमित टिकट वाले यात्रियों से जुर्माने के रूप में 162795/- रुपए रेल राजस्व अर्जित किया गया। इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के परिणामस्वरूप पटना-पं. दीनदयाल उपाध्याय रेलखंड के सभी स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर यात्रियों की बढी हुई भीड़ देखी गई और यात्री उचित टिकट लेकर रेल यात्रा करने के प्रति जागरूक हुए।

# सावन की तीसरी सोमवारी व नागपंचमी पर गुप्ताधाम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चेनारी।** सावन की तीसरी सोमवारी और नाग पंचमी के अवसर पर कैमूर पहाड़ी की गोद में स्थित ऐतिहासिक गुप्ताधाम में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। गुफा में अवस्थित भगवान गुप्तेश्वर महादेव के पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए करीब ढाई लाख श्रद्धालु पहुंचे। रविवार से ही गुप्ताधाम जाने वाले रास्तों पर कांवरियों और श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों से कैमूर की वादियां गूंजती रहीं। श्रद्धालु विभिन्न रास्तों से होकर गुप्ताधाम पहुंचे। उगहनी घाट, पनियारी घाट तथा अन्य पथरीले रास्तों से बड़ी संख्या में कांवरिए पैदल धाम पहुंचे। वहीं दोपहिया वाहन से आने वाले श्रद्धालु दुर्गावती जलाशय के वन पथ से होकर गुप्ताधाम पहुंचे। गुफा से कुछ दूरी पर स्थित सीता कुंड में स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने गुफा में पहुंचकर भगवान गुप्तेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया और पूजा-अर्चना की। तीसरी सोमवारी और नाग पंचमी एक साथ होने के कारण श्रद्धालुओं की संख्या काफी अधिक रही। सुबह 3 बजे से ही गुफा के बाहर श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। कांवरिए अपनी बारी का इंतजार करते हुए बोल बम और हर-हर महादेव का जयकारा लगाते रहे। पुलिस प्रशासन व गुप्ताधाम विकास कमेटी के सदस्य श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कराकर दर्शन और जलाभिषेक कराने में जुटे रहे। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए गुप्ताधाम जाने वाले प्रमुख रास्तों और धाम परिसर में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रशासन और विकास कमेटी के सदस्य श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर पूरे दिन सक्रिय रहे। पर बिहार के विभिन्न जिलों के अलावा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और नेपाल से भी श्रद्धालु भगवान गुप्तेश्वर महादेव का जलाभिषेक करने पहुंचे। श्रद्धालुओं ने बाबा से परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलकामना की। देर शाम तक गुप्ताधाम में श्रद्धालुओं के पहुंचने और जलाभिषेक का सिलसिला जारी रहाकई श्रद्धालुओं ने बताया कि गुप्ताधाम में शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। वहीं सीता कुंड के आसपास गंदगी का अंबार लगा हुआ है। श्रद्धालुओं ने बताया कि सीता कुंड में स्नान करने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं, लेकिन साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं होने से परेशानी होती है। श्रद्धालुओं ने प्रशासन से गुप्ताधाम में शौचालय की व्यवस्था कराने तथा सीता कुंड के आसपास नियमित साफ-सफाई कराने की मांग की है। विकास कमेटी के अध्यक्ष गोपाल खरवार ने बताया कि खोया-पाया केंद्र, पेयजल, बिजली, ऑक्सीजन गैस तथा अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई थी।

# नाग पंचमी पर संकट मोचन हनुमान मंदिर में नाग बाबा एवं बकश बाबा की पूजा हवन संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** नाग पंचमी के पावन अवसर पर सासाराम के फैजलगंज स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में नाग बाबा एवं बकश बाबा की भव्य पूजा-अर्चना, हवन एवं धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा भगवान से सुख, शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित जनार्दन दुबे के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा एवं हवन संपन्न हुआ। पूजा के दौरान नाग देवता एवं बकश बाबा की विधिवत आराधना की गई। हवन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने आहुति देकर परिवार एवं समाज की मंगलकामना की। मुख्य पुजारी पंडित जनार्दन दुबे ने कहा कि नाग पंचमी सनातन धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है जो प्रकृति, जीव-जंतुओं एवं पर्यावरण के प्रति सम्मान और संरक्षण का संदेश देता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से धर्म, संस्कृति एवं परंपराओं के संरक्षण हेतु सदैव तत्पर रहने का आहवान किया। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा भक्तिमय भजनों और धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक बना रहा। श्रद्धालुओं ने नाग बाबा एवं बकश बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। इस अवसर पर मंदिर समिति के सदस्य, स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं श्रद्धामय वातावरण में संपन्न हुआ।

# तीसरी सोमवारी पर प्राचीन बुढ़वा शिव मंदिर में भक्तों ने किया जलाभिषेक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** सावन माह की तीसरी सोमवारी पर दावथ स्थित प्राचीन बुढ़वा शिव मंदिर एक बार फिर श्रद्धा और भक्ति का प्रमुख केंद्र बन गया। सुबह चार बजे से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने हाथों में बेलपत्र, धतूरा और गंगाजल लेकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और सुख-समृद्धि व मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। पूरे दिन मंदिर प्रांगण 'हर-हर महादेव' और 'ऊं नमः शिवाय' के गगनभेदी जयकारों से गूंजता रहा। स्थानीय मान्यता के अनुसार यह मंदिर लगभग 300 से 400 वर्ष पुराना है। कहा जाता है कि यहां स्थापित शिवलिंग स्वयंभू है और समय के साथ जमीन से थोड़ा-थोड़ा ऊपर उठता गया है। इसी विशेषता के कारण इसे 'बुढ़वा' यानी वृद्ध शिव के नाम से पूजा जाता है। भक्तों का दृढ़ विश्वास है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मन्नत अवश्य पूरी होती है। इसी आस्था के चलते सावन के प्रत्येक सोमवार को आसपास के जिलों के साथ-साथ दूर-दराज से भी हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। मंदिर के पुजारी ने बताया कि सावन भर रोजाना सैकड़ों की संख्या में जलाभिषेक होता है, लेकिन सोमवार के दिन यह संख्या हजारों में पहुंच जाती है। सुरक्षा और सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा भी विशेष व्यवस्था की गई थी। रोहतास की धार्मिक पहचान में बुढ़वा शिव मंदिर का नाम सबसे पहले लिया जाता है क्योंकि यहां जाति, वर्ग और क्षेत्र की सभी सीमाएं मिट जाती हैं और लोग एक साथ आस्था में डूबकर भक्ति करते हैं। सावन के पवित्र महीने में इस मंदिर की महिमा और भी बढ़ जाती है और यह स्थान क्षेत्र की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बन जाता है।

# हथियार के साथ वीडियो वायरल करने वाले युवक के घर से हथियार बरामद, आरोपित फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोहनियां।** स्थानीय थाना क्षेत्र के खजरा गांव में हथियार के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करना एक युवक को भारी पड़ गया। वीडियो की जानकारी मिलने के बाद मोहनियां पुलिस ने रविवार की रात आरोपी के घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान पुलिस ने वीडियो में दिखाया गया हथियार बरामद कर जब्त कर लिया। हालांकि, छापेमारी के दौरान आरोपी घर से फरार मिला। जानकारी के अनुसार खजरा गांव निवासी शिवनरायण यादव के पुत्र पुतुल यादव ने हथियार के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था। वीडियो की जानकारी मोहनियां पुलिस को मिलने के बाद उसका सत्यापन कराया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने आरोपी के घर पर छापेमारी की।

पुलिस के पहुंचने से पहले ही पुतुल यादव घर से फरार हो गया था। पुलिस ने घर की तलाशी ली जिसमें वीडियो में प्रदर्शित हथियार बरामद हुआ। पुलिस ने हथियार को विधिवत जब्त कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसके संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।

# कैमूर बसपा की समीक्षात्मक बैठक संपन्न, संगठन मजबूत करने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** कैमूर-बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई कैमूर के तत्वावधान में संजय वाटिका में समीक्षात्मक बैठक जिलाध्यक्ष अयोध्या कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय मुख्य जोन प्रभारी दिनेश गौतम, बिहार प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो, बिहार स्टेट प्रभारी मुकेश अहिरवार, बिहार स्टेट प्रभारी संतोष कुमार, जोन प्रभारी सुभाष अंबेडकर, विश्वभर नाथ सिंह, अरुण खरवार एवं बसपा बिहार प्रदेश महासचिव मोहम्मद करीम अंसारी ने कहा कि पार्टी को मजबूत करना सभी का दायित्व है। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम और राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती के मार्गदर्शन में जन-जन तक पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया गया है। केंद्रीय कमेटी के नेताओं ने जिला कमेटी एवं प्रखंड कमेटी के सभी सदस्यों से बारी-बारी से विचार लिए और संगठनात्मक स्थिति की समीक्षा की। समीक्षात्मक बैठक में कैमूर जिले के जिला कमेटी सदस्य, विधानसभा अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पार्टी समर्थक उपस्थित थे। बैठक में मिशन गायक टूना बैरागी ने प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा।

# भंगी समाज की आजादी के लिए तूफानी राम ने डिहरी से फूंका संघर्ष का बिगुल

## नवंबर में पटना के गांधी मैदान में विशाल सम्मेलन का आहवान, अधिकारों के लिए एकजुट होने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** मेहतर सेवा संघ बिहार के तत्वावधान में सम्राट अशोक भवन, नगर परिषद डिहरी-डालमियानगर में संघ का चौथा स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष मोहन राम ने की। मुख्य अतिथि बिहार सरकार के राज्य महादलित आयोग के पूर्व सदस्य तूफानी राम तथा विशिष्ट अतिथि नगर परिषद डिहरी-डालमियानगर के चेयरमैन प्रतिनिधि गुड्डू चंद्रवंशी रहे।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि तूफानी राम एवं विशिष्ट अतिथि गुड्डू चंद्रवंशी ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। संघ के पदाधिकारियों ने अतिथियों का अंगवस्त्र एवं फूल-मालाओं से स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मोहन राम ने संघ का मांग-पत्र मुख्य अतिथि को सौंपा। मांगों में राज्य सफाई कर्मचारी आयोग का शीघ्र गठन, ठेकेदारी प्रथा समाप्त करने, सफाई मजदूरों के रिक्त पदों पर एक लाख बेरोजगारों की बहाली तथा अनुसूचित जाति आरक्षण में वर्गीकरण लागू करने की मांग प्रमुख रही। शिक्षा सेवकों एवं तालिमी मरकजों के बकाया वेतन का शीघ्र भुगतान कराने की मांग भी उठाई गई। मोहन राम ने कहा कि बिहार के किसी भी सदन में भंगी समाज (मेहतर-डोम) का प्रतिनिधित्व नहीं है। उन्होंने सदनों में मेहतर और डोम समाज से प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की मांग की। मुख्य अतिथि तूफानी राम ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का सपना आज भी पूरी तरह साकार नहीं हुआ है। भंगी समाज को सत्ता में अपेक्षित भागीदारी नहीं मिली है, इसलिए समाज की आजादी अभी अधूरी है। उन्होंने कहा कि अधिकारों की प्राप्ति के लिए समाज को एकजुट होकर लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करना होगा। उन्होंने सफाई कार्य में ठेकेदारी प्रथा का विरोध करते हुए कहा कि इससे समाज के लोगों के रोजगार के अवसर प्रभावित हुए हैं। उन्होंने नवंबर माह में पटना के गांधी मैदान में भंगी समाज का विशाल सम्मेलन आयोजित करने का आहवान किया। सम्मेलन में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार को आमंत्रित करने की बात भी कही गई। उन्होंने सम्मेलन में बिहार के लाखों लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। विशिष्ट अतिथि गुड्डू चंद्रवंशी ने समाज के लोगों से एकजुट होने की अपील करते हुए कहा कि संगठित होकर ही अपने अधिकार हासिल किए जा सकते हैं।

# पंचायती राज मंत्री ने की मातमपुर्सी, रिंकू सोनी की माताजी के निधन पर जताया शोक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने शनिवार शाम राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश महासचिव रिंकू सोनी के बारह पत्थर स्थित आवास पर पहुंचकर उनकी माताजी प्रमिला देवी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। मंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि मां के निधन से हुई क्षति की भरपाई असंभव है। दुख की इस घड़ी में वे शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। इस अवसर पर पार्टी के जिलाध्यक्ष कपिल कुशवाहा, राम परिखा सिंह, बनारसी कुशवाहा सहित कई पार्टी कार्यकर्ता एवं स्वजन उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम का समापन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय मध्य विद्यालय शिवगंज डिहरी में प्रधानाध्यापक संजय कुमार के नेतृत्व में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का समापन समारोह बड़े उल्लास और उत्साह के रूप में मनाया गया। समापन समारोह में प्रधानाध्यापक के द्वारा छात्रों के बीच मौखिक पीयूष प्रतियोगिता कराई गई जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और बारी-बारी से सवालों के जवाब दिए राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान की पहचान बच्चों को कराई गई तथा तिरंगे के डिजाइन किसने किया जैसे प्रश्नों के अच्छा छात्राओं में उत्तर दिए। समापन समारोह में छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगोली पेंटिंग और वंदे मातरम गीत गाकर सबका ध्यान अपनी तरफ आकर्षित करने का कार्य किया। पेंटिंग के लिए सृष्टि कुमारी और आशि कुमारी ने संयुक्त रूप से पेंटिंग बनाई। चांदनी कुमारी, खुशी कुमारी, ट्विंकल कुमारी, संजना कुमारी कक्षा 7 के छात्राओं के द्वारा रंगोली बनाई। रितु कुमारी सृष्टि कुमारी तथा आशी कुमारी के द्वारा वंदे मातरम गीत की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका चंचल द्विवेदी, प्रेमचंद प्रसाद, नरेश प्रसाद, सुजाता प्रसाद, नसरीन तथा विभा रानी उपस्थित थी।

# नाग पंचमी पूजा श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवादाता**



**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में आज नाग पंचमी के पावन अवसर पर नाग देवता की पूजा पूरे भक्तिभाव के साथ मनाई गई जहां श्रद्धालुओं ने दूध और लावा अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की और मेले का आनंद भी लिया। इस पावन बेला में गोडारी के प्रसिद्ध बकस बाबा मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कमिटी के सदस्यों कुंदन पासवान, समाजसेवी, राहुल पासवान, विनय पासवान एवं अन्य सदस्यों के नेतृत्व में प्रातःकाल बकस बाबा की विधिवत पूजा-अर्चना कराई गई। पूजा का शुभ कार्य पंडित अशोक कुमार तिवारी एवं चंदन बाबा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष काराकाट विवेक कुमार सपरिवार तथा काराकाट के एस.आई. विकास कुमार सपरिवार मंदिर पहुंचे और श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-शांति की प्रार्थना की। कांवरिया संघ के श्रद्धालुओं ने पहले बुढ़वा महादेव बाबा को जल अर्पित किया और उसके बाद बकस बाबा का जलाभिषेक कर हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान कर दिया। पूजा के दौरान भक्तों में विशेष उत्साह और आस्था देखने को मिली। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमिटी के सक्रिय सदस्य सुनिल कुमार क्रांतिकारी, कुंदन पासवान, अनिल कुमार पासवान, शिक्षक, राहुल पासवान, विनय पासवान, पप्पू पासवान, छोटू, बिल्ला, दीपक गुप्ता, गुड्डू, धर्मेन्द्र पासवान, सुरेन्द्र पासवान सहित सभी नौजवान एवं युवा साथियों ने दिन-रात मेहनत की और व्यवस्था को सुचारू रखा। मेले में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने झूले, दुकानों और सांस्कृतिक गतिविधियों का भरपूर लुत्फ उठाया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार तथा कार्यपालक पदाधिकारी सीमाभ मतीन ने लोगों को शुभकामनाएं दी। कमिटी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रशासन का विशेष आभार व्यक्त किया और कहा कि थानाध्यक्ष काराकाट विवेक कुमार, एस.आई. विकास कुमार एवं प्रशासन के अन्य पदाधिकारियों और कर्मियों के सहयोग से सुरक्षा और व्यवस्था बेहतर रही जिससे श्रद्धालुओं को पूजा और मेले में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई।

# 16 वर्षीया किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर जिला के अधौरा थाना क्षेत्र के बभनिकलां गांव में मुंह में हुए छाले से परेशान 16 वर्षीय किशोरी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना में किशोरी की मौत हो गयी। मृतका की पहचान बभनिकलां गांव निवासी सुरेंद्र सिंह यादव की पुत्री सीता कुमारी के रूप में हुई है। मृतका के भाई शत्रुधन सिंह ने बताया कि सीता के मुंह में छाला हो गया था जिससे वह काफी परेशान रहती थी। रविवार की रात परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। इसी दौरान सीता ने कमरे में फांसी लगा ली। सोमवार सुबह करीब आठ बजे तक जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला और सीता बाहर नहीं आयी तो परिजनों ने दरवाजा खोला। अंदर सीता को फंदे से लटका देख परिवार के लोगों के होश उड़ गये। घटना की सूचना अधौरा थाने की पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारा। हालांकि, तब तक किशोरी की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेज दिया। सोमवार सुबह सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। बताया जाता है कि सीता दो भाइयों के बीच इकलौती बहन थी। किशोरी की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद गांव में भी मातम का माहौल है।


## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं.: 222-एस/1/3/डब्ल्यू-II, दिनांक 14.08.2026,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन-152-26-27, कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/रानाघाट के कार्यक्षेत्र में बहिरगाछि, माझेरग्राम, माझदिया, बगुला, बेथुयाडहरी, बीरनगर, रानाघाट, ताहेरपुर, बादकुल्ला, कृष्णनगर सिटी जंक्शन में मौजूदा फुट ओवरब्रिजों की मरम्मत। **निविदा मूल्य:** रु. 1,37,02,049.57, **बयाना राशि:** रु.2,74,100/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह । **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 11.09.2026 को 15.00 बजे । **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 11.09.2026 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www. ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-179/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे,** हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा। क्रम सं. 1, ई-निविदा सं.:** 199_2026-27, **कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में एईएन/नबद्वीप धाम के अधीन पाटुली में ट्रैक मशीन साइडिंग (ईआई-1 अदद) एवं गुप्तिपाड़ा, जिराट, धात्रिग्राम और नबद्वीप धाम में (पीआई-4 अदद) का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य:** रु. 3,42,82,603.68, **बयाना राशि :** रु.6,85,700/-, **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं.:** 200_2026-27, **कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा के अधीन एईएन/आजिमगंज के अधीन खागड़ाघाट रोड एवं कर्ण सुबर्ण में ट्रैक मशीन साइडिंग (ईआई-2 अदद) का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य:** रु. 1,30,18,871.09, **बयाना राशि :** रु.2,60,400/-**समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 10 (दस) माह (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 07.09.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान- बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान ई-निविदा प्रणाली के मामले में, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-276/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

**1.ई0–निविदा संख्या– EE/RDSD/Palamau-F2-08/2026-27**

**(Two Envelope System)**

| S. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | पलामू जिला के प्रखंड छतरपुर के पंचायत खोढ़ी, ग्राम लोटो में महादेव परहिया के घर से भूमकुड़िया टांड़ तक पथ निर्माण। | 63,41,600 | 126900 | 10000 | 4 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 27.08.2026 (05:00 अपराह्न से)
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक 27.08.2026( अपराह्न 5:00बजे से दिनांक 05.09.2026 कोअपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. तकनीकि बिड खोलने की तिथि एवं समय – 07.09.2026 अपराह्न 5:00 बजे।
6. वित्तीय बिड खोलेन की तिथि – पत्र द्वारा घोषित किया जायेगा।
7. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 387673 (District) 26-27 (D)

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

1.ई0–निविदा संख्या– **EE/RDSD/Palamau/ F2 - 09/ 2026-27**

| S. No. | Group No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 01 | पलामू जिलान्तर्गत प्रखंड चैनपुर के ग्राम चान्दों में आयुष्मान आरोग्य मंदिर चान्दों के लिए सम्पर्क पथ का निर्माण। | 575300.00 | 11600 | 1250 | 03 माह |
| 2 | 02 | पलामू जिलान्तर्गत प्रखंड चैनपुर के ग्राम बसेरिया में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बसेरिया के लिए सम्पर्क पथ का निर्माण। | 1209000.00 | 24200 | 2500 | 03 माह |
| 3. | 03 | पलामू जिलान्तर्गत प्रखंड रामगढ़ में ग्राम रामगढ़ में आयुष्मान आरोग्य मंदिर रामगढ़ के लिए सम्पर्क पथ का निर्माण। | 1479400.00 | 29600 | 2500 | 03 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 27.08.2026 (05:00 PM से)
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 27.08.2026 ( अपराह्न 5:00 PM से दिनांक 05.09.2026 को 5:00PM तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 07.09.2026 अपराह्न 5:00 PM बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 387668 District(26-27).D

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,पलामू

# संगठन की मजबूती पर मंथन, 'निर्मल नालंदा' के संकल्प के साथ स्वच्छता संघ की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ/नगरनौसा।** बिहार प्रदेश स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी संघ नालंदा की बैठक बिहारशरीफ स्थित हिरण्य पर्वत पर जिला अध्यक्ष सह प्रदेश महासचिव पवन कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संघ को मजबूत बनाने के साथ-साथ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत संचालित कार्यों को बेहतर तरीके से पूरा करने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।अध्यक्ष पवन कुमार ने कहा कि सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं कर्मी आपसी सहयोग और समन्वय के साथ अपने-अपने पंचायतों में कार्यों का बेहतर ढंग से निष्पादन करें। किसी भी कर्मी के सामने समस्या आने पर उसका समाधान सामूहिक प्रयास से निकाला जाएगा। उन्होंने संगठन की एकजुटता को ही उसकी सबसे बड़ी ताकत बताया।बैठक में संगठनात्मक विस्तार के तहत संजीत कुमार को जिला उपाध्यक्ष, गणिता कुमारी को जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, सोनी कुमारी को जिला उपाध्यक्ष तथा मोहित कुमार को जिला मीडिया प्रभारी सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया।हरनौत प्रखंड अध्यक्ष रामानंद ने संगठन के वित्तीय कार्यों में पारदर्शिता पर जोर देते हुए कहा कि संघ का आय-व्यय का पूरा हिसाब प्रत्येक बैठक में सदस्यों के समक्ष रखा जाना चाहिए, ताकि संगठन में विश्वास और पारदर्शिता बनी रहे। बैठक में शामिल प्रखंड अध्यक्षों एवं स्वच्छता पर्यवेक्षकों ने अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने तथा नालंदा को स्वच्छ, सुंदर और निर्मल बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। अंत में 'जय स्वच्छता' के नारों के साथ बैठक का समापन किया गया।

# नालंदा के प्राचीन भग्नावशेष देख अभिभूत हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार

## संग्रहालय का किया अवलोकन, अष्टधातु की प्रतिमा व हाथी दांत के खड़ाऊ के बारे में ली जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नालंदा।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार सपरिवार अपने एक दिवसीय दौरे पर सोमवार को नालंदा पहुंचे। नालंदा परिसर पहुंचने पर जिला प्रशासन और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारियों ने उनका औपचारिक और गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने एक घंटे के प्रवास के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ने सबसे पहले पुरातत्व संग्रहालय का गहन अवलोकन किया। वहां रखी प्राचीन अष्टधातु की प्रतिमाओं, हाथी दांत की ऐतिहासिक खड़ाऊ और अन्य दुर्लभ पुरातात्विक अवशेषों को देखकर उन्होंने उनके इतिहास और संरक्षण के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली।संग्रहालय भ्रमण के पश्चात वे विश्व धरोहर प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष परिसर का निरीक्षण करने पहुंचे। प्राचीन स्थापत्य कला और वैभव को देखकर वे भावविभोर हो उठे। परिसर की प्राचीन ईंटों को देखते हुए उन्होंने कहा, ये ईंटें आज भी बिल्कुल जीवंत प्रतीत होती हैं, मानो इन्हें हाल ही में लगाया गया हो।इस दौरान अधीक्षण पुरातत्वविद हरि ओम शरण ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पूरे परिसर का बारीकी से निरीक्षण कराया और इसके ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर जिलाधिकारी उदिता सिंह, अनुमंडलाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता, संरक्षण सहायक विक्रम झा और ऋषिकेश कुमार सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। भग्नावशेष परिसर के भ्रमण के उपरांत मुख्य चुनाव आयुक्त पांच जिलों के बीएलओ के साथ समीक्षा व संवाद कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अंतरराष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर के लिए रवाना हो गए।

## एक नजर

### हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता पर शोध के लिए प्रिया रानी को पीएचडी की उपाधि



**बिहारशरीफ।** हिंदी साहित्य और साहित्यिक पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए प्रिया रानी को मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के हिंदी विभाग द्वारा 10 जुलाई 2026 को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने "हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता और नंद किशोर पाण्डेय" विषय पर शोध कार्य पूरा किया।शोध कार्य कन्हैया लाल साहू महाविद्यालय के हिंदी विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. साधना कुमारी के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। शोध में प्रो. नंद किशोर पाण्डेय के साहित्यिक, आलोचनात्मक एवं पत्रकारिता संबंधी विचारों का व्यापक अध्ययन और विश्लेषण किया गया है। शोध को साहित्यिक पत्रकारिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जो विद्यार्थियों और भावी शोधार्थियों के लिए उपयोगी संदर्भ साबित हो सकता है।इस उपलब्धि पर डॉ. प्रिया रानी ने अपने पति दीपक कुमार के प्रति विशेष आभार जताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन, प्रेरणा और निरंतर सहयोग के बिना यह शोध पूरा करना संभव नहीं था। उन्होंने परिवार, गुरुजनों, मित्रों और शुभचिंतकों के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त की।प्रिया रानी की सफलता से उनके पिता रविंद्र देव शर्मा सहित पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। परिजनों, गुरुजनों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### महाकाली मंदिर पूजा समिति की बैठक

**हिलसा।** दुर्गा पूजा को लेकर महाकाली मंदिर में पूजा समिति की बैठक मुख्य संरक्षक सुरेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूजा उत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंदिर की रंगाई-पुताई के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई।मुख्य संरक्षक ने बताया कि इस बार पूजा के दौरान भक्ति जागरण, गंगा मां की आरती समेत कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है। दशहरा के दौरान मां काली की पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए श्रद्धालुओं के बैठने और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी।मंदिर परिसर के अंदर और बाहर आकर्षक सजावट एवं रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए समिति द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा।

### राजगीर में सरकारी जमीन पर धड़ल्ले से कब्जा

**बिहारशरीफ।** राजगीर अंचल के हसनपुर से नालंदा विश्वविद्यालय और अंतरराष्ट्रीय खेल स्टेडियम की ओर जाने वाली महत्वपूर्ण सड़क के किनारे सरकारी जमीन पर तेजी से बढ़ते अतिक्रमण ने प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। सड़क को फोरलेन में विकसित करने की योजना पर काम शुरू होने के बावजूद दोनों ओर सरकारी भूमि पर दुकान, पक्की दीवार और अन्य निर्माण किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ दबंग और बिचैलिए सरकारी जमीन को निजी बताकर कब्जा कराने और बेचने का खेल कर रहे हैं।ग्रामीणों के अनुसार, अतिक्रमण का सबसे गंभीर असर उन जगहों पर पड़ रहा है, जहां से वर्षों से बरसात के पानी की निकासी होती रही है। जलनिकासी वाले रास्तों पर निर्माण होने से भविष्य में जलजमाव की समस्या गंभीर हो सकती है। इससे सड़क और आसपास के क्षेत्रों के साथ-साथ नालंदा विश्वविद्यालय तथा प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय खेल स्टेडियम तक पहुंचने वाली व्यवस्था भी प्रभावित होने की आशंका है।स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों में सरकारी जमीन पर कब्जे की रफ्तार बढ़ी है। कहीं दुकानें बनाई जा रही हैं तो कहीं जमीन घेरकर पक्की दीवार खड़ी की जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुछ लोग सरकारी भूमि को निजी बताकर लाखों रुपये में बेचने की कोशिश कर रहे हैं।

# नदी किनारे मिले शव की पहचान पर उलझी पुलिस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** चंडी थाना क्षेत्र में मुहाने नदी के किनारे रविवार की शाम को मिले शव की पहचान को लेकर पुलिस असमंजस में है। प्रारंभिक तौर पर शव की पहचान चंडी डीह निवासी उमेश चौधरी के 21 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई थी। परिजनों ने भी पहचान की, लेकिन करीब डेढ़ घंटे बाद कुछ स्वजनों ने इससे इनकार कर दिया। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने बताया कि वास्तविक पहचान के लिए डीएनए मिलान कराया जाएगा। रोहित 13 अगस्त से लापता था। वह फेरी लगाकर कबाड़ लोहा, टिन व कागज खरीद-बिक्री करता था। रविवार की शाम नदी किनारे शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने परिजनों को बुलाकर पहचान कराई थी। शव पर कटे और गर्दन पर चोट के निशान होने की बात सामने आई है, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस ने अभी हत्या की पुष्टि नहीं की है। पुलिस ने संदेह के आधार पर दो युवकों से पूछताछ की है और घटनास्थल को एफएसएल जांच के लिए सुरक्षित किया है। सोमवार सुबह रोहित की हत्या की आशंका जताते हुए स्वजनों व मोहल्लेवासियों ने चंडी बाजार में करीब आधे घंटे तक सड़क जाम किया। पुलिस के निष्पक्ष जांच और कार्रवाई के आश्वासन के बाद जाम समाप्त हुआ।

# उजाला प्रोजेक्ट के तहत 56 लोगों की हुई नेत्र जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** रोटरी क्लब ऑफ तथागत, बिहारशरीफ की ओर से 'उजाला प्रोजेक्ट' के अंतर्गत बाजार समिति परिसर में निरूशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य वाहन चालकों की आंखों की जांच कर उनकी दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान करना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना था। शिविर में कुल 56 लोगों की नेत्र जांच की गई, जिसमें करीब 40 वाहन चालक शामिल रहे। जांच के दौरान दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान कर मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उजाला प्रोजेक्ट के प्रोजेक्ट चेयर रोटेरियन परमेश्वर महतो, ईआर अरविंद कुमार, सचिव रोटेरियन डॉ. नीरज कुमार, डॉ. इंद्रजीत कुमार, रोटेरियन रामाकांत कुमार तथा नालंदा नेत्रालय, खंडकपर के संचालक रोटेरियन डॉ. अरविंद कुमार सिन्हा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। डॉ. अरविंद कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहकर शिविर को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।आयोजकों ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग करने वाले नालंदा नेत्रालय के सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। रोटरी क्लब ऑफ तथागत के अध्यक्ष महेश लोहानी ने बताया कि 'उजाला प्रोजेक्ट' के तहत पूरे वर्ष विभिन्न स्थानों पर ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों की दृष्टि बेहतर रहने से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को कम करने में मदद मिलेगी। सचिव रोटेरियन डॉ. नीरज कुमार ने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से जुड़े जनकल्याणकारी कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

# बीएलओ लोकतंत्र की आधारशिलाः मुख्य चुनाव आयुक्त

## एसआईआर में बेहतर कार्य के लिए सीईसी ने बढ़ाया हौसला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने नालंदा विश्वविद्यालय के सभा भवन में बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) के साथ संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बीएलओ लोकतंत्र की आधारशिला हैं। मतदाता सूची के सत्यापन, राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट एवं पोलिंग एजेंट की भूमिका, चुनावी प्रक्रिया तथा काउंटिंग के दौरान होने वाले ऑडिट को लेकर भी बीएलओ से चर्चा की गई।मुख्य चुनाव आयुक्त ने बिहार में एसआईआर के दौरान बीएलओ द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल बिहार, बल्कि पूरे देश और दुनिया को एक राह दिखाने का काम किया है। उन्होंने सभी बीएलओ को बेहतर कार्य के लिए धन्यवाद दिया और उनका हौसला बढ़ाया।ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बिहार में महज एक महीने के भीतर एसआईआर पूरा किया जाना बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भी निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी लोग आगे बढ़कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है और सभी को लोकतंत्र के सच्चे सिपाही के रूप में काम करना चाहिए।संवाद में शामिल बीएलओ ने बताया कि बैठक में एसआईआर की उपलब्धियों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि बिहार ने एक महीने में एसआईआर पूरा कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस प्रक्रिया से मतदाता सूची और चुनाव व्यवस्था को मजबूती मिली है। बीएलओ ने कहा कि बिहार ने पूरे देश को निष्पक्ष एवं बेहतर चुनाव कराने की दिशा में एक राह दिखाई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे आगे भी लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सच्चे सिपाही के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाते रहेंगे।

## नवादा

# जनसुनवाई में 30 परिवाद दर्ज, मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित किए जाने की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में जनसुनवाई का आयोजन जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शम्भू शरण पाण्डेय की अध्यक्षता में किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों द्वारा कुल 30 शिकायतें दर्ज कराई गई। जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा परिवादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान उपलब्ध कराना तथा सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ उन्हें सुगमता एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में अनुमंडल कार्यालय, नवादा में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें आमजनों द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को अनुमण्डल पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# उच्च माध्यमिक विद्यालय भदोखरा में मना 80वां स्वतंत्रता दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** उच्च माध्यमिक विद्यालय भदोखरा में 80वां स्वतंत्रता दिवस शनिवार को हर्षोल्लास, गरिमा एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक धीरज कुमार प्रभाकर एवं संजय कुमार भारती द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण कर किया गया। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अतिथियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता तथा संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। मंच संचालन करते हुए कुमार गौरव ने स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को याद करते हुए विद्यार्थियों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने, अनुशासन, नैतिक मूल्यों तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। उद्घोषक विपिन बिहारी ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत के निर्माण में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समाज की समान भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता तथा संविधान के मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति समूहगान, स्वागत गीत, भाषण, कविता पाठ, देशभक्ति नृत्य सहित विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अंत में प्रधानाध्यापक ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# उर्दू विद्यालयों में बृहस्पतिवार को हाफ डे हेतु शिक्षक संघ ने डीइओ को सौंपा ज्ञापन

**नवादा।** प्राथमिक शिक्षा निदेशक, बिहार के ज्ञापांक 1409 (दिनांक 06.08.2026) के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी ने नवादा के सभी हिंदी व उर्दू भाषी विद्यालयों में शनिवार को पूर्वाह्न 09:30 से अपराह्न 01:00 बजे तक 'हाफ डे' संचालन का आदेश जारी किया है। इस व्यवस्था पर जिलाध्यक्ष दिनेश नाथ पासवान ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व व्यवस्था के अनुसार हिंदी भाषी विद्यालयों में रविवार के साप्ताहिक अवकाश से एक दिन पूर्व शनिवार को हाफ डे रहता था। इसी तर्ज पर उर्दू भाषी विद्यालयों में शुक्रवार के साप्ताहिक अवकाश से ठीक पहले बृहस्पतिवार को हाफ डे की व्यवस्था लागू थी। श्री पासवान ने प्रशासन से आग्रह किया है कि उर्दू विद्यालयों की इस पारंपरिक व्यवस्था को बनाए रखा जाए। उन्होंने उर्दू भाषी विद्यालयों में पूर्व की भांति बृहस्पतिवार को ही पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक हाफ डे विद्यालय संचालन का नया आदेश जारी करने की मांग की है।

# मां ने दो बेटियों की हत्या के बाद फंदे से झूलकर दी जान



**नवादा।** नवादा नगर के बुंदेलखंड थाना क्षेत्र स्थित पंजियार दर्जी मोहल्ला में सोमवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। एक घर के कमरे में 32 वर्षीय महिला और उसकी दो मासूम बेटियों के शव बरामद किए गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। घटनास्थल से करीब तीन लाख रुपये भी बरामद किए जाने की बात सामने आई है।मृतकों की पहचान दर्जी मोहल्ला निवासी मोहम्मद शाहिद की पत्नी निदा खातून, चार वर्षीय बेटी सारिया और करीब डेढ़ वर्षीय बेटी सिदरा के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, महिला ने कथित तौर पर अपनी दोनों बेटियों की हत्या करने के बाद खुद फंदे से लटककर जान दे दी। हालांकि, घटना के वास्तविक कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। घटना का खुलासा उस समय हुआ, जब महिला के ससुर मोहम्मद ताहिर रोज की तरह सुबह परिवार के सदस्यों को जगाने के लिए पहुंचे। काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर उन्होंने वेंटिलेटर से अंदर झांककर देखा। कमरे के अंदर दोनों बच्चियां मृत अवस्था में पड़ी थीं, जबकि निदा खातून फंदे से लटकी हुई मिली। इसके बाद उन्होंने शोर मचाया। मोहल्ले के लोगों की मदद से कमरे का दरवाजा खोला गया और पुलिस को सूचना दी गई। मोहम्मद ताहिर ने बताया कि कोरोना काल के बाद 26 सितंबर 2021 को शाहिद और निदा की शादी हुई थी। दोनों की दो बेटियां थीं। मृतका का पति सऊदी अरब में इलेक्ट्रीशियन का काम करता है। सूचना मिलते ही बुंदेलखंड थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस को कमरे से फिलहाल कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रभारी सदर एसडीपीओ-1 ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच की। उन्होंने कहा कि परिजनों की ओर से दिए जाने वाले लिखित आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के कारणों और कमरे से बरामद तीन लाख रुपये के संबंध में भी पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# स्वतंत्रता दिवस पर विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कौआकोल।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में बापू इंटर विद्यालय पांडेयगंगौट में प्राचार्य अजय कुमार तथा इंटर विद्यालय कौआकोल में प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा की देखरेख में सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण, नृत्य, संगीत एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों और देश के प्रति अपने सम्मान एवं समर्पण को प्रदर्शित किया। बच्चों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने उपस्थित शिक्षकों,अभिभावकों एवं अन्य लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं एवं गतिविधियां भी आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वतंत्रता दिवस के महत्व, देश की आजादी के लिए स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष तथा राष्ट्र के प्रति नागरिकों के कर्तव्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में सफल रहे प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# एनएच-20 पर ट्रक ने बाइक सवार को कुचला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली(औरंगाबाद)।** रजौली थाना क्षेत्र के एनएच-20 पर सोमवार की दोपहर एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को ठोकर मार दी जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने शव को सड़क पर रखकर जाम कर दिया, जिससे करीब तीन घंटे तक एनएच-20 पर आवागमन ठप रहा। जानकारी के अनुसार घटना गोपालपुर विद्यालय के समीप दोपहर में हुई। गढ़ दीबौर गांव निवासी शम्भू भुइयां के 20 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार कालीमंडा में मजदूरी कर बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान नवादा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मारकर कुचल दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अनिल की मौके पर ही मौत हो गई और शव ट्रक के नीचे फंस गया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। मृतक की बहन ऊषा कुमारी ने बताया कि भाई से काम करके वापस आ रहा था। इसी दौरान यह हादसा हो गया। सूचना पर एसआई कन्हैया लाल, एसआई सचिन कुमार और एएसआई जयप्रकाश चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं बीडीओ संजीव झा और प्रमुख प्रतिनिधि बब्लू यादव भी घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने में जुटे। काफी मशक्कत के बाद लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया गया और लगभग 3 घंटे बाद यातायात बहाल किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। दुर्घटनाग्रस्त बाइक को ग्रामीणों ने सड़क किनारे रख दिया था।
बीडीओ संजीव झा ने घटना को हृदयविदारक बताते हुए पीड़ित परिजनों को तुरंत 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया। वहीं प्रमुख प्रतिनिधि बब्लू यादव ने परिजनों को सांत्वना देते हुए सरकार से मिलने वाले मुआवजे में मदद दिलाने की बात कही।

# रक्तदान कर एनसीसी कैडेटों ने युवाओं को दिया सकारात्मक संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** रामलखन सिंह यादव कॉलेज, बिहारशरीफ में सोमवार को महाविद्यालय प्रशासन एवं सदर अस्पताल बिहारशरीफ के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के सचिव डॉ. अनिल कुमार एवं प्राचार्य प्रो. अवधेश कुमार ने किया।महाविद्यालय के एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट गोपाल कुमार ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। रक्त की एक बूंद किसी जरूरतमंद मरीज की जान बचा सकती है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की।प्रो. वीरेंद्र कुमार एवं प्रो. शंभू कुमार के प्रेरित करने पर महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, एनसीसी कैडेट्स तथा छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस दौरान रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें प्रमाण पत्र एवं जलपान देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रोत्साहन राशि देकर उनका उत्साह बढ़ाया गया। प्राचार्य प्रो. अवधेश कुमार ने सदर अस्पताल की ब्लड डोनेशन टीम एवं पूरी मेडिकल टीम के प्रति आभार जताया। नालंदा के यूथ आइकन रितेश कुमार ने सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में प्रो. दिनेश महतो, प्रो. संगीता सिन्हा, प्रो. प्रतिमा रॉय, प्रो. प्रियंका कुमारी, प्रो. डॉ. दिनेश चंद्रा सहित कई शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। शिविर के माध्यम से एनसीसी कैडेट्स ने युवाओं को समाजसेवा और रक्तदान के प्रति सकारात्मक संदेश दिया।

# खेत में करंट लगने से 63 वर्षीय किसान की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के चितरकोली गांव में सोमवार की अहले सुबह धान की खेत में पटवन करने गए एक वृद्ध किसान की करंट लगने से मौत हो गई। इस हादसे के बाद गांव में शोक की लहर है। मृतक की पहचान चितरकोली निवासी दुखन महतो के 63 वर्षीय पुत्र ब्रह्मदेव यादव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार ब्रह्मदेव यादव सुबह धान की खेती में पटवन के लिए खेत में लगे मोटर को चालू करने गए थे। इसी दौरान करंट की चपेट में आने से उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। शव मोटर के पास ही पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने थाने में पदस्थापित एएसआई जयप्रकाश चौधरी और एएसआई वीरेंद्र ओझा को पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर भेजा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। इस संबंध में अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि बिजली करंट से हुई मौत की सूचना प्राप्त हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रकार की दुर्घटना में मुआवजा बिजली विभाग द्वारा ही पीड़ित परिजनों को दिया जाएगा। ब्रह्मदेव यादव की मौत से परिवार में मातम पसर गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# दशरथ मांझी का जीवन संकल्प, संघर्ष और जनसेवा की प्रेरणादायी गाथा : डॉ. प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गयाजी के गहलौर में आयोजित दशरथ मांझी महोत्सव में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 'माउंटेन मैन' बाबा दशरथ मांझी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन अदम्य साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति, संघर्ष और जनसेवा का अनुपम उदाहरण है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि दशरथ मांझी जी ने सीमित संसाधनों के बावजूद अपने संकल्प और अथक परिश्रम से पहाड़ को काटकर रास्ता बनाया। उन्होंने सिद्ध कर दिया कि यदि व्यक्ति का संकल्प मजबूत हो और लक्ष्य जनकल्याण का हो तो बड़ी से बड़ी बाधा को भी पार किया जा सकता है। दशरथ मांझी जी की कहानी केवल पहाड़ काटने की कहानी नहीं, बल्कि संकल्प, संघर्ष, श्रम और सामाजिक परिवर्तन की प्रेरणादायी गाथा है। उन्होंने कहा कि दशरथ मांझी के पास न आधुनिक मशीनें थीं और न ही पर्याप्त आर्थिक संसाधन, लेकिन उनके पास मजबूत इच्छाशक्ति और समाज के लिए कुछ करने का जुनून था। वर्षों तक लगातार मेहनत कर उन्होंने ऐसा रास्ता बनाया जिसने गहलौर एवं आसपास के ग्रामीणों के आवागमन को आसान बनाया। बिहार विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि दशरथ मांझी ने यह संदेश दिया कि समाज में परिवर्तन लाने के लिए बड़े पद या बड़े संसाधनों की आवश्यकता नहीं होती, बल्कि बड़ा हृदय, मजबूत इच्छाशक्ति और निरंतर परिश्रम आवश्यक है। उनका जीवन कर्मयोग की जीवंत मिसाल है। उन्होंने कहा कि आज जब हम विकास की बात करते हैं तो सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने की बात करते हैं। दशरथ मांझी जी का जीवन हमें यह सिखाता है कि विकास का वास्तविक उद्देश्य आम आदमी के जीवन को सरल और सुगम बनाना है। डॉ. प्रेम कुमार ने युवाओं का आहवान करते हुए कहा कि आज के युवा दशरथ मांझी के जीवन से प्रेरणा लें। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है। लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन, मेहनत और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ने से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। युवाओं को अपनी प्रतिभा और कौशल का उपयोग व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ समाज और बिहार के विकास में भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दशरथ मांझी जी का जीवन गरीब, वंचित और ग्रामीण समाज के लिए विशेष प्रेरणा है। उन्होंने साबित किया कि गरीबी किसी व्यक्ति की क्षमता को निर्धारित नहीं करती। साधन सीमित हो सकते हैं, लेकिन संकल्प और प्रतिभा की कोई सीमा नहीं होती। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार के प्रत्येक गांव तक बेहतर सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, स्वच्छ पेयजल और रोजगार के अवसर पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। विकास का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, यही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दशरथ मांझी जी केवल गया और बिहार के गौरव नहीं, बल्कि पूरे देश के प्रेरणास्रोत हैं।

उनका जीवन यह संदेश देता है कि इतिहास केवल बड़े पदों पर बैठे लोगों से नहीं बनता, बल्कि साधारण लोग भी अपने असाधारण कर्मों से समाज में स्थायी परिवर्तन ला सकते हैं। बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आज हमें दशरथ मांझी जी के जीवन से तीन महत्वपूर्ण मंत्र ग्रहण करने की आवश्यकता है संकल्प मजबूत रखें, परिश्रम को अपना साथी बनाएं और अपने जीवन को समाज की सेवा से जोड़ें। उन्होंने कहा दशरथ मांझी ने पहाड़ में रास्ता बनाया था।

## एक साथ चार घरों में चोरी, लाखों के जेवर और नकदी ले गए चोर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना क्षेत्र के चिताप कला पंचायत अंतर्गत बहेलिया बीघा गांव में चोरों ने एक ही रात चार घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया है। बताया जाता है कि चोरी की घटना के समय सभी परिवार के सदस्य अपने-अपने घरों में सो रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार चोर घर के पीछे से अंदर प्रवेश किए और छत के रास्ते सीढ़ी से नीचे उतरकर कमरों में रखे सामान और आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब परिवार के लोग जगे तो घर का सामान बिखरा पड़ा मिला जिसके बाद चोरी की जानकारी हुई। सुनीता देवी, पति महेंद्र यादव के घर से 10 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के करीब आठ थान जेवरात चोरी होने की बात सामने आई है। परिजनों ने बताया कि गाय बेचने के बाद मिले 10 हजार रुपये घर में रखे थे। वहीं, रजिया देवी, पति हूलास यादव के घर से उनकी पतोहू के करीब डेढ़ लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के छह थान जेवरात चोरी हो गए। इनमें हसुली, बाजूबंद, कड़ा, चेन और पायल समेत अन्य आभूषण शामिल हैं। इसी तरह मुनिया देवी, पति मिसर उर्फ मकई यादव के घर से सोने-चांदी के दो थान जेवरात चोरी होने की जानकारी मिली है।

## गया-बोधगया में विकास कार्यों का पर्यटन अधिकारियों ने लिया जायजा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह, पर्यटन निदेशक उदयन मिश्रा, गया के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर और संयुक्त सचिव पर्यटन प्रदीप कुमार सिंह सहित जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के वरीय अधिकारियों ने सोमवार को गया और बोधगया का दौरा कर विभिन्न चल रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण एवं समीक्षा की। अधिकारियों ने आगामी पितृपक्ष मेले की तैयारियों का भी जायजा लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा, स्वच्छता, सुरक्षा, यातायात, मूलभूत सुविधाओं तथा बेहतर व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि पितृपक्ष मेला पूरी भव्यता, सुव्यवस्था और धार्मिक श्रद्धा के अनुरूप आयोजित किया जाए। देश-विदेश से गया आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और बेहतर आध्यात्मिक अनुभव उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी करने पर जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान विकास कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि पितृपक्ष मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

## एमएस मेमोरियल अकादमी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरिया।** इमामगंज प्रखंड के गांधी मैदान स्थित एमएस मेमोरियल अकादमी स्कूल में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। पूरा परिसर तिरंगे के रंग में रंगा रहा और भारत माता की जय व वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक एमडी के.के. खान द्वारा ध्वजारोहण से हुई। इसके बाद उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता दिवस के महत्व और शहीदों के बलिदान को याद किया।

## अत्यंत भारी बारिश की चेतावनी, गया प्रशासन सतर्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मौसम विभाग, रांची की ओर से जारी चेतावनी के अनुसार 18 अगस्त की सुबह 8:30 बजे से 19 अगस्त की सुबह 8:30 बजे तक झारखंड के कई जिलों में भारी से अत्यंत भारी वर्षा की संभावना को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसे देखते हुए गया जिला प्रशासन ने भी विशेष सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। लगातार और अत्यधिक बारिश की स्थिति में शेरघाटी अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों में स्थानीय स्तर पर जलजमाव और बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका है। झारखंड के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी वर्षा होने पर फल्गु नदी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो सकती है। इससे बोधगया के बतसपुर तथा गया नगर क्षेत्र में फल्गु नदी के आसपास के निचले और संवेदनशील इलाकों में जलस्तर बढ़ने की संभावना को देखते हुए विशेष निगरानी रखी जा रही है। जिला पदाधिकारी, गया ने सभी संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों और अन्य संबंधित पदाधिकारियों को पूरी तरह सतर्क रहने तथा अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार स्थिति की निगरानी करने का निर्देश दिया है। संभावित जलजमाव और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को चिन्हित रखते हुए आवश्यक संसाधनों तथा राहत-बचाव की व्यवस्था तैयार रखने को कहा गया है। पदाधिकारियों को नदी, नाले और जलजमाव वाले क्षेत्रों पर लगातार नजर रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जिला पदाधिकारी ने आम नागरिकों से नदी और अन्य जलस्रोतों के किनारे अनावश्यक रूप से नहीं जाने तथा जलजमाव वाले क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने मौसम विभाग और जिला प्रशासन की ओर से जारी चेतावनियों का पालन करने को कहा। जिला प्रशासन संभावित वर्षा और बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार और सतर्क है।

## मगध विश्वविद्यालय और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बीच अहम समझौता, डिजिटल भुगतान और सुविधाओं का होगा विस्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बीच डिजिटल भुगतान और छात्र कल्याण को लेकर एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समर्थ पोर्टल के माध्यम से चल रही मौजूदा प्रवेश प्रक्रिया में सेंट्रल बैंक के सहयोग से डिजिटल लेनदेन बेहद सुचारू और निर्बाध रहा है। इसी सफलता को देखते हुए दोनों संस्थानों ने इस डिजिटल साझेदारी को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस सहयोग के माध्यम से विश्वविद्यालय में सुरक्षित डिजिटल भुगतान प्रणाली, पारदर्शी शुल्क संग्रह और सभी हितधारकों को सुविधाजनक वित्तीय सेवाएं प्रदान की जाएंगी। डिजिटल साझेदारी के साथ ही बैंक ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत भी सकारात्मक पहल की है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक और गया के शाखा प्रबंधक ने विश्वविद्यालय का दौरा कर कुलपति से विशेष मुलाकात की। इस दौरान बैंक द्वारा प्रशासनिक भवन की तीन अलग-अलग मंजिलों पर तीन नए वाटर कूलर स्थापित किए गए जिनमें से एक का औपचारिक उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के अवसर पर कुलपति प्रोफेसर दिलीप कुमार केसरी, कुल सचिव प्रोफेसर विनोद कुमार मंगलम, कुलानुशासक प्रोफेसर के. डी. प्रसाद वर्मा और वित्त पदाधिकारी इंद्र कुमार सिंह सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। इस अवसर पर कुलपति एवं कुलसचिव ने बैंक अधिकारियों की इस पहल की सराहना की और उनसे विश्वविद्यालय परिसर में अपनी सामाजिक जिम्मेदारी की गतिविधियों को और अधिक विस्तार देने का आग्रह किया।

## 65 लाख निवेश के दावे पर 2.82 करोड़ का विवाद, महिला डायरेक्टर ने पार्टनर पर दर्ज कराई प्राथमिकी

### गलत आरोप लगाकर बदनाम करने की साजिश, प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** रामपुर थाना क्षेत्र में बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कंपनी की पार्टनरशिप को लेकर 65 लाख रुपये निवेश और 2.82 करोड़ रुपये के भुगतान के दावे का विवाद सामने आया है। कंपनी की महिला डायरेक्टर नगमा ने अपने बिजनेस पार्टनर और मौर्या हाइट्स के डायरेक्टर इकबाल हुसैन पर रकम लौटाने से मुकरने, कंपनी में हिस्सेदारी से इनकार और धमकी देने का आरोप लगाते हुए 11 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगमा के अनुसार वर्ष 2014 में दोनों की पार्टनरशिप शुरू हुई थी और कंपनी में उनकी 33.33 प्रतिशत हिस्सेदारी है। उनका दावा है कि उन्होंने रिश्तेदारों और परिवार के सदस्यों से रकम जुटाकर करीब 65 लाख रुपये कारोबार में लगाए थे। उन्होंने 2020 के एग्रीमेंट, एमओयू, कंपनी दस्तावेज, वाट्सऐप चैट और वॉइस मैसेज को साक्ष्य बताया है। आरोप है कि 2022 के वॉइस मैसेज में 2.82 करोड़ रुपये के भुगतान की बात कही गई थी। वहीं, इकबाल हुसैन ने सभी आरोपों को झूठा और बेबुनियाद बताया है। उनका कहना है कि महिला ने कंपनी में कोई बड़ी रकम नहीं लगाई, बल्कि उन्होंने और उनके परिवार ने उनसे कई बार कर्ज लिया है। उन्होंने हस्ताक्षरित दस्तावेज और गवाह होने का दावा करते हुए फॉरेंसिक जांच की मांग की है। 10 अगस्त की घटना के आरोपों को भी उन्होंने नकारते हुए कार्यालय की सी सी टी वी फुटेज सुरक्षित होने की बात कही है। आगे कहा कि यह कंपनी के डायरेक्टर से पहले ही हट चुकी है।

## बेटे को हत्याकांड में साजिश के तहत फंसाने का आरोप, एसएसपी से निष्पक्ष जांच की गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** थाना क्षेत्र के बढ़िखाप गांव के बधार स्थित कुएं से 16 जुलाई को महिला का शव बरामद होने के मामले में एक नया विवाद सामने आया है। बढ़िखाप निवासी मीना देवी, पति गणेश यादव ने अपने पुत्र जितेंद्र कुमार को हत्या के मामले में गलत तरीके से फंसाए जाने का आरोप लगाते हुए गया एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। उन्होंने एसएसपी को दिए आवेदन में मीना देवी ने बताया कि महिला का शव बरामद होने के बाद इमामगंज पुलिस ने मामले में गांव के कुछ लोगों को गिरफ्तार किया था। उनका आरोप है कि गिरफ्तार किए गए लोगों से पूछताछ के दौरान उनके पुत्र जितेंद्र कुमार का नाम सामने आने के बाद उसे भी हत्या के मामले में आरोपित बना दिया गया। आवेदन के अनुसार प्राथमिकी में जितेंद्र का नाम चौथे आरोपित के रूप में दर्ज है। मीना देवी का कहना है कि उनका पुत्र ग्रामीण स्तर पर लोगों का सामान्य इलाज करता है। सर्दी, खांसी, बुखार और अन्य छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए ग्रामीण उसे फोन कर अपने घर बुलाते रहते हैं। इसी वजह से गांव के कई लोगों से उसके मोबाइल पर बातचीत होती रहती है। परिवार का दावा है कि किसी व्यक्ति से फोन पर बातचीत होने मात्र को हत्या की घटना से जोड़ना उचित नहीं है। परिजनों ने पुलिस से जितेंद्र कुमार के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल रिकॉर्ड की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि कॉल डिटेल और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की निष्पक्ष जांच से यह स्पष्ट हो सकता है कि घटना के समय जितेंद्र की भूमिका क्या थी और वह घटनास्थल के आसपास मौजूद था या नहीं।

## तिरंगा सम्मान यात्रा एवं झांकी का किया गया आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** मिर्जा गालिब कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा तिरंगा सम्मान यात्रा एवं झांकी 2026 का सफल आयोजन किया गया। इसमें एनएसएस के वॉलिंटियर्स ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया। यह यात्रा मिर्जा गालिब कॉलेज से रवाना हुई। यहां से राय काशीनाथ मोड़ पहुंचने के बाद वहां से वापस होकर गांधी मैदान में इसका समापन हुआ। इस तिरंगा सम्मान यात्रा एवं झांकी का उद्घाटन प्रो. दिलीप कुमार केसरी कुलपति मगध विश्विवद्यालय बोधगया, विकास वैभव आईपीएस पुलिस महानिरीक्षक मगध प्रमंडल गया जी, डॉ. बी. के. मंगलम कुलसचिव मगध विश्वविद्यालय बोधगया ने किया। इस अवसर पर मिर्जा गालिब कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन ने मगध विश्वविद्यालय बोधगया तथा इसके सभी अंगीभूत महाविद्यालयों को इस आयोजन में सहयोग देने और इसे सफल बनाने के लिए आभार प्रकट किया। ज्ञात हो कि भारत सरकार द्वारा 9 से 17 अगस्त 2026 तक हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जा रहा था। इस तिरंगा सम्मान यात्रा एवं झांकी 2026 का आयोजन मगध विश्वविद्यालय बोधगया एवं सभी अंगीभूत महाविद्यालयों के साथ समन्वय स्थापित करके संपन्न करवाने की जिम्मेदारी मिर्जा गालिब कॉलेज को दी गई थी। इसमें भारत माता के रूप में इशा कुमारी सुशोभित हो रही थीं। इस अवसर पर एनएसएस इकाई मगध विश्वविद्यालय बोधगया के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ पिंटू कुमार, मिर्जा गालिब कॉलेज गया के चेयरमैन काउंसिल अशफाक अली, सचिव शकील अहमद खान, प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन, एजुकेशनिस्ट मेंबर एस. एम. ओबेदुल्लाह, शासी निकाय के सदस्य मो. हसीबुर रहमान, शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. मो. शहाबुद्दीन, डॉ. सैयद रागिब अहसन उपस्थित थे।

## माउंटेन मैन दशरथ मांझी की पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से.) के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री डॉ. अनिल कुमार के नेतृत्व में आज माउंटेन मैन दशरथ मांझी की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया और उनके मूर्ति पर पुष्पांजलिकर श्रद्धांजलि दी गई। डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि दशरथ मांझी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प, मेहनत और संघर्ष की जीवंत मिसाल थे। उन्होंने अपने अदम्य साहस और कठिन परिश्रम से पहाड़ को काटकर रास्ता बनाया और यह साबित किया कि मजबूत इच्छाशक्ति के सामने बड़ी से बड़ी बाधा भी टिक नहीं सकती।

## मारपीट के दो मामलों में दो आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच थाना पुलिस ने मारपीट के दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने बताया कि पुलिस ने गुरुआ गांव निवासी अवधेश पासवान और निघई गांव निवासी साधु यादव उर्फ संजित यादव को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ मारपीट से संबंधित मामले पहले से दर्ज थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने दोनों की तलाश शुरू की और अलग-अलग स्थानों से उन्हें पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद दोनों से पूछताछ की गई। इसके बाद अग्रिम कानूनी कार्रवाई करते हुए सोमवार को उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया। थानाध्यक्ष आलोक रंजन ने कहा कि थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रहीहै। कानून को हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया से निकली 'हर घर तिरंगा सम्मान यात्रा'



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** आज मगध विश्विवद्यालय के निर्देशानुसार गया के विभिन्न महाविद्यालयों के संयुक्त सहयोग से सोमवार को 'हर घर तिरंगा सम्मान यात्रा एवं झांकी' का आयोजन किया गया। यात्रा का शुभारंभ मिर्जा गालिब कॉलेज, गया से हुआ जो काशीनाथ मोड़ होते हुए गांधी मैदान तक पहुंची। यात्रा में मिर्जा गालिब कॉलेज, गया कॉलेज, जगजीवन कॉलेज, गौतम बुद्ध महिला कॉलेज एवं अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, छात्र-छात्राएं तथा एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा लेकर विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने देशभक्ति के नारों के साथ राष्ट्रीय एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। यात्रा के दौरान विभिन्न महाविद्यालयों की ओर से आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। मिर्जा गालिब कॉलेज से काशीनाथ मोड़ होते हुए गांधी मैदान तक निकली इस यात्रा में लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। पूरे मार्ग में देशभक्ति का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नागरिकों में तिरंगे के प्रति सम्मान, राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को और मजबूत करना था। महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सामूहिक भागीदारी ने कार्यक्रम को विशेष रूप से प्रभावशाली बनाया। गांधी मैदान पहुंचने के बाद यात्रा का समापन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने तथा तिरंगे की गरिमा का सम्मान करने का संकल्प लिया।

## स्कूल में कथित अनियमितताओं पर जवाब-तलब, बच्चों ने किया प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरिया।** मध्य विद्यालय चहरा-पहरा में कथित वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं को लेकर सोमवार को माहौल गरमा गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ नारे लगाए। ग्रामीणों की ओर से दिए गए संयुक्त हस्ताक्षरित आवेदन के बाद बीडीओ पंकज कुमार ने विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका से 24 घंटे के भीतर साक्ष्य सहित लिखित स्पष्टीकरण मांगा है।

बीडीओ ने बताया कि ग्रामीणों एवं छात्र-छात्राओं की ओर से दिए गए आवेदन में मध्याहन भोजन में अनियमितता, नियमित भोजन नहीं बनने, निर्धारित मेनू का पालन नहीं करने और कम उपस्थिति के बावजूद कथित फर्जी हाजिरी बनाकर चावल एवं सरकारी राशि के गबन का आरोप लगाया गया है। इसके अलावा टीसी एवं प्रमाण-पत्र जारी करने के नाम पर प्रति छात्र 500 रुपये की कथित अवैध वसूली तथा राशि नहीं देने पर प्रमाण-पत्र रोकने की शिकायत भी की गई है। आवेदन में विद्यालय विकास मद की राशि के उपयोग में अनियमितता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्ग के गरीब बच्चों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार तथा ग्रामीणों और अभिभावकों को मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने विद्यालय शिक्षा समिति की बैठक नियमित रूप से नहीं बुलाने और मनमाने तरीके से विद्यालय संचालन की शिकायत भी की है। बीडीओ पंकज कुमार ने कहा कि शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापिका से 24 घंटे के भीतर लिखित जवाब मांगा गया है।

## तेल पेराई मशीन में युवक का फंसा हाथ कट कर अलग

**नवबिहार टाइम्सस संवाददाता**

**डुमरिया।** प्रखंड के मांडर बाजार में रविवार शाम तेल लेने पहुंचे एक युवक के साथ दर्दनाक हादसा हो गया। मशीन में हाथ का कड़ा फंसने से 35 वर्षीय किशोर प्रसाद का हाथ मशीन में कटकर अलग हो गया। हादसे के बाद गंभीर स्थिति में घायल युवक को मगध मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार देवचंडी गांव निवासी किशोर प्रसाद रविवार शाम करीब पांच बजे मांडर बाजार स्थित मील में तेल लेने पहुंचे थे। इसी दौरान मशीन के पास काम करने के क्रम में उनके हाथ में पहना कड़ा मशीन में फंस गया।

## रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज में स्वतंत्रता दिवस रंगारंग कार्यक्रमों के साथ आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज में 80वां स्वतंत्रता दिवस रंगारंग कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया गया। सर्वप्रथम प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण किया और अपने संबोधन में राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन का बखान करते हुए कहा कि महापुरुषों के बलिदान कुर्बानी के उपरांत यह राष्ट्र स्वतंत्र हुआ।


## कार्यालय–झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा
## आवश्यक सूचना

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक– 3092 दिनांक– 06.08.2026 के आलोक में 14+ से 18 आयु वर्ग के बच्चे जो विद्यालय छोड़ चुके हैं, को चिन्हित करते हुए NIOS के माध्यम से उनकी पढ़ाई जारी रखते हुए उन्हे मुख्य धारा से जोड़ा जाना है। उक्त आयु वर्ग के बच्चे अथवा मैट्रिक तथा इंटर में असफल बच्चे जो NIOS के माध्यम से पढ़ाई करना चाहते हैं, वैसे इच्छुक बच्चे/अभिभावक दिनांक– 25.08.2026 तक झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, गढ़वा विकास भवन बी0 पुराना समाहरणालय परिसर प्रथम तल में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी निरज गिरी, फिल्ड मैनेजर, झा0शि0प0, गढ़वा से प्राप्त किया जा सकता है। इससे संबंधित आवेदन प्रपत्र जिले के आधिकारिक वेबसाईट– www.garhwa.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा।

PR 387714 Health Med Edu and Family Welfare(26-27)D

संपादकीय

## क्या महज औपचारिकता बन गया है सदन?

जिस तरह जनहित से जुड़े मामलों पर विधेयकों को बिना बहस या चर्चा के ही पारित कर दिए जाने की परंपरा चल पड़ी है, उसका सीधा असर जनता के अधिकारों और लोकतंत्र की सेहत पर पड़ेगा। एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में संसद जनहित से जुड़े मुद्दों पर बहस का सर्वोच्च मंच होता है, तो ऐसे में सरकार और विपक्ष की जिम्मेदारी हो जाती है कि वे इसकी उपयोगिता और महत्त्व को कायम रखें। विडंबना यह है कि जब भी संसद का सत्र शुरू होता है, किसी न किसी मुद्दे पर सरकार और विपक्ष के बीच असहमति एक टकराव में तब्दील हो जाती है और दोनों सदनों का ज्यादातर समय बेकार चला जाता है।एक ओर विपक्षी पार्टियां सरकार से किसी मुद्दे पर जवाब की मांग करती हैं, तो दूसरी ओर सरकार आमतौर पर ऐसी मांगों की अनदेखी करने का रुख अख्तियार कर लेती है। नतीजतन, हंगामे और सदन को स्थगित किए जाने के समांतर विपक्ष के बहिर्गमन के बीच संसद की कार्यवाही महज औपचारिकता बन कर रह जाती है। जबकि इसी बीच सरकार अपनी सुविधा के मुताबिक ऐसे मसलों पर तैयार विधेयकों को भी बिना चर्चा के पारित करा लेती है, जिन पर विपक्षी दलों के विचार और व्यापक बहस की जरूरत होती है। इस सत्र में कई विधेयकों को पारित करने में इतना कम वक्त लगा, मानो उसके लिए महज औपचारिकता निभाई गई हो।सवाल है कि इस तरह की स्थितियों में संसद और लोकतंत्र की क्या अहमियत रह जाती है। मानसून सत्र के तीन सप्ताह जिस तरह सिर्फ हंगामे और विपक्ष के बहिर्गमन के दौरान बार-बार स्थगित होते हुए गुजर गए, उससे एक बार फिर यह सवाल उठा है कि क्या संसद को अब सिर्फ दिखावे का ठिकाना मान लिया गया है! वरना क्या वजह है कि एक ओर विपक्षी दलों की ओर से पूरे सत्र के दौरान नीट प्रश्नपत्र लीक, राम मंदिर दान राशि में कथित गड़बड़ी और विद्यार्थियों के विरोध प्रदर्शन पर पुलिस की कार्रवाई के मुद्दे पर सरकार को घेरा गया, संबंधित और जिम्मेदार मंत्रियों से जवाबदेही की मांग की गई, वहीं सरकार ने इन मसलों पर एक विचित्र चुप्पी ओढ़े रखी।खासतौर पर दिल्ली में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की बेरहमी और पैलेट गन चलाने के सवाल पर विपक्ष ने जवाब मांगा, लेकिन गृह मंत्री ने आखिरी दिन इसे लेकर थोड़ी सक्रियता दिखाई, जो प्रकारांतर से बेमानी साबित हुई। अगर यही रुख पहले जाहिर किया गया होता, तो संभव है कि संसद में कुछ मुद्दों और पेश किए गए विधेयकों पर बहस की गुंजाइश निकल पाती।अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अलग-अलग मुद्दों पर सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध कायम रहने की वजह से कार्य उत्पादकता लोकसभा में महज उन्नीस फीसद और राज्यसभा में उनतालीस फीसद रही। अब इस बात पर चिंता जताने में शायद सभी दल शामिल होंगे कि संसद की कार्यवाही नहीं चलने की वजह से करोड़ों रुपए बर्बाद हो गए। यह समझना मुश्किल है कि संसद की कार्यवाही के दौरान मुद्दों पर मत-विरोध उभरने, सदन स्थगित किए जाने या विपक्ष के बहिर्गमन के तमाम उदाहरण सामने रहते हुए भी सरकार की ओर से कोई ऐसी पहल नहीं दिखती कि वह सत्र की शुरुआत से पहले सभी विपक्षी दलों को विश्वास में ले और जरूरी मुद्दों पर चर्चा सुनिश्चित करे। जिस तरह जनहित से जुड़े मामलों पर विधेयकों को बिना बहस या चर्चा के ही पारित कर दिए जाने की परंपरा चल पड़ी है, उसका सीधा असर जनता के अधिकारों और लोकतंत्र की सेहत पर पड़ेगा। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि संवाद, बहस या चर्चा संसद की कार्यवाही के जीवन तत्त्व हैं और इसे सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सभी दलों की है, लेकिन इसके लिए सरकार की जवाबदेही ज्यादा बनती है।

# गणराज्य, बाज़ार और अदृश्य पराधीनता का नया यथार्थ

**तंत्रता केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि एक सतत चेतना है। 15 अगस्त 1947 ने हमें औपनिवेशिक शासन से मुक्ति दिलाई, और 26 जनवरी 1950 ने हमें एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य का नागरिक बनाया। संविधान ने अधिकार दिए, संस्थाएँ दीं, मतदान का अधिकार दिया और अपने भाग्य का निर्माण स्वयं करने का अवसर भी दिया। किंतु स्वतंत्रता की यात्रा यहीं समाप्त नहीं होती। वह हर पीढ़ी से एक नया प्रश्न पूछती है–क्या तुम सचमुच स्वतंत्र हो?**

**यह प्रश्न जितना सरल दिखाई देता है, उतना ही जटिल है। क्योंकि आज की पराधीनता गुलामी के पुराने रूपों जैसी नहीं है। वह हथकड़ी नहीं पहनाती, जेल में नहीं डालती, विदेशी झंडा नहीं फहराती। वह हमारे भीतर प्रवेश करती है–हमारी इच्छाओं में, हमारी भाषा में, हमारी स्मृतियों में, हमारी पसंद में और धीरे-धीरे हमारी चेतना में। यही आधुनिक समय की सबसे बड़ी विडंबना है कि पराधीनता का अनुभव समाप्त हो गया है, पर उसके स्वरूप अधिक व्यापक हो गए हैं।**

एक समय था जब साम्राज्य किसी देश पर अधिकार करने के लिए उसकी सीमाएँ लाँघते थे। आज सीमाएँ सुरक्षित रहते हुए भी मनुष्य का मन असुरक्षित हो सकता है। अब युद्ध केवल भूभाग जीतने के लिए नहीं लड़े जाते; वे हमारी कल्पना, हमारी आकांक्षाओं और हमारे उपभोग को नियंत्रित करने के लिए भी लड़े जाते हैं। आज बाज़ार, मीडिया, डिजिटल मंच, मनोरंजन उद्योग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता मिलकर ऐसी दुनिया रच रहे हैं जिसमें मनुष्य स्वयं को स्वतंत्र समझते हुए भी किसी अदृश्य पटकथा के अनुसार जीवन जीने लगता है।हमें बताया जाता है कि क्या पहनना आधुनिकता है, क्या खाना प्रगति है, किस भाषा में बोलना प्रतिष्ठा है, कौन-सा चेहरा सुंदर है, कौन-सा विचार राष्ट्रभक्ति है और कौन-सा पिछड़ापन। धीरे-धीरे हम अपनी ही पसंद पर संदेह करना छोड़ देते हैं। जो विकल्प हमारे सामने रख दिए जाते हैं, उन्हीं में से चुनकर हम स्वयं को स्वतंत्र घोषित कर देते हैं। यह स्वतंत्रता का सबसे खतरनाक भ्रम है।




उपभोक्तावाद ने स्वतंत्रता की परिभाषा बदल दी है। अब स्वतंत्रता का अर्थ अक्सर अधिक खरीद सकने की क्षमता, अधिक उपभोग करने का अधिकार और अधिक विकल्पों की उपलब्धता मान लिया गया है। किसी बच्चे के लिए बहुराष्ट्रीय भोजनालय में जाना केवल भोजन नहीं, बल्कि आधुनिक होने का उत्सव बन जाता है। किसी युवा के लिए नवीनतम मोबाइल केवल तकनीक नहीं, बल्कि सामाजिक पहचान का प्रतीक बन जाता है। विज्ञापन हमारी आवश्यकताओं को नहीं, हमारी असुरक्षाओं को संबोधित करते हैं। वे पहले अभाव की अनुभूति पैदा करते हैं और फिर उसी का समाधान बेचते हैं।

बाज़ार का सबसे बड़ा कौशल यही है कि वह मनुष्य को ग्राहक में बदल देता है। जब नागरिक ग्राहक बन जाता है तो लोकतंत्र का चरित्र भी बदलने लगता है। तब शासन सेवा से अधिक प्रबंधन बन जाता है और राजनीति विचारों की जगह छवियों का खेल बन जाती है। चुनावी घोषणाएँ भी कभी-कभी उत्पादों के विज्ञापन जैसी प्रतीत होती हैं। नागरिक का विवेक धीरे-धीरे उपभोक्ता की पसंद में बदलने लगता है। डिजिटल युग ने इस प्रक्रिया को और अधिक जटिल बना दिया है। आज हमारे हाथ में पूरी दुनिया है, लेकिन उसी दुनिया के भीतर अदृश्य एल्गोरिद्म हमारे सामने वही सामग्री रखते हैं जो हमें अधिक देर तक बाँधे रख सके। हम सोचते हैं कि हम दुनिया देख रहे हैं, जबकि अक्सर दुनिया का केवल वही हिस्सा देख रहे होते हैं जिसे कोई तकनीकी व्यवस्था हमें दिखाना चाहती है। यह सेंसरशिप का नया रूप है–जहाँ प्रतिबंध कम और चयन अधिक है। लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता अत्यंत आवश्यक है, लेकिन उससे भी अधिक आवश्यक है स्वतंत्र विचार। यदि व्यक्ति केवल वही बोल रहा है जो उसके समूह, उसके डिजिटल समुदाय या उसके राजनीतिक खेमे को स्वीकार्य है, तो अभिव्यक्ति का अधिकार होते हुए भी विचार स्वतंत्र नहीं रह जाता। असहमति का साहस कम होता जाता है और भीड़ की स्वीकृति सबसे बड़ा पुरस्कार बन जाती है। हमारे समय की एक और त्रासदी यह है कि श्रम का सम्मान कम और उपभोग का प्रदर्शन अधिक दिखाई देता है। सफलता अब केवल उपलब्धि नहीं, प्रदर्शन भी है। सामाजिक माध्यमों ने जीवन को निरंतर प्रदर्शनी में बदल दिया है। हम जीने से अधिक दिखाने लगे हैं। तुलना, प्रतिस्पर्धा और मान्यता की यह संस्कृति भीतर एक स्थायी असंतोष पैदा करती है। मनुष्य जितना अधिक स्वतंत्र दिखाई देता है, उतना ही अधिक अदृश्य दबावों से संचालित होता जाता है।

आर्थिक क्षेत्र में भी स्वतंत्रता का प्रश्न उतना ही महत्वपूर्ण है। ऋण आधारित उपभोग ने सुविधाएँ तो बढ़ाई हैं, लेकिन साथ ही निर्भरता भी बढ़ाई है। किस्तों पर खरीदी गई वस्तुएँ कभी-कभी मनुष्य के आने वाले वर्षों को गिरवी रख देती हैं। वह वस्तुओं का स्वामी कम और दायित्वों का बोझ ढोने वाला अधिक बन जाता है। बाज़ार उसे निरंतर यह विश्वास दिलाता रहता है कि अगली वस्तु उसके जीवन को बेहतर बना देगी। यह तलाश कभी समाप्त नहीं होती। सांस्कृतिक स्तर पर भी चुनौती कम गंभीर नहीं है। किसी समाज की भाषा, लोकपरंपराएँ, स्थानीय भोजन, शिल्प, संगीत और स्मृतियाँ केवल अतीत की धरोहर नहीं होतीं; वे उसकी आत्मा होती हैं। यदि विकास के नाम पर सब कुछ एक ही वैश्विक साँचे में ढलने लगे, तो विविधता धीरे-धीरे समाप्त होने लगती है। तब हम आधुनिक तो दिखाई देते हैं, पर अपनी जड़ों से कटते जाते हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि वैश्वीकरण या आधुनिक तकनीक का विरोध किया जाए। मानव सभ्यता का विकास संवाद, आदान-प्रदान और नवाचार से ही हुआ है। प्रश्न आधुनिकता का नहीं, उसके असंतुलन का है। प्रश्न तकनीक का नहीं, तकनीक पर मनुष्य के नियंत्रण का है। प्रश्न बाज़ार का नहीं, बाज़ार के मनुष्य पर प्रभुत्व का है। महात्मा गांधी ने स्वराज को केवल सत्ता परिवर्तन नहीं माना था। उनके लिए स्वराज का अर्थ था–अपने ऊपर स्वयं का शासन। इच्छाओं पर संयम, विवेक पर भरोसा, स्थानीयता का सम्मान, श्रम की प्रतिष्ठा और नैतिक साहस। आज जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा अर्थव्यवस्था और वैश्विक पूँजी हमारे जीवन के हर क्षेत्र में प्रवेश कर चुकी हैं, तब गांधी का आत्मस्वराज एक बार फिर प्रासंगिक हो उठता है। यह अतीत में लौटने का आग्रह नहीं, बल्कि मनुष्य को उसके केंद्र में स्थापित करने का आग्रह है। वास्तविक स्वतंत्रता तब होगी जब हम प्रश्न पूछने का साहस बचाए रखेंगे; जब हम अपनी भाषा में सोचने और दुनिया की भाषाओं से सीखने का संतुलन बनाएँगे; जब हम उपभोग करेंगे, पर उपभोग के दास नहीं बनेंगे; जब तकनीक का उपयोग करेंगे, पर उसे अपना स्वामी नहीं बनने देंगे; जब लोकतंत्र को केवल चुनाव नहीं, बल्कि सतत् नागरिक भागीदारी के रूप में समझेंगे। आज भारत राजनीतिक रूप से स्वतंत्र है, इसमें कोई संदेह नहीं। लेकिन स्वतंत्रता का अगला अध्याय हमारी चेतना में लिखा जाना बाकी है। इतिहास ने हमें विदेशी शासन से मुक्त किया था; अब हमें उन अदृश्य शक्तियों से स्वयं को मुक्त करना है जो हमारी इच्छाओं, हमारी स्मृतियों और हमारे निर्णयों पर अधिकार करना चाहती हैं। शायद इसी बिंदु पर स्वतंत्रता एक राष्ट्रीय उपलब्धि से आगे बढ़कर व्यक्तिगत साधना बन जाती है। और तब यह प्रश्न केवल एक वैचारिक बहस नहीं रह जाता, बल्कि हर नागरिक के सामने खड़ा दर्पण बन जाता है–क्या हम सचमुच आज़ाद हैं, या केवल आज़ादी का एक सुव्यवस्थित भ्रम जी रहे हैं?

अध्यात्म

## लक्ष्य का निर्धारण



एक बार एक ऋषि महात्मा कही प्रवचन देने जा रहे थे। रास्ते में उन्हें एक बच्चा मिला जोकि उदास बैठा था। महात्मा जी ने बच्चे को अपने पास बुलाकर पूछा क्या बात हैं बेटा? तुम कुछ उदास लग रहे हो। बच्चे ने कहा, 'महात्माजी मैं जीवन में कुछ करना चाहता हूँ। लेकिन मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा कि मैं क्या करूँ। महात्माजी ने कहा, 'आखिर तुम करना क्या चाहते हो।' बच्चे ने कहा, कुछ भी।

महात्माजी मुस्कुराते हुए कहा, 'बेटा, सबसे जरूरी चीज तुम अपने लक्ष्य का निर्धारण करो।' तुम अपनी कुशलता को पहचानो, तुम्हें क्या पसंद हैं। जिसके लिए तुम अपना सबकुछ देने के लिए तैयार हो। बच्चे ने कुछ देर सोचकर बोला, 'महात्मन मुझे दौड़ना बहुत पसंद हैं।' अगर मैं दौड़ना शुरू करता हूँ तो मैं सब कुछ भूल जाता हूँ। मैं अपने लक्ष्य को बिना प्राप्त किए नहीं रुकता।

महात्माजी ने कहा, 'फिर तुम अपने आपको एक कुशल धावक क्यों नहीं बनाते, तुम अपने देश के लिए बहुत कुछ कर सकते हो।' महात्माजी की बातें बच्चे के दिमाग में बैठ गई। उसने उसी दिन से अपना लक्ष्य निर्धारित किया। वह अपने आपको एक कुशल धावक के रूप में देखने लगा। देखते-देखते वह अपने शहर ही नहीं पूरे देश का एक महान धावक बन गया।


### नैतिक सीख

बिना निर्धारित लक्ष्य के कोई भी अपना मुकाम हशील नहीं कर सकता।

# जन गण मन अधिनायक.....!

**इस तरह पंद्रह अगस्त जनगण की प्रतिष्ठ का लोकपर्व है। वह किसी जाति, धर्म, संप्रदाय, वर्ग, वर्ण या संगठन विशेष का नहीं, अपितु एक अरब पैंतालिस करोड़ भारतीयों का महापर्व है। मगर सन् 1947 और सन् 2026 में सिर्फ वर्षों का नहीं, वातावरण का भी फासला है। यह फासला दहाई दर दहाई घट-बढ़ का शिकार रहा है। आज हम कहां खड़े हैं और किस दिशा में अग्रसर हैं? यह कोई यक्ष प्रश्न नहीं है, कि उत्तर के लिए हम किसी युधिष्ठिर को तलाशें। हम सबके भीतर युधिष्ठिर है, जिसे नंगी आंखों से सब कुछ साफ-साफ दिखाई दे रहा है। जंतर-मंतर पर जेनजी का आंदोलन चक्षुरून्मीलन का प्रसंग है। भविष्य में ऐसे प्रसंग बढ़ेंगे। हां यह यक्ष प्रश्न जरूर है कि असहमति, विरोध और आंदोलन के प्रति सत्ता का सलूक कैसा हो? यह भी यक्ष प्रश्न है कि व्यवस्था की सक्रियता का अभीष्ट जनगण है अथवा इनेगिने विशिष्टजन या संप्रदाय विशेष?**

बात नात्सी, फांसी या सेक्यूलर शब्दावली की नहीं है, मुद्दा यह है कि हम कितने संवेदनशील उदात्त हैं और समावेशी या सामासिक समाज के निर्माण के लिए हमारी आस्था और आचरण की क्या दशा और दिशा है? मुद्दा यह भी है कि राजनीतिक व्यवस्था में शीर्ष का जनगण से सरोकार है या नहीं और यदि है तो कितना है और उसकी निष्ठा किस दर्शन या वाद के प्रति है? एक भारतीय आत्मा पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की पंक्तियां हैं – जन गण मन अधिनायक तेरा उसे विश्व का दास न कर तू। ये पंक्तियां उन्होंने बीती शती में आजादी के कुछ साल बाद लिखी थीं। इसी कविता की पंक्ति है– सिर के ऊपर पेट चढ़ाकर अपना सत्यानाश न कर तू। माखन लाल चतुर्वेदी ओज और तेज के गायक–कवि थे। उन्होंने 'पुष्प की अभिलाषा' जैसी कविता भी लिखी है। उनके लिये वह फूल वरेण्य है, जो सुरबाला के केशों में गूँथे जाने की चाह नहीं रखता वह वनमाली से यह कहकर तोड़ने की याचना करता है कि उसे उस पथ पर फेंक दिया जाये, जिस पथ से मातृभूमि पर शीश चढ़ाने को मतवाले वीर गुजरते हैं। यह स्वतंत्रता का गौरव–गान है। यह स्वतंत्रता का स्तवन है। यह मुक्ति का स्फूर्त–छंद है। यह आजादी की महिमा का बखान है। आजादी क्या है? आजादी से बड़ी कोई नेमत नहीं। उस पर सब कुछ निसार है। उस पर कलधौत के धाम निछावर हैं। आजादी है तो वन है। आजादी ऐसी दौलत है, जिसका न तो मोल लगाया जा सकता है और न ही जिसकी कीमत कूती जा सकती है। इन्हीं अर्थों में पंद्रह अगस्त भारत के सुदीर्घ और आरोह–अवरोह भरे इतिहास की सबसे उजली और मानीखेज तारीख है। इस दिन



वैश्विक परिदृश्य में भारत ऐसे विलक्षण राष्ट्र के रूप में उभरा था, जिसने कृशकाय किंतु तपप्पूत महात्मा गांधी नामक विश्व इतिहास के विलक्षणतम महानायक के नेतृत्व में सत्याग्रह और बलिदानों से दासता से मुक्ति पाई थी।

गांधी जागृत महामना थे, लेकिन उनकी महत्ता यह थी कि उन्होंने कोटि–कोटि जन को जागृत किया। उन्होंने कोटि–कोटि भारतीयों को सत्याग्रही योद्धाओं में बदल दिया। उनका आचरण कि विश्व मानवता विस्मित हो उठी। उनके लिये सत्य ही ईश्वर था। उनका अभीष्ट था जन की मुक्ति; सिर्फ राजनीतिक मुक्ति नहीं, समाज की अस्पृश्यता, हिंसा, लिंग–भेद, असमानता, अंधविश्वासों और कुरीतियों से मुक्ति। वे गैर–बराबरी के खिलाफ थे। वे सांप्रदायिकता के खिलाफ थे। वे राजतंत्र और दमनतंत्र के खिलाफ थे। जातीय और सांप्रदायिक वैमनस्य उन्हें स्वीकार्य न था। उनका जीवन ही उनका संदेश था और उनकी हत्या विश्व मानवता के लिए स्तब्धकारी सबक कि अनिष्ठकारी, प्रतिगामी और हिंस्र शक्तियों को न तो गांधी पसंद हैं और न ही उनका मार्ग और न ही उनके सपने। जाहिर है कि गांधी उनकी राह का सबसे बड़ा रोड़ा थे और आज भी हैं। गांधी सत्य, शुचिता, लोक और लोकमंगल की व्यवस्था में प्रतिष्ठा के हिमायती थे। डॉ. आंबेडकर का संविधान गांधी के संघर्ष और सपनों के आलोक में लिखा गया। विश्व कवि रवींद्रनाथ ठाकुर ने इसी महान और स्निग्ध आलोक में 'जनगण मन अधिनायक जय हे भारत भाग्य विधाता' रचा। नेताजी सुभाष बोस की प्रेरणा से यह स्वरबद्ध हुआ।

इस तरह पंद्रह अगस्त जनगण की प्रतिष्ठ का लोकपर्व है। वह किसी जाति, धर्म, संप्रदाय, वर्ग, वर्ण या संगठन विशेष का नहीं, अपितु एक अरब पैंतालिस करोड़ भारतीयों का महापर्व है। मगर सन 1947 और सन 2026 में सिर्फ वर्षों का नहीं, वातावरण का भी फासला है। यह फासला दहाई दर दहाई घट–बढ़ का शिकार रहा है। आज हम कहां खड़े हैं और किस दिशा में अग्रसर हैं? यह कोई यक्ष प्रश्न नहीं है, कि उत्तर के लिए हम किसी युधिष्ठिर को तलाशें। हम सबके भीतर युधिष्ठिर है, जिसे नंगी आंखों से सब कुछ साफ–साफ दिखाई दे रहा है। जंतर–मंतर पर जेनजी का आंदोलन चक्षुरून्मीलन का प्रसंग है। भविष्य में ऐसे प्रसंग बढ़ेंगे। हां यह यक्ष प्रश्न जरूर है कि असहमति, विरोध और आंदोलन के प्रति सत्ता का सलूक कैसा हो? यह भी यक्ष प्रश्न है कि व्यवस्था की सक्रियता का अभीष्ट जनगण है अथवा इनेगिने विशिष्टजन या संप्रदाय विशेष? बात नात्सी, फासी या सेक्यूलर शब्दावली की नहीं है, मुद्दा यह है कि हम कितने संवेदनशील उदात्त हैं और समावेशी या सामासिक समाज के निर्माण के लिए हमारी आस्था और आचरण की क्या दशा और दिशा है? मुद्दा यह भी है कि राजनीतिक व्यवस्था में शीर्ष का जनगण से सरोकार है या नहीं और यदि है तो कितना है और उसकी निष्ठा किस दर्शन या वाद के प्रति है?

आज क्या हम बोगदे में हैं? क्या हमें रोशनी का सिरा दीख रहा है? स्वतंर्त्यचेता समाज ही स्वतंत्रता की रक्षा कर सकता है, खोट और खुरंट से ग्रस्त दासवृत्ति का समाज नहीं। सुश्री अरूंधति राय का 'कठघरे में लोकतंत्र' में प्रश्न कौंधता है – क्या लोकतंत्र के बाद जीवन है? और हाँ, तो उस जीवन का स्वरूप क्या होगा? कभी धूमिल ने पूछा था– क्या आजादी तीन थके हुये रंगों का नाम है, जिन्हें एक पहिया ढो रहा है? इन प्रश्नों से इस महादेश के जनगण मन अधिनायक का भविष्य भी जुड़ा हुआ है।

### आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज अपने बजट को सही करने की जरूरत महसूस होगी। छोटे खर्चों को व्यवस्थित करने और पुराने बकाये को निपटाने के लिए दिन अच्छा है।

**वृषभ**
पैसों के मामले आज आसानी से सुलझते हुए दिखाई देंगे। फालतू खर्चों को कम करने का नया रास्ता मिल सकता है। किसी भी जगह पैसा लगाने से पहले हर बात की खुद जांच करें।

**मिथुन**
आज नए अवसरों की दस्तक और बैठकों में सफलता मिलेगी ।जल्दबाजी में पैसे खर्च करने की आदत से बचना होगा। ऑनलाइन खरीदारी या जल्दी म

**कर्क**
आज धीरे–धीरे सुधरती स्थिति और सहकर्मियों का भरोसा आपका मनोबल बढ़ाएगा। किसी बड़े की सलाह काम आ सकती है।

**सिंह**
आज बजट में रहकर खर्च करे। घर–परिवार की जिम्मेदारियों पर कुछ खर्च हो सकता है। दिखावे में आकर पैसे खर्च न करें। सीधी और सरल योजना ही आपको आने वाले समय में बड़ी मानसिक शांति देने का काम करेगी।

**कन्या**
आज फालतू खर्चों पर रोक और ध्यान से काम करने की आदत में सुधार लाए। आप अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर सतर्क रहेंगे। जहां भी फालतू खर्च दिखेगा।

**तुला**
आज अनुभवी लोगों की सलाह और टीम वर्क से प्रगति होगी। पैसों के मामले में थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। बिना सोचे किसी को पैसा उधार न दें और अपने जरूरी कामों को ही पहली प्राथमिकता दें।

**वृश्चिक**
आज पैसों को व्यवस्थित करने से स्थिति में सुधार आएगा। पुराने किसी खर्च को निपटाने का व्यावहारिक तरीका मिल सकता है।

**धनु**
आज बड़े आर्थिक लक्ष्यों के बारे में सोच–विचार करेंगे। आज का दिन केवल योजना बनाने के लिए अच्छा है, जल्दबाजी में पैसा न लगाएं। बिना वजह के खर्चों को रोकने के लिए अपनी सभी शर्तों की दोबारा जांच कर लें ताकि कोई गलतफहमी न रहे।

**मकर**
आज पुरानी योजनाओं में सुधार और अधिकारियों की सराहना होगी। लंबे समय के वित्तीय भविष्य को लेकर सोच गंभीर रहेगी। अपनी बचत, पुराने दिए गए उधार और रोज के खर्चों का हिसाब–किताब लगाने के लिए दिन बढ़िया है।

**कुंभ**
आज अचानक बड़े बदलाव की इच्छा जगा सकते हैं। कसी भी फैसले से पहले गहराई से जांच करने की सलाह देते हैं। थोड़े समय के उत्साह को असली मौका मानकर कोई जल्दबाजी न दिखाएं।

**मीन**
आज अपनी उदारता और आर्थिक जिम्मेदारी के बीच संतुलन बनाकर चलें। आपकी राशि में शनिदेव उल्टी चाल चल रहे हैं, जो पुरानी आदतों को बदलने की सलाह देते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर, बिहार इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ ने अपने परिसर में झंडा फहराने और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके अलावा, इंस्टीट्यूट के लीगल लिटरेसी क्लब ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की। इन दोनों कार्यक्रमों में सभी छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इन शुभ अवसरों पर प्राचार्य डॉ. अमृता, निदेशक डॉ. अरुण श्रीवास्तव और विभागाध्यक्ष डॉ. फरहत जबीन मौजूद थीं और उन्होंने इन कार्यक्रमों के सफल आयोजन में सहयोग दिया।

### आहार में डूबने से 62 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र के डोरवां गांव स्थित स्वास्तिक स्कूल के समीप आहार में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान विक्रम थाना क्षेत्र के अराप गांव निवासी नमी पासवान के 62 वर्षीय पुत्र भागीरथ पासवान के रूप में हुई है। बताया जाता है कि भागीरथ पासवान वर्तमान में रानीतलाब थाना क्षेत्र के बारा गांव में रह रहे थे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। पुलिस ने परिजनों को इसकी सूचना दे दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, पालीगंज भेज दिया गया। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### पत्नी को गोली मारकर भाग रहे पति गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पत्नी को गोली मारकर घायल करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी पति को मौके से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक देसी कट्टा, मोबाइल और बाइक भी जब्त की गई है। घटना पिपरा थाना क्षेत्र के नेवां गांव की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सूरज कुमार पिता सुरेंद्र वर्मा, निवासी बेला तरहरी, पिपलावां के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने बताया कि पीड़िता रंजू कुमारी के बयान पर कार्रवाई की गई है। रंजू और सूरज की शादी 2021 में हुई थी, लेकिन दोनों के बीच आपसी संबंध ठीक नहीं थे। इस मामले में कोर्ट में केस भी चल रहा था। पुलिस के अनुसार सूरज कुमार ने औरंगाबाद में दूसरी शादी भी कर ली थी। कोर्ट की तारीखों और मुआवजे से परेशान होकर वह रंजू के घर पहुंचा और विवाद के दौरान गोली चला दी। गोली रंजू के हाथ में लगी और वह जख्मी हो गई। घटना के बाद आरोपी भागने की कोशिश कर रहा था, तभी पुलिस ने उसे हथियार सहित पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। घायल रंजू कुमारी का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

### गाली-गलौज और फायरिंग का आरोप

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्कूटर को लेकर हुए विवाद के बाद दूसरे पक्ष ने गाली-गलौज और फायरिंग कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित के आवेदन पर धनरुआ थाने में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।आवेदनकर्ता मुकुल पाण्डेय, पिता स्व. मुंदर पाण्डेय, निवासी मुस्तफापुर, ने बताया कि वह अपना स्कूटर दरियापुर पुल के पास खड़ा कर सामान लेने गए थे। इसी दौरान रोहित कुमार पिता अरुण यादव, निवासी दरियापुर बिना बताए स्कूटर लेकर धनरूआ चला गया। करीब एक घंटे बाद जब वह आया तो इस बात को लेकर दोनों में गाली-गलौज हुई। आरोप है कि अगले दिन रोहित यादव, प्रेम यादव पिता श्री यादव और पूरा परिवार मुकुल के घर पहुंचा। वहां गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और जाते समय फायरिंग भी की। इस संबंध में धनरुआ थाना में मामला दर्ज है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना के देवकली गांव में बंद घर का ताला तोड़कर चोर नगद और जेवरात समेत कीमती सामान ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित ने धनरुआ थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। आवेदनकर्ता अंजनी कुमार, पिता सियाशरण सिंह, निवासी ग्राम देवकली ने बताया कि दोपहर में देवकली से पटना गए थे। सुबह करीब 11 बजे जब वह वापस घर लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था और अंदर रखा सामान गायब था।चोरी गए सामान में नगद 25,000 रुपये, 10 ग्राम का सोने का मंगलसूत्र, 25 ग्राम की सोने की चैन, चांदी के 2 जोड़ा पायल, 5 चांदी के सिक्के और पीतल-कांसा के 3 सेट बर्तन शामिल हैं।पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर चोरों की गिरफ्तारी और सामान बरामदगी की मांग की है। धनरुआ थाना पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज और संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

### फरार आरोपित ने न्यायालय में किया आत्मसमर्पण

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मारांची थाना कांड संख्या 18/24 एवं 19/24, शीर्ष गृहभेदन के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे अप्राथमिकी अभियुक्त ने आज माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया।आरोपी की पहचान अंकित कुमार उर्फ अंकित कुमार पांडे, पिता अशोक पांडे, साकिन प्रतापपुर टोला, थाना मारांची, जिला पटना के रूप में हुई है। मरांची थानाध्यक्ष रौशन कुमार के अनुसार आरोपी के विरुद्ध गृहभेदन के दो अलग-अलग कांड दर्ज थे और वह लगातार फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा लगातार छापामारी एवं दविश दी जा रही थी। पुलिस के बढ़ते दबाव के कारण अंततः आरोपी को आज माननीय न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण करना पड़ा।पुलिस ने बताया कि दोनों कांडों में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### रजिस्ट्री कार्यालय में कातिबों की अनिश्चितकालीन हड़ताल



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राज्य सरकार द्वारा पेपरलेस रजिस्ट्री लागू करने के विरोध में दस्तावेज लेखकों ने मोर्चा खोल दिया है। मसौढ़ी रजिस्ट्री कार्यालय के 26 लाइसेंसधारी कातिब अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे रजिस्ट्री और दाखिल-खारिज का काम पूरी तरह प्रभावित हो गया है।आंदोलनकारियों का कहना है कि पेपरलेस व्यवस्था से न सिर्फ उनकी रोजी-रोटी छिन जाएगी, बल्कि आम लोगों को भी ऑनलाइन प्रक्रिया समझने में दिक्कत होगी। ग्रामीण और कम पढ़े-लिखे लोग इससे सबसे ज्यादा परेशान होंगे। धरने पर बैठे कातिबों ने मांग की कि पुरानी मैन्युअल व्यवस्था को बहाल रखा जाए और उनकी आजीविका के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द उनकी मांगें नहीं मानीं तो आंदोलन को जिला और राज्य स्तर तक तेज किया जाएगा। रजिस्ट्री कार्यालय में ताले लटके देख दूर-दराज से आए लोग मायूस होकर लौट रहे हैं। सोनु कुमार सिन्हा, संजय सिंह, नरेंद्र प्रसाद,, विद्याभूषण प्रसाद, शिशुपाल कुमार बृज किशोर प्रसाद गोविंद कुमार, समेत सैकड़ो लोग शामिल रहे।।

### सावन की तीसरी सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी भीड़, रुद्राभिषेक से गूंजे मंदिर



**दनियावां/हिलसा (नालंदा/पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन माह की तीसरी सोमवारी और नागपंचमी के शुभ संयोग पर सोमवार को क्षेत्र के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सरथुआ शिवपुरी मंदिर, सिंगरियावां शिवालय, थानेश्वर मंदिर दनियावां और तोप के शिवमंदिर में सुबह से ही नर-नारियों की कतारें लगी रहीं। इस अवसर पर वरिष्ठ मीडिया कर्मी एवं साहित्यकार डॉ. राजीव कुमार नयन ने रुद्राभिषेक किया। पूजा-पाठ और हवन सरथुआ गांव निवासी अखिलेश पांडेय द्वारा संपन्न कराया गया। शिवलिंग को 151 बेलपत्र, दही, मधु, गन्ने का रस, शमी पत्र, गंगाजल, अपराजिता के नीले फूल, तगड़ी, सदाबहार, कनेर, गेंदे के पुष्प, मौसमी फल, दुग्ध से स्नान कराने के बाद मां पार्वती, श्री गणेश एवं शिव परिवार के साथ फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। रुद्राभिषेक में नीतू नयन, संतीश, शिवानी सुमन, अविरल नयन, शहनाज कुमारी - पूर्व प्रधानाध्यापिका, +2 उच्च विद्यालय तोप, नयनतारा सिन्हा, सफल सॉव ने विशेष सहयोग किया। इस धार्मिक आयोजन में श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा के कई स्टाफ भी उपस्थित रहे। डॉ. नयन ने कहा कि भगवान भोलेनाथ विश्व के पालनहार हैं। उनकी आराधना का फल जीवों पर अत्यंत गहरा प्रभाव डालता है।

# धनरूआ में बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे अपराधी

## चार बदमाश गिरफ्तार, देसी कट्टा और 2 कारतूस बरामद



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अपराध की साजिश रच रहे चार युवकों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। घटना 16 अगस्त 2026 को शाम करीब 4:30 बजे की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम वीर स्थित हैवी ड्राइविंग कॉलेज के पीछे झाड़ीनुमा बगीचे में कुछ लोग अपराध की योजना बना रहे हैं। सूचना पर थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी की।गिरफ्तार आरोपियों में रौशन कुमार 22 वर्ष पिता स्व. दीपक सिंह और अभिषेक कुमार उर्फ बब्बी 23 वर्ष पिता रणजीत कुमार, दोनों निवासी वीर, थाना धनरुआ शामिल हैं। वहीं सोनू कुमार 19 वर्ष पिता रमेश यादव और शिवम कुमार 19 वर्ष पिता नीतीश कुमार, दोनों निवासी सलेमपुर, थाना कराय परशुराय, जिला नालंदा से भी पुलिस ने हथियार बरामद किए।पुलिस ने मौके से 1 देशी कट्टा और 2 जिंदा गोली जब्त की। इस संबंध में धनरुआ थाना में कांड संख्या 570/26 दिनांक 16.08.26 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापेमारी टीम में पु.अ.नि. नवीन कुमार, अंकित कुमार, राहुल कुमार साह, स.अ.नि. शशिभूषण और सशस्त्र बल शामिल थे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार सिंह ने बताया इन गिरफ्तार चारों अपराधी से कडी पूछताछ की जा रही है, और उसके अपराधी इतिहास को भी खंगाल जा रहा है।

# धनरुआ में अपहरण कर ले जाए गई युवती को पुलिस ने किया बरामद

## घर से कंप्यूटर पढ़ने निकली थी छात्रा

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कंप्यूटर सीखने जा रही एक युवती को बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले जाने के मामले में पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया है। इस संबंध में पीड़ित पिता ने धनरुआ थाने में लिखित आवेदन दिया था। आवेदनकर्ता अशोक प्रसाद उर्फ नेपाली प्रसाद ने बताया कि उनकी बेटी प्रतिदिन मसौढ़ी कंप्यूटर सीखने जाती थी। इसी दौरान मोबाइल नंबर से उसकी बेटी के नंबर पर लगातार फोन कर परेशान और जान से मारने की धमकी दी जा रही थी। जांच में यह नंबर प्रभात कुमार, निवासी घसौर, थाना भगवानगंज, पोस्ट दौलतपुर, जिला पटना का निकला। पीड़ित का आरोप है कि 22 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 7 बजे बाइक संख्यापर सवार रविशंकर कुमार, निवासी बसौर, थाना भगवानगंज उसकी बेटी को घर से ले गया। आरोप है कि लड़की अपनी मां के गहने - सिकरी, लॉकेट, कान का बाली, झुमका और सोने का बाला, कुल वजन करीब 50 ग्राम जिसकी कीमत लगभग 7.5 लाख रुपये, और नगद 50 हजार रुपये भी साथ ले गई थी। अशोक प्रसाद ने आशंका जताई थी कि उपरोक्त लोगों द्वारा उनकी बेटी का अपहरण कर जान को खतरा हो सकता है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृत को बरामद कर लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और अन्य आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## चोरी का प्रयास, ग्रिल उखाड़कर भागे बदमाश, पुलिस का नहीं मिल रहा रिस्पांस

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी शहर में इन दिनों चोरों का आतंक का सिलसिला लगातार जारी है, ऐसे में संत मेरीस रोड स्थित पटेल नगर में बीती रात चोरों ने एक घर की खिड़की की ग्रिल उखाड़कर चोरी का प्रयास किया। शोर मचाने पर 5-6 बदमाश मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने मसौढ़ी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित संजय कुमार, पिता स्व. सहदेव प्रसाद सिंह, निवासी पटेल नगर, संत मेरीस विद्यालय के बगल में, गाइडेन्स पब्लिक स्कूल के पास ने बताया कि 16 अगस्त 2026 की रात करीब 2:05 बजे उन्होंने खिड़की की ग्रिल उखड़ने की आवाज सुनी। जागकर शोर मचाया तो 5-6 लोग भागते हुए दिखाई दिए। संजय के अनुसार इससे पहले भी 28 अगस्त 2025 की रात 12:45 बजे इसी तरह ग्रिल उखाड़ने का प्रयास किया गया था। उस समय भी शिकायत दी गई थी। चोरी की घटना के दौरान पीड़ित ने 112 नंबर पर कॉल किया, कोई रिस्पांस नहीं मिला सुबह में भी दोबारा कॉल किया,उसके बाद 17 अगस्त सुबह 5:35 अट- मसौढ़ी थाना के मिश्रा जी से बात हुई,पीड़ित का आरोप है कि घटना के समय पुलिस की ओर से कोई त्वरित कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने घर से जेवरात और नगदी चोरी की भी आशंका जताई है। इस संबंध में 2 दिसंबर 2025 और 1 अगस्त 2026 को भी थाने में आवेदन दिया गया था।मसौढ़ी थाना पुलिस ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

## निमार्णाधीन मकान को लेकर विवाद, जमकर चले ईट पत्थर, महिला गंभीर रूप में जख्मी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के भखरी गांव में निर्माणाधीन मकान बनाने से रोकने और मारपीट करने के आरोप में धनरुआ थाने में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। थाने में दिए आवेदन के अनुसार मीना देवी उम्र 60 वर्ष, पति लल्लू केवट, निवासी भखरी ने बताया कि उन्होंने अपने नाम की खरीदी गई जमीन पर नया मकान बनवाना शुरू किया है। मकान का केपी बीम और प्लिंथ लेवल तक का काम करीब 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है।आरोप है कि 14 अगस्त 2026 को दिन में करीब 2 बजे जब वह लेबर-मिस्त्री के साथ मकान का काम करवा रही थीं, तभी पड़ोस में रहने वाले सुगवा यादव 45 वर्ष पिता बद्री यादव, दीपांशु यादव 25 वर्ष, आयुष यादव 20 वर्ष दोनों पिता सुगवा यादव और पूनम देवी 42 वर्ष पति सुगवा यादव, सभी निवासी भखरी का नाम शामिल है।

# नागपंचमी: मसौढ़ी के इस गांव में कभी नागों का था बसेरा, नाम पड़ा नागस्थान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के नागस्थान गांव में आज भी नाग देवता की विशेष पूजा होती है। मान्यता है कि यहां सच्चे दिल से मांगी गई मुराद नाग देवता जरूर पूरी करते हैं। कहते है प्राचीन काल में इस गांव में सांपों का जमावड़ा हुआ करता था। खेतों में काम के दौरान सैकड़ों की संख्या में नाग दिखते थे। एक कथा यह भी है कि जब गरुड़ सभी सांपों का भक्षण करने लगे तो अपनी जान बचाने के लिए नाग यहां एकत्र हो गए थे। तभी से इस गांव का नाम नागस्थान पड़ गया।ग्रामीण चुन्नू यादव बताते हैं कि आज तक गांव के किसी भी व्यक्ति को सांप ने नहीं काटा है। इसे वे नाग देवता की कृपा मानते हैं। नागपंचमी के दिन गांव में भव्य पूजा-अर्चना का आयोजन होता है। सुबह स्नान कर स्वच्छ वस्त्र पहनकर श्रद्धालु नाग देवता की मूर्ति पर दूध, फूल, चंदन, अक्षत और मिठाई चढ़ाते हैं। कई जगहों पर महिलाएं गोबर और कोयले से दीवारों पर सांप की आकृति बनाकर पूजा करती हैं। इस दिन गांव के लोग उपवास रखकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। ग्रामीणों की आस्था है कि नाग देवता गांव की रक्षा करते हैं, इसलिए यहां नागों के प्रति गहरी श्रद्धा है। ग्रामीणों में डॉ चुन्नू कुमार, गुड्डु कुमार, हेमानती देवी, मिन्ता देवी, उपेंद्र बिन्द, पारस सिंह, पिंटू , पंचायत समिति उषा देवी, भगवनिया देवी, रमानती देवी, ओर्मिल सिंह, प्रमोद सिंह आदि सभी लोग प्रत्येक वर्ष भव्य रूप से नाग देवता का पूजा अर्चना करते हैं।

नागपंचमी पर हो रही नाग पूजा



### तीसरी सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा और घोसवरी प्रखंड में सोमवार को सावन की तीसरी सोमवारी के अवसर पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।रविवार देर शाम से ही तपस्वी जी गंगा घाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर जल भरा और गाजे-बाजे के साथ अशोक धाम के लिए रवाना हुए। सोमवार को भी दिन भर गंगा तट पर स्नान करने वालों का तांता लगा रहा। कांवरियों के जत्थे बोल बम के नारों के साथ जल लेकर शिव मंदिरों की ओर जाते दिखे।प्रखंड के शिवनार स्थित प्राचीन नीलकंठ महादेव मंदिर में सबसे ज्यादा भीड़ देखी गई। इसके अलावा मोकामा और घोसवरी के सभी बड़े-छोटे शिवालयों में सुबह से ही जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। शिव मंदिरों को फूल-मालाओं और रंग-बिरंगी रोशनियों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

## मोकामा में अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेल थाना क्षेत्र के बरहपुर हॉल्ट के पास सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ है। अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से एक 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई।मोकामा रेल थानाध्यक्ष नितीश कुमार ने बताया कि घटना दिन के करीब 2 बजे की है। बरहपुर हॉल्ट के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक अज्ञात ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पहनावे और हाव-भाव से वह मानसिक रूप से विक्षिप्त प्रतीत हो रहा है।रेल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल, बाढ़ भेज दिया है।

## एएन कॉलेज में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ए.एन. कॉलेज, पटना के भूगोल विभाग में 'भारत की चुनावी सीमाओं का पुनर्निर्धारण: भौगोलिक जरूरत या राजनीतिक विवाद' विषय पर एक महत्वपूर्ण वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विभाग के UG EUA PG के कुल 27 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में समसामयिक राजनीतिक-भौगोलिक विषयों के प्रति समझ विकसित करने के साथ-साथ तार्किक चिंतन, तथ्यपरक अभिव्यक्ति, विश्लेषणात्मक क्षमता एवं वाद-विवाद कौशल को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का आरंभ करते हुए भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. भावना निगम ने विद्यार्थियों को विषय की पृष्ठभूमि से परिचित कराते हुए भारत में चुनावी सीमाओं के पुनर्निर्धारण की आवश्यकता, इसके भौगोलिक आधार तथा इससे जुड़े विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों को तथ्य, तर्क एवं संवैधानिक दृष्टिकोण के आधार पर अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में इस प्रकार के संवाद एवं विमर्श विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, तार्किक क्षमता एवं बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके बाद प्रतियोगिता के नियमों एवं प्रक्रिया की जानकारी डॉ. प्रशांत कुमार द्वारा प्रतिभागियों को दी गई। उन्होंने प्रतिभागियों को निर्धारित समय-सीमा, विषय की प्रासंगिकता तथा प्रभावी तर्क प्रस्तुत करने के आवश्यक मानदंडों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। प्रतियोगिता में सभी 27 प्रतिभागियों ने क्रमवार अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने चुनावी सीमाओं के पुनर्निर्धारण को जनसंख्या, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व, भौगोलिक असमानता, राजनीतिक प्रतिनिधित्व, संघीय संतुलन तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं से जोड़ते हुए पक्ष एवं विपक्ष में अपने तर्क प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपने विचारों को तथ्य, उदाहरण एवं तार्किक विश्लेषण के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से रखने का प्रयास किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं विषय के प्रति गंभीरता देखने को मिली। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. गौरव सिक्का, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. अमर कुमार, डॉ. अरुण कुमार एवं डॉ. रणधीर कुमार शामिल रहे। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के विषय की समझ, तर्कशक्ति, तथ्यपरकता, विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण, प्रस्तुतीकरण, अभिव्यक्ति एवं समय-प्रबंधन के आधार पर उनके प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। जिसमे प्रथम स्थान भूगोल विभाग के मंजीत यादव, द्वितीय स्थान भूगोल विभाग के ही साहिल कुमार एवं तृतीय स्थान राजनीतिक विज्ञान विभाग के शुभम गुप्ता ने प्राप्त किया। इसके अलावा भूगोल विभाग के ही प्रशस्त प्रियदर्शी तथा अंकुश कुशवाहा ने क्रमशः चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त किया।

## पिस्टल लहराकर दी जान से मारने की धमकी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दरधा नदी किनारे पुराने विवाद को लेकर एक युवक पर पिस्टल से फायरिंग कर जान से मारने की कोशिश का आरोप लगा है। पीड़ित के आवेदन पर धनरुआ थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।आवेदनकर्ता रोहित कुमार उम्र 20 वर्ष, पिता अरूण प्रसाद, निवासी दरियापुर ने बताया कि दिन में करीब 12 बजे वह दरधा नदी किनारे गए थे। इसी दौरान मुकुल कुमार पिता मुनारीक पंडित, निवासी मुस्तफापुर और अन्य अज्ञात व्यक्ति उसके साथ पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे।रोहित के अनुसार जब उसने गाली देने से मना किया तो मुकुल कुमार ने कमर से पिस्टल निकालकर जान मारने की नियत से फायर कर दिया।

## अशोकधाम के भगदड़ में मोकामा की महिला गंभीर रूप से घायल, पीएमसीएच रेफर

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सावन की तीसरी सोमवारी पर बाबा धाम में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़ के बीच बड़ा हादसा हो गया। लखीसराय जिले के प्रसिद्ध अशोकधाम मंदिर के बाहर सोमवार सुबह-सुबह अचानक भगदड़ मच गई। इस भगदड़ में मोकामा निवासी एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।घायल महिला की पहचान 40 वर्षीय विमला देवी के रूप में हुई है, जो मोकामा निवासी विनोद कुमार की पत्नी हैं। बताया जा रहा है कि विमला देवी तीसरी सोमवारी पर बाबा का जलाभिषेक करने के लिए अशोकधाम गई हुई थीं। मंदिर के बाहर दर्शन के लिए लंबी कतार लगी थी, इसी दौरान भीड़ बेकाबू हो गई और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।भगदड़ में विमला देवी जमीन पर गिर गई और उन्हें गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों और प्रशासन ने तुरंत उन्हें उठाकर लखीसराय सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच रेफर कर दिया है। जहां उनका इलाज चल रहा है।घटना के बाद मंदिर परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## स्टेट हाइवे पर बेकाबू पिकअप ने दुकान में मारी टक्कर, बड़ा हादसा टला



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया स्टेट हाईवे पर धनरुआ थाना क्षेत्र के धनरुआ बाजार में बीते देर रात एक बेकाबू पिकअप ने सड़क किनारे स्थित बंद लाई की दुकान में जोरदार टक्कर मार दी। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई और न ही कोई घायल हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक देर रात तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर सीधे दुकान की दीवार से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप आगे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दुकान की दीवार भी टूटकर गिर गई।हादसे के समय दुकान बंद थी, इसलिए अंदर रखा सारा सामान सुरक्षित बच गया। दुकान में ज्यादा क्षति नहीं हुई है। जानकारी होते ही मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर धनरुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त पिकअप को जब्त कर लिया।

# गोल ने लॉन्च किया जीटीएसई 2026-27, प्रतिभा की पहचान से सपनों को मिलेगी नई उड़ान

## कक्षा 8वीं, 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों के लिए राज्यव्यापी प्रतिभा खोज अभियान, 100% तक स्कॉलरशिप, राष्ट्रीय रैंकिंग और करियर गाइडेंस का अवसर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** विद्यार्थियों की छिपी शैक्षणिक प्रतिभा को पहचानने, उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की वास्तविक दुनिया से परिचित कराने और आर्थिक संसाधनों की कमी के बावजूद बेहतर शिक्षा का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गोल इंस्टिट्यूट ने सोमवार को गोल टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन 2026-27 का शुभारंभ किया। जीटीएसई महज एक स्कॉलरशिप परीक्षा नहीं, बल्कि प्रतिभा पहचान और विकास कार्यक्रम है जिसके माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा का वैज्ञानिक मूल्यांकन, राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा का अनुभव, करियर मार्गदर्शन और भविष्य की शैक्षणिक दिशा तय करने में सहायता दी जाएगी। इस वर्ष जीटीएसई को तकनीक-सक्षम और विद्यार्थी-केंद्रित स्वरूप दिया गया है। इसमें कक्षा 8वीं, 9वीं और 10वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। जीटीएसई 2026-27 का आयोजन प्री स्क्रीनिंग एग्जामिनेशन और मेगा मेन एग्जामिनेशन दो चरणों में किया जाएगा। विद्यालयों में ऑफलाइन प्री-स्क्रीनिंग परीक्षा 18 अगस्त 2026 से शुरू होगी। इसके अलावा देशभर के विद्यार्थियों को अवसर देने के लिए ऑनलाइन प्री स्क्रीनिंग एग्जामिनेशन 27 सितंबर 2026 को आयोजित की जाएगी। प्री-एग्जाम में 30 प्रश्न होंगे और परीक्षा की अवधि 40 मिनट निर्धारित की गई है। विद्यालय के माध्यम से परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए प्री-एग्जाम की फीस पूरी तरह माफ रहेगी। प्री-एग्जाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित विद्यार्थियों को 31 अक्टूबर 2026 को आयोजित होने वाली मेगा मेन एग्जामिनेशन में शामिल होने का अवसर मिलेगा। गोल के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन कुमार सिंह ने कहा कि भारत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जरूरत इस बात की है कि सही उम्र में प्रतिभा की पहचान हो, उसे उचित दिशा मिले और आर्थिक परिस्थितियां किसी बच्चे के सपनों में बाधा न बनें। उन्होंने कहा कि जीटीएसई का उद्देश्य केवल मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देना नहीं है, बल्कि उनमें वैज्ञानिक सोच, प्रतिस्पर्धात्मक आत्मविश्वास और बड़े लक्ष्य हासिल करने की मानसिकता विकसित करना भी है। उन्होंने कहा कि गोल का प्रयास बिहार-झारखंड सहित देश के छोटे शहरों, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक अवसर पहुंचाना है। जीटीएसई में विद्यार्थियों को कई स्तरों पर अवसर दिए जाएंगे। इनमें शैक्षणिक प्रतिभा की पहचान, राष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग, व्यक्तिगत प्रदर्शन का विश्लेषण, करियर परामर्श, शैक्षणिक मार्गदर्शन और प्रतियोगी परीक्षाओं का प्रारंभिक खुलासा प्रमुख हैं। इसके अलावा नीट, आईआईटी-जेईई और सिविल सर्विसेज जैसे बड़े लक्ष्यों के लिए फाउंडेशन ओरिएंटेशन, मेरिट सर्टिफिकेट, मान्यता, मुफ्त ऑनलाइन एकेडमिक सहायता एवं क्लासेज तथा विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए कैरियर सेमिनार भी आयोजित किए जाएंगे। मेधावी विद्यार्थियों को गोल के विभिन्न पाठ्यक्रमों में योग्यता एवं निर्धारित मानदंडों के आधार पर 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। गोल के असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह ने कहा कि जीटीएसई को व्यापक स्तर पर विद्यार्थियों तक पहुंचाने के लिए सुनियोजित अभियान तैयार किया गया है जिसका उद्देश्य केवल बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की परीक्षा लेना नहीं, बल्कि सही प्रतिभा को सही समय पर पहचानना और उसकी क्षमता के अनुरूप दिशा देना है। जीटीएसई टीम द्वारा विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए 30 से 45 मिनट का अकैडमिक एवं करियर ओरिएंटेशन सेशन भी आयोजित किया जाएगा। गोल के आरएंडडी हेड आनंद वत्स ने बताया कि जीटीएसई का प्रश्नपत्र विद्यार्थियों की केवल स्मरण शक्ति जांचने तक सीमित नहीं होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने अंकुर चौधरी

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सुगौली श्री दुर्गा पूजा समिति की आमसभा के बैठक राधा - कृष्ण मठ सुगौली बाजार के प्रांगण में संपन्न हुआ ' बैठक में श्री दुर्गा पूजा समिति सुगौली के नए अध्यक्ष के रूप में अंकुर चौधरी का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया। पूर्व अध्यक्ष प्रियांशु सर्राफ जी द्वारा अध्यक्ष पद के प्रस्ताव को रखा गया, जिसे उपस्थित सदस्यों



ने सर्वसम्मति से पारित किया। नवमनोनीत अध्यक्ष अंकुर कुमार चौधरी, सचिव अनुप अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार एवं रंजीत सर्राफ को वहां पर उपस्थित सभी लोगों ने नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी । मां दुर्गा की कृपा से समिति नई ऊर्जा और उत्साह के साथ भव्य एवं शांतिपूर्ण दुर्गा पूजा का आयोजन करे। बैठक में हरिशंकर प्रसाद सर्राफ, सुरेशचंद्र प्रसाद,प्रदीप सर्राफ, महंत मनीष दास,सत्यनारायण अग्रवाल,विजय कुमार,नारायण प्रसाद,बब्लू सर्राफ,मनोज गुप्ता,बजरंगी प्रसाद, राजकुमार सर्राफ, ओमप्रकाश शर्मा, बेचु साह, सुबोध चौधरी, वंशी पटेल, तरुण सर्राफ एवं दिलीप पासवान इत्यादि उपस्थित रहें।

### छापेमारी में वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना क्षेत्र के आमडाढ़ी गांव में सोमवार को पुलिस ने छापेमारी कर एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार वारंटी की पहचान छोटन कुमार, पिता बिक्रमा सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### देसी शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नौतन बाजार में छापेमारी कर दस लीटर देसी शराब के साथ दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष राम बालक यादव ने बताया कि पुलिस टीम ने विशाल कुमार और मुन्ना साह के घर पर छापेमारी की, जहां से दोनों के पास से देसी शराब बरामद की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपितों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।

### अरेराज सोमेश्वर नाथ मंदिर में तृतीय सोमवार को जुटा श्रद्धालुओं का सैलाब

**मोतिहारी/अरेराज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रावण मास के तृतीय सोमवार एवं नागपंचमी के पावन अवसर पर अरेराज स्थित प्रसिद्ध बाबा सोमेश्वरनाथ महादेव मंदिर में विभिन्न स्थानों से आए लाखों श्रद्धालुओं और कांवरियों ने सुव्यवस्थित तरीके से जलाभिषेक एवं दर्शन किए। इस वार सोमवार से साथ पंचमी तिथि होने के कारण भीड़ प्रबंधन एवं यातायात को निर्वाध सुचारू रखने तथा विधि व्यवस्था बनाए रखने के साथ साथ श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व की भांति सभी संवेदनशील / महत्वपूर्ण स्थानों पर पलिवार प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को कई महत्वपूर्ण निदेश दिए गए थे। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा लगातार मेला क्षेत्र में भ्रमशील रह कर विधि व्यवस्था सहित दंडाधिकारियों की उपस्थिति की जाँच कि गई।



### आज जिलाधिकारी द्वारा श्री गुरु संत रविदास जी की 650 वीं जयंती का शुभारम्भ किया जायेगा

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव पूर्वी चम्पारण के द्वारा श्री गुरू संत रविदास जी की 650 वीं जयन्ती के अवसर पर समरसता संकल्प अभियान के अन्तर्गत समाहरणालय के मुख्य द्वार से दुर्गा मंदिर कचहरी चौक, प्रेक्षा गृह होते हुए बैलखाना वार्ड नं0-34 एवं 35 तक कलश यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। जिला कल्याण पदाधिकारी के द्वारा बताया गया है कि कलश यात्रा में संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि एवं अन्य कर्मी शामिल होगें।

# स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मंत्री द्वारा 1272 भूमि वासगीत पर्चों का किया गया वितरण

**भूमिहीन परिवारों के लोगों को वास स्थल के लिये 02 डिसमिल से 05 डिसमिल तक भूमि उपलब्ध कराई गई**





**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण विकास विभाग एवं सूचना जनसम्पर्क विभाग-सह -प्रभारी मंत्री पूर्वी चम्पारण की अध्यक्षता में महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह, मोतिहारी में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर कुल 1272 भूमि बंदोबस्ती परवाना / वासगीत पर्चा का वितरण किया गया। इस अवसर पर सांसद संजय जायसवाल, विधायक कृष्णनंदन पासवान, श्रीमती शालिनी मिश्रा, श्यामबाबू प्रसाद यादव, लालबाबू प्रसाद, गुप्ता, सचिन्द्र प्रसाद सिंह, राजेश कुमार उर्फ बबलु गुप्ता, प्रमोद कुमार सिन्हा, विशाल कुमार भी उपस्थित रहे।पर्चा वितरण के अवसर पर जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंह एवं सहायक समाहर्ता राजकृष्ण झा भी उपस्थित थे। पर्चा वितरण का यह कार्यक्रम बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की महत्त्वाकांक्षी योजना अभियान बसेरा 2 के अंतर्गत गरीब एवं भूमिहीन परिवार के लोगों को वास स्थल के रूप में 03 डीसिमल से 05 डीसिमल तक भूमि उपलब्ध कराया जाता है।

### जिहुली गांव में 138 फीट का महावीरी झंडा बना आकर्षण का केंद्र

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण जिले में महावीरी झंडा महोत्सव को लेकर भक्ति और उत्साह का माहौल है। इसी बीच जिले के पताही प्रखंड अंतर्गत जिहुली गांव से सामाजिक सौहार्द और गंगा - जमुनी तहजीब की एक बेहद खूबसूरत और भव्य तस्वीर सामने आई है। इस वर्ष गांव में बनाया गया 138 फीट ऊंचा महावीरी झंडा पूरे जिले में आकर्षण का मुख्य केंद्र बना हुआ है। जिहुली गांव में महावीरी झंडा और अखाड़ा समिति का इतिहास बेहद गौरवशाली है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, यहां भारत की आजादी के समय से ही लगातार इस भव्य झंडे व अखाड़ा के आयोजन की परंपरा अटूट रूप से चली आ रही है। हर साल इस झंडे की ऊंचाई और अखाड़े की भव्यता पहले से अधिक बढ़ती जा रही है, जो यहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दशार्ती है।

## पाटलिपुत्र और पूर्णिया कोर्ट के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-खगड़िया-मानसी-सहरसा-बनमनखी के रुट**

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे द्वारा हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर- खगड़िया-मानसी-सहरसा-बनमनखी के रास्ते पाटलिपुत्र और पूर्णिया कोर्ट के मध्य गाड़ी सं. 03216/03215 पाटलिपुत्र-पूर्णिया कोर्ट-पाटलिपुत्र स्पेशल का सप्ताह में पांच दिन परिचालन किया जाएगा। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 10 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच एवं एसएलआर के 02 कोच सहित कुल 20 कोच हैं। गाड़ी सं. 03216 पाटलिपुत्र-पूर्णिया कोर्ट स्पेशल का परिचालन 17 अगस्त, 2026 से 16 सितम्बर, 2026 तक सप्ताह में पांच दिन बुधवार एवं शनिवार को छोड़कर किया जाएगा। यह स्पेशल पाटलिपुत्र से 23.00 बजे खुलकर 23.30 बजे सोनपुर, 23.42 बजे हाजीपुर, अगले दिन 00.55 बजे मुजफ्फरपुर, 02.00 बजे समस्तीपुर, 02.35 बजे रूसेरा घाट, 02.55 बजे हसनपुर रोड, 03.12 बजे सलौना, 03.53 बजे खगड़िया, 04.10 बजे मानसी, 05.00 बजे सिमरी बख्तियारपुर, 05.55 बजे सहरसा, 06.50 बजे दौरम मधेपुरा, 07.18 बजे मुरलीगंज, 07.38 बजे बनमनखी रुकते हुए 08.30 बजे पूर्णिया कोर्ट पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 03215 पूर्णिया कोर्ट-पाटलिपुत्र स्पेशल का परिचालन 18 अगस्त, 2026 से 17 सितम्बर, 2026 तक सप्ताह में पांच दिन गुरूवार एवं रविवार को छोड़कर किया जाएगा ।

## वैशाली के 183 बच्चों को मिला नया जीवन, मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना के तहत 3 बच्चे अहमदाबाद रवाना



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना वैशाली जिले के जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत जिले ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए अब तक 183 बाल हृदय रोगियों की सफल सर्जरी कराकर उन्हें नया जीवन दिया है। इसके साथ ही, वैशाली जिला सर्वाधिक सर्जरी कराने के मामले में प्रदेश में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। इसी क्रम में योजना के 103वें बैच के तहत जिले के 3 बच्चों को जन्मजात हृदय रोग के इलाज के लिए शनिवार को श्री सत्य साईं हृदय अस्पताल, अहमदाबाद रवाना किया गया। जिला स्वास्थ्य समिति, वैशाली से इन बच्चों को 102 एम्बुलेंस के जरिए पहले राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना भेजा गया, जहां से विमान द्वारा उन्हें अहमदाबाद रवाना किया गया। बच्चों को विदाई देने के दौरान डीईआईसी प्रबंधक-सह-समन्वयक आरबीएसके डॉ. शाइस्ता, जिला सामुदायिक उत्प्रेरक निभा रानी सिन्हा, आरबीएसके चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुमार सौरभ और डाटा ऑपरेटर श्रवण कुमार मौजूद रहे।

**निःशुल्क हो रहा है पूरा इलाजः**

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) और जिला स्वास्थ्य समिति के साझा प्रयासों से बच्चों की पहचान से लेकर उनके उपचार तक की सारी प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क संचालित की जाती है। इसमें बच्चों और उनके परिजनों के आने-जाने के किराए से लेकर जांच और ऑपरेशन तक का पूरा खर्च सरकार वहन करती है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री सात निश्चय-2 के तहत यह योजना गरीब परिवारों के लिए उम्मीद की बड़ी किरण है। सिविल सर्जन ने कहा कि सरकार आर्थिक रूप से कमजोर तबके के बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर पूरी तरह गंभीर है। आरबीएसके के तहत हृदय रोग के अलावा कटे होंठ, तालु, जन्मजात विकलांगता और अन्य गंभीर बीमारियों का भी मुफ्त इलाज किया जाता है। डीपीएम डॉ. कुमार मनोज और डीसी-आरबीएसके डॉ. शाइस्ता ने जिलेवासियों से अपील की है कि यदि किसी बच्चे में जन्मजात हृदय रोग या अन्य गंभीर लक्षण दिखें, तो वे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या आरबीएसके टीम से संपर्क करें, ताकि समय रहते बच्चों को उचित उपचार मिल सके।

## भगवान शिव की आराधना से मनोवांछित फल की प्राप्ति : डॉ. शम्भूनाथ सीकरिया

**एक बार पांच लाख रुद्राक्ष के शिवलिंग पर जल चढ़ाने या रुद्राभिषेक करने से चार लखरांव के बराबर फल प्राप्त होता है**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व का पहला पांच लाख रूद्राक्ष का गोल्ड प्लेटेड शिवा मुखा आकृति का शिवलिंग मनोकामना सिद्ध हनुमान आश्रम में स्थापित है। इस श्रावण मास की तीसरी सोमवारी आज के दिन नागपंचमी भी है। आज भगवान शिव का 11 वां रुद्र अवतार हनुमान अवतार हुआ है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज महावीर झंडा भी है। आज के दिन माताओ को भगवान शिव एवं पार्वती का व्रत रखना चाहिए तथा मंगलवार को मां मंगला गौरी का पूजन करना चाहिए जो मनवांछित फल और अखंड सौभाग्य को देता हैं। आज पुरुषों को हनुमान जी का जन्मदिन भी साथ में मनाना चाहिए। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने रुद्राभिषेक और जलाभिषेक किया। यह पहला शिवलिंग है, जिस पर पूजा करने, रूद्राभिषेक करने और जलाभिषेक करने की व्यवस्था की गई है। पिछले पांच वर्षो में लाखो भक्तो के द्वारा जलाभिषेक पूजा अर्चना की गई है। रूद्राक्ष को साक्षात भगवान शिव का स्वरूप माना गया है। एक बार पाँच लाख रूद्राक्ष के शिवलिंग पर जल चढ़ाने या रूद्राभिषेक करने से चार लखराव के बराबर फल प्राप्त होता है। इस वर्ष का श्रावण मास अद्वितीय है। भगवान शिव की अराधना से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है।आचार्य डॉ.शम्भुनाथ सीकरीया द्वारा प्रत्येक सोमवार को श्रावण मास में प्रातः 08 बजे निश्चित समय से निःशुल्क रूद्राभिषेक कराया जाता है। जो भी अपनी सामग्री लाना चाहे तो ला सकते है, नही तो यहां हरिद्वार का गंगाजल और बेल पत्र उपलब्ध है, जो अपने पंडित से रूद्राभिषेक कराना चाहें तो निःशुल्क स्थान समय आरक्षित करा लें। वर्तमान में जो समय चल रहा है। वह बहुत ही ग्रहो के प्रभाव में है।

## एकमा के प्रारंभिक विद्यालयों में एफएलएन विशेष कक्षाओं का धूमधाम से शुभारंभ

**कमजोर बच्चों को भाषा व गणित में किया जाएगा दक्ष**



**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विभागीय निर्देश के आलोक में सारण जिले के एकमा प्रखंड एवं नगर पंचायत क्षेत्र के प्रारंभिक विद्यालयों में सोमवार को फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) कार्यक्रम के तहत विशेष कक्षाओं का शुभारंभ किया गया। कक्षा चार से आठ तक के विद्यालय स्तरीय आकलन में भाषा एवं गणित में अपेक्षाकृत कमजोर पाए गए बच्चों को इन विशेष कक्षाओं में शामिल किया गया है। इन कक्षाओं का उद्देश्य बच्चों की बुनियादी भाषा एवं गणितीय दक्षताओं को मजबूत करना है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर 17 अगस्त से एफएलएन के लिए नामित शिक्षकों द्वारा प्रथम पाली में प्रतिदिन एक घंटे भाषा (हिंदी) एवं एक घंटे गणित की विशेष कक्षा शुरू की गई है। भाषा में अक्षर, शब्द, अनुच्छेद और कहानी पढ़ने-समझने तथा गणित में अंकों की पहचान, जोड़, घटाव, गुणा और भाग का अभ्यास कराया जाएगा। बच्चों को उनकी सीखने की जरूरत के अनुसार सरल एवं गतिविधि आधारित तरीके से पढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। तीन अगस्त तक हुए आकलन के आधार पर बच्चों का चयन किया गया है। प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गौसपुर, एनपीएस गंगवा, एनपीएस एससी टोला चकमीरा, कन्या मध्य विद्यालय एकमा, आदर्श मध्य विद्यालय हंसराजपुर, प्राथमिक प्राथमिक विद्यालय नवतन कोईरी टोला, पीएस राजापुर, एनपीएस रामपुर मठिया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय आमडाढ़ी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसंतपुर, प्राथमिक विद्यालय धनाडीह, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बनवारी अमनौर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय एकसार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गजियापुर, एनपीएस भरहोपुर कामाख्या मंदिर, एनपीएस भुअरपुर, कन्या प्राथमिक विद्यालय अतारसन, उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिवरी मठिया, एनपीएस फुचटीकला, उत्क्रमित मध्य विद्यालय लाकठ छपरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रीठ, मध्य विद्यालय माने, प्राथमिक विद्यालय अतारसन एससी टोला, कन्या प्राथमिक विद्यालय शोभन छपरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय लौवारी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय माणिकपुर, एनपीएस बीच टोला माधोपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवढ़ियां पंडित टोला, एनपीएस घुरापाली, एनपीएस कोहरगढ़ एससी टोला, एनपीएस अतारसन मठिया, प्राथमिक विद्यालय बंशी छपरा, प्राथमिक विद्यालय फुचटी खुर्द, एनपीएस गलिमापुर, एनपीएस मरवठ, कन्या प्राथमिक विद्यालय कर्णपुरा एवं प्राथमिक विद्यालय रामपुर समेत कई विद्यालयों में विशेष कक्षाएं शुरू हुईं।


**समाहरणालय, नवादा**
बिहार सरकार

(खनन शाखा)

**नवादा जिलान्तर्गत जप्त/भण्डारित बालू की नीलामी हेतु अल्पकालीन आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवादा जिलान्तर्गत अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध कृत कार्रवाई में अधोलिखत कांड/भंडारण स्थल में/पर जप्त/भण्डारित बालू का खुले डाक के माध्यम से नीलामी/बिक्री हेतु नौ चरणों में विज्ञापित विज्ञापन के फलस्वरूप खुले डाक के माध्यम से क्रमशः दिनांक– 18.06.2025, दिनांक– 13.08.2025, दिनांक– 19.09.2025, दिनांक– 20.01.2026, दिनांक– 27.02.2026, दिनांक– 25.03.2026, दिनांक– 18.05.2026, दिनांक– 17.06.2026 एवं दिनांक– 21.07.2026 को संपन्न नीलामी में शून्य निविदा प्राप्त हुआ तथा दसवें चरण में विज्ञापित विज्ञापन के फलस्वरूप निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि– 08.08.2026 तक शून्य निविदा प्राप्त हुआ।

**अधोलिखित कांड/ भंडारण स्थल में/पर जप्त/भण्डारित बालू की** नीलामी/बिक्री **दिनांक– 24.09.2026 को पूर्वाह्न– 11:00 बजे से समाहरणालय, नवादा अवस्थित सभागार में खुले डाक** के माध्यम से निर्धारित शर्त्तों के अधीन किया जाएगा। अपरिहार्यकारण से यदि निर्धारित तिथि को नीलामी नहीं होती है, तो वैसी स्थिति में **अगले कार्य दिवस– 25.09.2026** को खुली नीलामी करायी जाएगी। इसके लिए सुयोग्य व्यक्ति/फर्म/कम्पनी से निविदा आमंत्रित की जाती है :–

**भण्डारित/जप्त बालू के स्थल एवं मात्रा की विवरणी :–**

| क्र० | अनुमंडल का नाम | थाना कांड सं० | जप्त बालू का स्थल | जप्त खनिज का प्रकार | खनिज की मात्रा (घनफीट में) | संशोधित सुरक्षित जमा राशि (रू० में) | संशोधित अग्रधन राशि (सुरक्षित जमा राशि का 25 प्रतिशत) (रू० में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नवादा सदर। | नगर (कादिरगंज ओ0पी0)/ 1990/23 | सोनू बिगहा, थाना– कादिरगंज | बालू | 20000 | 2,96,254/- | 74,064/- |

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म/कम्पनी निविदा दस्तावेज एवं निविदा प्रपत्र से संबंधित जानकारी नवादा जिला के वेबसाईट https://nawada.nic.in/notice_category/tenders/ से प्राप्त कर सकते हैं।

**खुले डाक के माध्यम से नीलामी कार्यक्रम :–**

| नवादा जिला के वेबसाईट https://nawada.nic.in/notice_category/tenders/ से निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | जिला खनन कार्यालय, नवादा में अग्रधन राशि एवं निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जाँच/मूल्यांकन कर योग्य/सफल निविदादाताओं की सूची जिला खनन कार्यालय, नवादा के सूचना–पट्ट पर प्रकाशित करने की अंतिम तिथि | खुले डाक के माध्यम से नीलामी की तिथि, समय एवं स्थान |
|---|---|---|---|
| 20-08-2026 | 19-09-2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक | 22-09-2026 | दिनांक– 24-09-2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से समाहरणायल, नवादा अवस्थित सभा कक्ष। |

**एतद् संबंधी समस्त सूचना हेतु जिला खनन कार्यालय, नवादा (मो0– 9973210325) से सम्पर्क किया जा सकता है।**

**नीलामी की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।**

PR- 010110 ( Mines ) 2026-27

**समाहर्त्ता, नवादा**

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**


## शिक्षकों के समर्थन से मजबूत हुआ पुष्कर का दावा, वोट में तब्दील करने की रणनीति पर जोर

**सारण में पुष्कर के पक्ष में बढ़ा शिक्षकों का समर्थन, वोट में बदलने की कवायद तेज**

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से जद (यू) के एनडीए प्रत्याशी ई. आनंद पुष्कर की जीत सुनिश्चित करने को लेकर सोमवार को छपरा स्थित सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे शिक्षक प्रतिनिधियों ने चुनाव की तैयारियों और मतदान को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया। इस दौरान जद (यू) के जिलाध्यक्ष वैद्यनाथ प्रसाद सिंह 'विकल' ने शिक्षकों से एकजुट होकर ई. आनंद पुष्कर के पक्ष में मजबूती के साथ मतदान करने की अपील की। वैद्यनाथ प्रसाद सिंह 'विकल' ने कहा कि जिले के विभिन्न प्रखंडों से लगातार मिल रहे फीडबैक में शिक्षकों का रुझान ई. आनंद पुष्कर के पक्ष में दिखाई दे रहा है। अब आवश्यकता इस समर्थन को मतदान में तब्दील करने की है। उन्होंने कहा कि चुनाव में प्रत्येक शिक्षक के मत का महत्व है और सभी को एकजुट होकर एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय केदारनाथ पांडेय के निधन के बाद ई. आनंद पुष्कर ने शिक्षक और शिक्षा हित से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने का काम किया है। उनकी जीत किसी एक व्यक्ति की जीत नहीं होगी, बल्कि यह पूरे शिक्षक समाज की जीत होगी। उन्होंने शिक्षक प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों में संपर्क अभियान को और तेज करने तथा अधिक से अधिक शिक्षकों को मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए ई. आनंद पुष्कर ने कहा कि सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के पांचों जिलों के शिक्षकों से मिल रहे स्नेह, विश्वास और समर्थन से वह उत्साहित हैं।

## सदर अस्पताल में महिलाओं के अधिकार एवं विधिक संरक्षण को लेकर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पूर्वी चंपारण के तत्वावधान में सदर अस्पताल, मोतिहारी में महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा एवं विधिक संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनों को लेकर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के सचिव नितिन त्रिपाठी ने उपस्थित लोगों को विभिन्न महिला-केंद्रित कानूनों एवं उनके अंतर्गत उपलब्ध विधिक संरक्षण के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान सचिव नितिन त्रिपाठी ने पूर्व-गभाधान और प्रसव-पूर्व निदान तकनीक अधिनियम, दहेज निषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम सहित महिलाओं से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान, समानता, गरिमा और सुरक्षा की रक्षा केवल कानून की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने महिलाओं को अपने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार के उत्पीड़न, हिंसा, दहेज मांग या अधिकारों के उल्लंघन की स्थिति में उचित कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। सचिव ने मुफ्त विधिक सहायता की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी देते हुए बताया कि आर्थिक अथवा सामाजिक रूप से कमजोर व्यक्ति, विशेषकर महिलाएं और अन्य पात्र वर्ग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से विधिक जागरूकता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्त भारत अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से छात्रों एवं स्वास्थ्य प्रोफेशनल्स द्वारा प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। सचिव नितिन त्रिपाठी की उपस्थिति में बड़ी संख्या में मौजूद लोगों के बीच प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणाम, युवाओं एवं परिवारों पर इसके नकारात्मक प्रभाव तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। उपस्थित लोगों ने नुक्कड़ नाटक की सराहना की तथा नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित हुए। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता श्री दक्ष, पैरा लीगल वालंटियर रमन मिश्रा तथा सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार सहित अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मी, छात्र एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विधिक जागरूकता के साथ-साथ महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा, समानता एवं अधिकारों की रक्षा तथा युवाओं को नशे की बुराई से दूर रखते हुए एक सुरक्षित, जागरूक और नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश देना रहा।

# छात्रों की समस्याओं का 30 दिनों में होगा समाधान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री द्वारा सात निश्चय-3 के अंतर्गत "सबका सम्मान, जीवन आसान" के लक्ष्य के तहत विद्यार्थियों की शैक्षणिक समस्याओं के प्रभावी एवं समयबद्ध समाधान तथा शिक्षा के क्षेत्र में सुधार हेतु सुझाव प्राप्त करने के उद्देश्य से 'विद्यार्थी सहयोग पोर्टल' का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित संबंधित पदाधिकारी जुड़े रहे। औरंगाबाद से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा, उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, निदेशक डीआरडीए अनुपम कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दयाशंकर, जिला कल्याण पदाधिकारी अभिषेक कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी समाधान के लिए पंचायतों एवं नगर निकायों में 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विद्यार्थियों की



शैक्षणिक समस्याओं के समाधान एवं शिक्षा व्यवस्था में अपेक्षित सुधार के लिए 'विद्यार्थी सहयोग पोर्टल' तथा 'विद्यार्थी सहयोग शिविर' की पहल की गई है। विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक माह के चतुर्थ मंगलवार को 'विद्यार्थी सहयोग शिविर' का आयोजन किया जाएगा। प्रथम शिविर 25 अगस्त 2026 को आयोजित होगा। यदि चतुर्थ मंगलवार को अवकाश रहता है, तो शिविर अगले कार्य दिवस को आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सरकारी शैक्षणिक संस्थानों एवं संबंधित छात्रावासों में आयोजित किया जाएगा। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए शिविर स्थल पर कियोस्क की व्यवस्था रहेगी, जहां कंप्यूटर, प्रिंटर एवं इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध होगी। पोर्टल पर संबंधित संस्थानों के वास्तविक विद्यार्थी ही निबंधन कर सकेंगे। विद्यार्थी कक्षाओं का समय पर संचालन नहीं होना, शिक्षकों की अनुपस्थिति, परीक्षा एवं परीक्षाफल में विलंब, अनधिकृत शुल्क की वसूली, बिजली, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, बैठने एवं प्रयोगशाला संबंधी समस्याओं सहित अन्य शैक्षणिक समस्याओं की शिकायत दर्ज करा सकेंगे। इसके साथ ही शिक्षा व्यवस्था में सुधार के संबंध में अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी दे सकेंगे। प्राप्त शिकायतों का नियमानुसार 30 दिनों के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। शिकायतों के त्वरित निष्पादन के लिए पोर्टल पर एल-1, एल-2 एवं एल-3 स्तर के प्राधिकार निर्धारित किए गए हैं। प्राप्त सुझावों को भी संबंधित विभागों द्वारा समेकित कर, लागू किए जा सकने वाले सुझावों पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## पंचायतों में आज लगेगा 'सहयोग शिविर'

**औरंगाबाद।** जिले की विभिन्न पंचायतों में 18 अगस्त को आयोजित होने वाले 'सहयोग शिविर' के सफल संचालन के लिए प्रचार-प्रसार पूरा कर लिया गया है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार आम नागरिकों को शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नागरिकों की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी व प्रभावी निष्पादन के उद्देश्य से प्रत्येक माह के पहले और तीसरे मंगलवार को पंचायत स्तर पर यह शिविर आयोजित होगा। इसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व कर्मी मौजूद रहेंगे। आवेदनों के पूर्व परीक्षण के लिए 30 दिन पहले से पंचायत सरकार भवन में आवेदन लिए जा रहे हैं। सफल संचालन हेतु वरीय पदाधिकारियों, पुलिस बल, बीडीओ, सीओ और बीपीआरओ को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस क्रम में कुटुम्बा के बलिया परता व जगदीशपुर; औरंगाबाद के नौगढ़ व मंझार; बारुण के रिऊर कंचनपुर; देव के भवानीपुर, पश्चिमी केताकी व बसडीहा; और मदनपुर के बेरी व दक्षिणी उमगा में शिविर लगेगा।

## स्कूल समय में कोचिंग-ट्यूशन पर रोक, शिक्षा पदाधिकारी ने दिया सख्त आदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज।** सरकारी विद्यालयों के संचालन समय में निजी कोचिंग एवं ट्यूशन संस्थानों के संचालन पर अब सख्ती बरती जाएगी। रफीगंज के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमर कुमार ने सोमवार को स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सुबह 9:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक किसी भी कोचिंग या ट्यूशन संस्थान का संचालन नहीं किया जाएगा। शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि सरकारी स्कूलों के समय में यदि कोई कोचिंग या ट्यूशन संस्थान संचालित पाया गया, तो संबंधित संस्थान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान संस्थान खुला पाए जाने पर उसे बंद कराने के साथ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी कोचिंग एवं ट्यूशन संचालकों से आदेश का पूरी तरह पालन करने की अपील की है। शिक्षा विभाग के इस सख्त आदेश के बाद कोचिंग संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। विभाग ने साफ कर दिया है कि स्कूल अवधि में नियमों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बच्चों को बेहतर तरीके से पढ़ाएं शिक्षक : डीइओ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** डायट तरार में रविवार को टीबीटी (द बिहार टीचर्स हिस्ट्री मेकर्स) मेरा मोबाईल मेरी शिक्षा के माध्यम से शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिक्षक और शिक्षिकाओं द्वारा एक से एक टीएलएम की प्रस्तुति की गई। यानी जुगाड़ से ऐसे निर्माण किए गए जिससे बच्चों को पढ़ने में सहजता हो और बच्चे पढ़ने के प्रति आकर्षित हो। इस पूरे कार्यक्रम की सबसे बड़ी विशेषता रही कि अतिथियों को भेंट करने वाला गुलदस्ता हो या सभी अतिथियों और शिक्षकों को दिया गया कैप सभी कागज से शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा ही निर्मित किया गया था। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। जिसमें लोकनृत्य कजरी कुमारी शोभा भारती (मध्य विद्यालय महावर) एवं पूजा मौर्या(मवि आंजन मदनपुर) की प्रस्तुति काफी सराहनीय रही। जिला शिक्षा पदाधिकारी दया शंकर ने कहा कि जिले में 18000 शिक्षक हैं। उनका दायित्व है 340000 छात्र-छात्राओं को पढ़ाना। पढ़ाने का काम अच्छे तरीके से करें। पढ़ाना ऐसे भी बहुत ही अच्छा काम है। अगर उसको और बेहतर करेंगे तो हम बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकेंगे। कहा कि हमारा काम शिक्षकों की हर समस्या का यथासंभव समाधान करना है और शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को बेहतर तरीके से पढ़ाएं। बीआरसी एकाउंटेंट अमरेश कुमार, डायट ट्रेनर सपना कुमारी, विनय कुमार, संजीव सिन्हा, फरजाना खातून, प्रधानाचार्य राज कुमार गुप्ता, कृष्ण नारायण, तबला वादक राजाराम प्रसाद उपस्थित रहे। जिला के101 नवाचारी शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों हेतु प्रशस्ति पत्र ,मोमेंटो तथा एक पौधा विद्यालय के नाम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे गणेश वंदना, स्वागत गीत,अभियान गीत, लोकनृत्य, लोकगीत, कव्वाली, नाटक, टी एल एम प्रदर्शनी शिक्षकों द्वारा किए गए। नवाचारी शिक्षकों द्वारा किए जा रहे नवाचारों तथा उनके द्वारा बनाए गए टीएलएम को सभी ने सराहा। डीइओ ने इनका अवलोकन भी किया। कार्यक्रम की सफलता में प्रमण्डल सचिव रिंकि कुमारी (मध्य विधालय निमा दाउदनगर), प्रमण्डल उपसचिव अंजली कुमारी (मध्य विधालय कुरमाईन, ओबरा) तथा जिला टीम के सभी सदस्यों अध्यक्ष- निरंजन कुमार निराला( प्राथमिक विधालय खेसर मदनपुर), उपाध्यक्ष पुष्पा चौधरी (प्रावि रजवारिया कला नबीनगर), पूजा मौर्या( मध्य विधालय अंजन मदनपुर), जिला सचिव-गौतम कुमार सिंह (मध्यमिक विधालय बदंडा देव), जिला उप सचिव कुमारी शोभा भारती (मध्य विधालय महावर दाउदनगर), अमरेन्द्र कुमार - कन्या मध्य विधालय मदनपुर, विभा कुमारी- मध्य विधालय दधपा कुटुम्बा, प्रमोद प्रजापति- प्राथमिक विधालय दरभंगा मदनपुर, मिडिया प्रभारी, शशि कान्त कुमार- मध्य विधालय कोईलवां, केदार यादव- मध्य विधालय परसडिह मदनपुर की सामुहिक प्रस्तुति की गई।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**दाउदनगर (औरंगाबाद) / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आजाद-ए-सैयदना फाउंडेशन के तत्वावधान में पुराना शहर वार्ड संख्या पांच हुसैनी बाजार स्थित आस्ताना हुजूर गाजी-ए- दौरां में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। खानकाह आलिया कादरिया के सज्जादानशी



हजरत सैयद शाह तेहामी उल कादरी तथा सेक्रेट्री एंड फाउंडर हजरत सैयद अहमद अता हुसाम कादरी के नेतृत्व में आयोजित की गई। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में जनरल फिजिशियन, नेत्र रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं बाल रोग विशेषज्ञ ने चिकित्सकों ने लगभग सात सौ से भी अधिक लोंगो की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की। दवाएं भी उपलब्ध कराई। वरिष्ठ नेत्रो रोग विशेषज्ञ डॉ विनोद कुमार, वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रंजू, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनमोल कुमार, डॉ. रजनीश अरुण एवं दांत एवं मुख रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु राय,शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. वसीम रजा ने शिविर में पहुंचे लोगों का निशुल्क इलाज किया और आवश्यक चिकित्सीय सलाह दिए गए। स्वास्थ्य जांच शिविर की शुरुआत के अवसर पर मुख्य पार्षद अंजलि कुमारी, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गणेश प्रसाद, वार्ड पार्षद बसंत कुमार, भाजपा जिला प्रवक्ता अश्विनी कुमार तिवारी, भाजपा के शमशेर नगर मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, मोहम्मद अनवर फहीम सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की देख-रेख मो ताहिर कादरी एवं कार्यक्रम का संचालन मुन्ना अजीज ने किया। आयोजन को सफल बनाने में वकार अंसारी, शहाबुद्दीन खान, अशरफ खान, सरफराज खान, मेहरबान आलम, मोनू खान, नेहाल शेख, मोबीन खान ,कुमकुम खान सहित अन्य ने योगदान दिया।

## तीन पंचायतों में होने वाले सहयोग शिविर का बीडीओ ने लिया जायजा



**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । प्रखंड के तीन पंचायतों में मंगलवार को लगने वाले सहयोग शिविर की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी है। तरार,सिंदुआर और करमा पंचायतों में सहयोग शिविर मंगलवार को आयोजित किया जा रहा है। बीडीओ मो जफर इमाम ने आयोजन स्थल का निरीक्षण करते हुए तैयारी का जायजा लिया। बताया कि सिंदुआर और करमा पंचायत में प्रथम सत्र में और तरार पंचायत में द्वितीय सत्र में सहयोग शिविर लगाया जाना है। तीनों पंचायतों में आम जनता की सुविधा के लिए विभिन्न विभागों के 30-30 काउंटर बनाए गए हैं। सभी काउंटर पर संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी प्रतिनियुक्ति रहेंगे, जिनके द्वारा ग्रामीणों का आवेदन दिया जाएगा। पहले से भी ग्रामीणों की समस्याओं से संबंधित आवेदन लिए जा रहे हैं और शिविर के दौरान भी आवेदन लिया जाएगा। त्वरित निष्पादन करने योग्य आवेदनों का निष्पादन तुरंत कर दिया जाएगा और शेष बचे आवेदनों का भी निष्पादन निर्धारित समयावधि के दौरान कर दी कर दिया जाएगा।


# औरंगाबाद में पहली केपीएल जिला कराटे चैंपियनशिप का भव्य आयोजन



**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला कराटे संघ के तत्वावधान में केपीएल जिला कराटे चैंपियनशिप 2026 का आयोजन उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे बाल खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्याम कुमार एवं औरंगाबाद जूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष हरेंद्र गिरी ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने विभिन्न मुकाबलों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिचय दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं सम्मान देकर प्रोत्साहित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में जिला कराटे संघ के अध्यक्ष हरिओम कुमार, सचिव मृत्युंजय कुमार, उपसचिव सचिन कुमार एवं उपाध्यक्ष सुरभि कुमारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके अलावा दीपक कुमार, जावेद अख्तर, चंदन कुमार, रंजय कुमार, नितिश कुमार, विशाल कुमार, राकेश कुमार, आदर्श कुमार, खुशी कुमारी, मुस्कान, ब्यूटी, अनीता एवं अंशु ने सहयोग किया। आयोजक मंडल ने प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजकों ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों में खेल के प्रति रुचि बढ़ने के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित होती है। आयोजकों ने कहा कि कराटे सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा की सीख भी है। प्रतियोगिता में बच्चों के उत्साह और शानदार प्रदर्शन ने आयोजन को यादगार बना दिया।

# शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया झंडोत्तोलन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ झंडोत्तोलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रखंड कार्यालय में प्रमुख गीता सिंह, नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष मिरिख दरख्शा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार सिंह, रफीगंज थाना में थानाध्यक्ष शम्भू कुमार, कासमा थाना में थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह तथा पौथू थाना में थानाध्यक्ष संजय कुमार ने ध्वजारोहण किया। महादलित टोला में राजेन्द्र राम, विद्युत कार्यालय में सहायक अभियंता आकाश राज, व्यापार मंडल में अध्यक्ष अशोक सिंह, रानी ब्रज राज +2 उच्च विद्यालय में प्रधानाध्यापक अरुण कुमार, कन्या +2 उच्च विद्यालय में प्रधानाध्यापक रविंद्र सिंह , मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक मशकूर आलम , डॉ. विजय सिंह महाविद्यालय, संजय सिंह यादव महाविद्यालय, विभिन्न पैक्स भवनों, पंचायत भवनों, कॉंग्रेस कार्यलय में प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, आप पार्टी के कार्यलय में प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार सैनिक , एआरसीसी में डायरेक्टर परवेज आलम ,टेंडर हार्ट विद्यालय में डिरेक्टर संगीता कुमारी, सात्विक बनस्थली विद्यालय में ऋतु रंजन, निजी विद्यालयों, एनजीओ कार्यालयों एवं राजनीतिक दलों के कार्यालयों में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## एसडीपीओ-2 ने रफीगंज थाना के लंबित कांडों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** औरंगाबाद एसडीपीओ-2 आदित्य कुमार ने रविवार को रफीगंज थाना पहुंचकर थाना क्षेत्र के लंबित कांडों की समीक्षा एवं जांच की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अनुसंधानकर्ताओं से विभिन्न मामलों की जानकारी ली और कांडों के अनुसंधान की प्रगति की समीक्षा की। एसडीपीओ-2 ने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन, साक्ष्यों के संकलन तथा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने को लेकर पुलिस पदाधिकारियों एवं अनुसंधानकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबित कांडों के अनुसंधान में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी मामलों का नियमानुसार त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा के दौरान रीडर सतीश कुमार, रफीगंज थानाध्यक्ष शम्भू कुमार के अलावा एसआई आकाश कुमार, मिथलेश कुमार, बिनोद कुमार, पप्पू कुमार, रविकांत कुमार सिंह, ध्रुव कुमार, मनोरमा कुमारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं अनुसंधानकर्ता मौजूद रहे।

# भारत रत्न वाजपेयी को दी गई श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी शमशेर नगर मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा की अध्यक्षता में दाउदनगर गया रोड में अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि रविवार को मनाई गई। भारत रत्न वाजपेयी को याद करते हुए जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी ने कहा कि उन्होंने देश सेवा में अपना सबकुछ भारत माता के चरणों में समर्पित कर दिए। जिला महामंत्री टैगोर ने कहा कि चाहे पक्ष हो या विपक्ष सबके चहेता नेता थे अटल जी। इस अवसर पर शमशेर नगर के पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश पांडे, दाउदनगर ग्रामीण पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ.दिनेश वर्मा, गोपाल सिंह, मुन्ना तिवारी, प्रमोद कुमार, मनीष तिवारी उर्फ बुलबुल, शशि चौरसिया, डॉ.रामस्वरूप, अरुण कुमार, संजय प्रसाद, रंजित पांडेय, अभिषेक कुमार ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## विभिन्न मामले में नामजद आरोपित गिरफ्तार

**रफीगंज।** प्रखंड के पौथू थाना पुलिस ने कांड संख्या 114/24 BNS एवं SC/ST एक्ट के तहत दर्ज मामले में कार्रवाई करते हुए एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को बिरुआ गांव से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पप्पू यादव उर्फ नीरज कुमार पिता महेंद्र यादव, ग्राम बिरुआ के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि आरोपी उक्त मामले में नामजद था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया है।

# नागपंचमी पर बक्स बाबा मंदिर में उमड़ी आस्था

## साल में एक दिन खुलता है मंदिर का कपाट



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** नागपंचमी के पावन अवसर पर हसपुरा प्रखंड के जैतपुर पंचायत अंतर्गत बिहटा गांव स्थित प्रसिद्ध बक्स बाबा मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह होते ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। दूर-दराज के गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर बक्स बाबा की पूजा-अर्चना की और नाग देवता को दूध एवं लावा का प्रसाद चढ़ाया। मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं ने मंदिर की परिक्रमा की और परिवार की सुख-समृद्धि तथा संकटों से मुक्ति की कामना की। बिहटा स्थित बक्स बाबा मंदिर की अपनी अलग धार्मिक और पौराणिक पहचान है। स्थानीय लोगों के अनुसार मंदिर का कपाट वर्ष में केवल एक बार, नागपंचमी के दिन खोला जाता है। इस अवसर पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। मान्यता है कि नागपंचमी के दिन बक्स बाबा की पूजा करने से अकाल मृत्यु का संकट टलता है और परिवार पर नाग देवता की कृपा बनी रहती है। मंदिर के पुजारी भरत तिवारी ने बताया कि बक्स बाबा के प्रति लोगों की गहरी आस्था है। स्थानीय मान्यता के अनुसार विषैले सांप के काटने से पीड़ित लोग यहां पहुंचते हैं और बाबा की कृपा से स्वस्थ होकर लौटते हैं। इसी विश्वास के कारण प्रत्येक वर्ष नागपंचमी पर यहां श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है।

# 17 से 22 अगस्त तक लगेगा विशेष विद्युत विपत्र सुधार शिविर

**बिहारशरीफ।** विद्युत आपूर्ति अंचल, बिहारशरीफ की ओर से उपभोक्ताओं की विद्युत विपत्र संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 17 से 22 अगस्त 2026 तक विशेष विद्युत विपत्र सुधार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर सभी विद्युत आपूर्ति प्रमंडल एवं अवर प्रमंडल स्तर पर आयोजित होगा।शिविर में गलत मीटर रीडिंग, अधिक या औसत विद्युत बिल, बकाया राशि तथा बिल में अन्य किसी प्रकार की त्रुटि से संबंधित शिकायतों का मौके पर समाधान किया जाएगा। उपभोक्ता निर्धारित अवधि में अपने संबंधित विद्युत कार्यालय पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।


बिहार सरकार

## न्यायालय समाहर्त्ता–सह–जिला दण्डाधिकारी, रोहतास, सासाराम

(जिला विधि प्रशाखा)

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन परिवहन एवं भण्डारण निवारण) नियमावली 2019 यथा संशोधित 2021 के नियम–56 के तहत रोहतास जिला क विभिन्न थाना काण्डों में जप्त वाहन जिसका अधिहरण हेतु प्रस्ताव सहायक निदेशक, खान एवं भूतत्व, रोहतास, सासाराम के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में प्राप्त है। प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में वाद प्रारंभ किया गया तथा सहायक निदेशक, खान एवं भूतत्व, रोहतास से प्रतिवेदन की मांग की गयी है। साथ हीं वाहन स्वामी/प्रतिवादी को नोटिस भी निर्गत किया गया है परन्तु प्रतिवादी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए है। एसी स्थिति में अंतिम रूप से दैनिक सामाचर पत्र क माध्यम से वाहन स्वामी को सूचित किया जाता है कि वे अपने पक्ष के समर्थन में कारण पृच्छा समर्पित करें।

अतः निम्नलिखित जप्त वाहनों के स्वामी अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने विद्वान अधिवक्ता के माध्यम से **दिनांक 28.08.2026 को 11:00 पूर्वाह्न** में उपस्थित होकर वाहन स संबंधित कागजात एवं जवाब प्रस्तुत करे अन्यथा संबंधित वाद में उपलब्ध कागजातों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय लेते हुए आदश पारित कर दिया जायेगा।

**वाहन**

**खनन अधिहरण वादों से संबंधित विवरणी**

| क्र0सं0 | समाहर्त्ता न्यायालय का उत्पाद अधिहरण वाद सं0/वर्श | थाना का नाम एवं काण्ड सं0 | वाहन का प्रकार | निबंधन सं0/चेचिस सं0/इंजन सं0 | पक्षकार का नाम एवं पता | सुनवाई की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01/2026 | चेनारी थाना–173/23 | ट्रैक्टर | BR24GD-2912 | असपति देवी, पति–उदय यादव, ग्राम–चतावपुर, पास्ट–धौड़ाढ, थाना–धौड़ाढ, जिला–राहतास, राज्य–बिहार | 28.08.26 |
| 2 | 02/2026 | इन्द्रपुरी थाना काण्ड सं0–57/25 | ट्रैक्टर | BR24GB-2947 | झुन्ना शर्मा, पिता–दरोगा शर्मा, ग्राम–घोड़ादीघा, पोस्ट–घोड़ादीघा, थाना–करगहर, जिला–राहतास, राज्य–बिहार | 28.08.26 |
| 3 | 03/2026 | नासरीगंज थाना काण्ड सं0–89/24 | 12 चक्का ट्रक | UP50AT-7300 | संजय यादव, पिता–मंगरू सिंह यादव, ग्राम– लोहसान रहसुलपुर, पोस्ट–दादर, थाना–दादर जिला–गाजीपुर, राज्य–उत्तर प्रदेश | 28.08.26 |
| 4 | 04/2026 | काराकाट थाना | 12 चक्का ट्रक | JH02T-7110 | मुकेश गिरी, पिता–जितन्द्र गिरी, ग्राम–कान्ध बहुआरा, पोस्ट–गोड़ारी, थाना–गोड़ारी, जिला–रोहतास, राज्य–बिहार | 28.08.26 |
| 5 | 06/2026 | इन्द्रपुरी थाना काण्ड सं0–66/25 | ट्रैक्टर | BR32GA-0851 | मो0 हसनैन, पिता–मो0 सुहैब, ग्राम–गिदारगंज, पो0–मदना, थाना–अंधराथडिह, जिला–मधुबनी, राज्य–बिहार | 28.08.26 |
| 6 | 09/2026 | दरिहट थाना काण्ड सं0–16/25 | ट्रक | CG04MB-2249 | अंकित शर्मा, पिता–शशि रंजन शर्मा, ग्राम–हाउस नं0–P–133, डामियानगर, पा0+थाना–डालमियानगर, जिला–रोहतास, राज्य–बिहार | 28.08.26 |
| 7 | 10/2026 | रोहतास थाना काण्ड सं0–06/25 | ट्रैक्टर | BR24GD-1594 | गुड्डू कुमार, पिता–अशरफी यादव, ग्राम–मटीऑव, पो0–मटीऑव, थाना–चुटीयॉ, जिला–राहतास, राज्य–बिहार | 28.08.26 |
| 8 | 11/2026 | डिहरी मु0 थाना काण्ड सं0–19/25 | ट्रैक्टर | BR24GB-9350 | राघवेन्द कुमार दूबे, पिता–मुरारी दूबे, ग्राम–दुर्गापुर, पो0–नावाडिह, थाना–इन्द्रपुरी, जिला–राहतास, राज्य–बिहार | 28.08.26 |
| 9 | 13/2026 | काराकाट थाना काण्ड सं0– 65/25 | ट्रक | UP54T-7863 | दिनेश कुमार, पिता–राजेन्द्र सिंह, ग्राम–माउनाथ भंजन, थाना–सहादतपुरा जिला–मउ, राज्य–उत्तर प्रदेश | 28.08.26 |
| 10 | 14/2026 | नटवार थाना | 12 चक्का ट्रक | JH10AG-0269 | सरोज कुमार, पिता–श्री द्वारिका सिंह, ग्राम–दुबे डिहरी, नटवार खुर्द, पोस्ट–नटवार, थाना–दिनारा, जिला–राहतास, राज्य–बिहार | 28.08.26 |
| 11 | 15/2026 | काराकाट थाना काण्ड सं0–79/24 | ट्रक | UP61AT-4335 | संतोा कुमार पाण्डेय, पिता–बैकु नाथ पाण्डेय, ग्राम–कुतुबपुर, थाना–बारा, जिला–गाजीपुर, राज्य–उत्तर प्रदेश | 28.08.26 |
| 12 | 19/2026 | डिहरी मु0 थाना | ट्रक्टर | चचिस सं0–MBNABA EXPJJH02969 ईजन सं0–RJH2EA N5593 | सुरेन्द्र कुमार, पिता–बलवन्त यादव, ग्राम–पहलेजा वार्ड नं0–04, थाना–अकोढ़ीगोला, जिला–रोहतास, राज्य–बिहार | 28.08.26 |
| 13 | 20/2026 | तिलौथू थाना | ट्रक | JH02AK-0183 | मनोज कुमार, पिता–महाराज महतो सिंह, ग्राम–पथरा, पो0+थाना–तिलौथू, जिला–रोहतास, राज्य–बिहार | 28.08.26 |
| 14 | 21/2026 | धौडाढ़ थाना | ट्रक 10 चक्का | BR24GA-2205 | अश्विनी कुमार, पिता–कामेश्वर सिंह, मु0–नूरनगंज, पोस्ट+थाना–सासाराम, जिला–रोहतास | 28.08.26 |
| 15 | 23/2026 | नासरीगंज थाना–33/2026 | हाईवा 12 चक्का | BR24GC-2201 | रामसुन्दर सिंह, पिता–रामाश्रय सिंह, ग्राम–धेयनी टोला, पो0–गड़हनी, थाना–चरपोखरी, जिला–भोजपुर, राज्य–बिहार | 28.08.26 |
| 16 | 25/2026 | आयरकोठा थाना काण्ड सं0–13/2026 | हाईवा 12 चक्का | BR26GA-5617 | नरन्द्र कुमार, पिता–दिनानाथ सिंह, ग्राम–बड़का मोड़, पोस्ट–नहौना, थाना–सासाराम मु0, जिला–रोहतास, राज्य–बिहार | 28.08.26 |
| 17 | 27/2026 | दरिहट थाना काण्ड सं0–12/2026 | हाईवा 14 चक्का | BR24GB-9142 | अविनाश कुमार सिंह, पिता–जोखन सिंह, ग्राम–अमरा तलाब, करवंदीया, थाना–सासाराम, जिला–रोहतास | 28.08.26 |

नीलामी की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

समाहर्त्ता–सह–जिला दण्डाधिकारी
रोहतास, सासाराम

PR- 010066 ( District ) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सासाराम

केवल ई0 निविदा पद्धति क अुनसार वेबसाईट एवं www.eproc2.bihar.gov.in पर

**SBD अति अल्पकालीन पुनः ई0–निविदा**

**आमंत्रण सूचना संख्या– 06/2026–2027**

1. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता :– **कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, सासाराम।**
2. निविदा आंमत्रण की तिथि :– 13.08.2026
3. परिमाण विपत्र डाउनलोड/अपलाड करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक– 24.08.2026 स 16.09.2026 तक का 03:00 बज तक।
4. मूल कागजात जमा करने की अंतिम तिथि एवं स्थान :– निविदा खोलने की तिथि एवं समय से पहले 3:00 बजे तक।
   a. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल सासाराम ।
   b. अधीक्षण अभियंता भवन अंचल आरा।
   c. मुख्य अभियंता (द0) भवन निर्माण विभाग बिहार पटना।
5. निविदा खोलने (तकनीकी बीड) की तिथि एवं समय :– दिनांक– 17.09.2026 को 3:30 बजे अपराहन तक।
6. वित्तीय बीड खोलन की तिथि एवं समय :– तकनीकी बीड मूल्यांकन के पश्चात।
7. प्रीबीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक–01.09.2026 को अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, आरा। दिनांक 05.09.2026 मुख्य अभियंता (द0) भवन निर्माण विभाग बिहार पटना।
8. परिमाण–विपत्र की बिक्री एवं स्थान :– ववसाईट www.eproc2.bihar.gov.in
9. निविदा प्राप्ति का स्थान :– ववसाईट www.eproc2.bihar.gov.in
10. निविदा वैधता की तिथि :– 120 दिन
11. **कार्य का विवरण :–**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | परिमाण–विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (न लौटाने योग्य) (रू0 में) | ई–निविदा Bid processing fee | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रोहतास जिलान्तर्गत प्रखण्ड– डिहरी में नये प्रखण्ड–सह–अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य (विधुतीकरण कार्य सहित)। | 12,77,15,407.00 | 22,77,200.00 | 10,000.00 | As Per Online Requirement | 12 माह। |

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar & www.eproc2.bihar.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, सासाराम

PR- 010067 ( BCD ) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# पाटलिपुत्र-पूर्णिया के बीच नई स्पेशल ट्रेन

## समस्तीपुर समेत कई स्टेशनों के यात्रियों को होगा लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**समस्तीपुर।** यात्रियों की बढ़ती संख्या और अतिरिक्त रेल सुविधा की जरूरत को देखते हुए रेलवे ने पाटलिपुत्र और पूर्णिया कोर्ट के बीच रात्रिकालीन स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। ट्रेन संख्या 03216/03215 के रूप में यह सेवा 17 अगस्त से 17 सितंबर तक सप्ताह में पांच दिन संचालित होगी। इस ट्रेन के परिचालन से समस्तीपुर, सहरसा, मधेपुरा और पूर्णिया सहित उत्तर बिहार के कई इलाकों के यात्रियों को रात में यात्रा का अतिरिक्त विकल्प मिलेगा। ट्रेन में कुल 20 आईसीएफ कोच लगाए जाएंगे। इनमें चार सामान्य श्रेणी, 10 स्लीपर, तीन वातानुकूलित तृतीय श्रेणी और एक वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का कोच शामिल रहेगा। रेलवे के इस अतिरिक्त इंतजाम से भीड़ वाले दिनों में यात्रियों को राहत मिलने की उम्मीद है।पाटलिपुत्र से रात 11 बजे खुलेगी ट्रेनः 03216 पाटलिपुत्र-पूर्णिया कोर्ट स्पेशल रात 11 बजे पाटलिपुत्र जंक्शन से रवाना होगी। बुधवार और शनिवार को छोड़कर यह ट्रेन सप्ताह के बाकी पांच दिनों में चलेगी और अगले दिन सुबह 8:30 बजे पूर्णिया कोर्ट पहुंचेगी। वापसी में 03215 पूर्णिया कोर्ट-पाटलिपुत्र स्पेशल सुबह 9:10 बजे पूर्णिया कोर्ट से रवाना होगी। गुरुवार और रविवार को छोड़कर अन्य दिनों में चलने वाली यह ट्रेन शाम 5:45 बजे पाटलिपुत्र जंक्शन पहुंचेगी।समस्तीपुर में रात करीब दो बजे ठहरावः पाटलिपुत्र से पूर्णिया की ओर जाने वाली ट्रेन सोनपुर, हाजीपुर और मुजफ्फरपुर के बाद करीब 2 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी। इसके बाद रुसेरा घाट, हसनपुर रोड, सलौना, खगड़िया, मानसी, सिमरी बख्तियारपुर होते हुए सहरसा पहुंचेगी। सहरसा में सुबह 5:55 से 6:25 बजे तक ठहराव के बाद ट्रेन दौरम मधेपुरा, मुरलीगंज और बनमनखी होते हुए पूर्णिया कोर्ट पहुंचेगी।वापसी में भी समस्तीपुर समेत प्रमुख स्टेशनों पर ठहरावः पूर्णिया कोर्ट से लौटने वाली ट्रेन बनमनखी, मुरलीगंज, दौरम मधेपुरा और सहरसा होकर आगे बढ़ेगी। सहरसा में सुबह 11 बजे से 11:30 बजे तक ठहराव रहेगा। इसके बाद सिमरी बख्तियारपुर, मानसी, खगड़िया, हसनपुर रोड, रुसेरा घाट, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर और सोनपुर के रास्ते ट्रेन पाटलिपुत्र पहुंचेगी।रात की यात्रा में यात्रियों को मिलेगी सुविधाः इस स्पेशल ट्रेन के शुरू होने से पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, सहरसा, मधेपुरा, बनमनखी और पूर्णिया के बीच रात के समय रेल कनेक्टिविटी बेहतर होगी। यात्रियों को सड़क मार्ग के अलावा रेल से रात में सफर करने का भी विकल्प उपलब्ध होगा। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा की योजना बनाने से पहले ट्रेन के निर्धारित परिचालन दिवस और समय की पुष्टि कर लें।

# सेविका-सहायिका संघ की बैठक में आंदोलन की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार राज्य आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका एवं कर्मचारी संघ सीटू की जिला कमेटी की बैठक जिलाध्यक्ष रवींद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। संचालन जिला सह कोषाध्यक्ष डॉ. विनोद ने किया। बैठक में जिला सह राज्य महामंत्री मीना कुमारी ने नवनिर्वाचित जिला कमेटी के सदस्यों को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत करने और आंगनबाड़ी कर्मियों की समस्याओं को मजबूती से उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि 6 सितंबर को गया में राज्य सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉमरेड ऊषा रानी, महासचिव कॉमरेड ए.आर. सिंधु सहित गुजरात की एक नेत्री शामिल होंगी। राज्य सम्मेलन के बाद आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि, सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, चार लेबर व्यवस्था समाप्त करने, आईसीडीएस के निजीकरण पर रोक लगाने तथा बंद पैकेट खाद्य सामग्री की व्यवस्था समाप्त करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। बैठक में बिहार में भी सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में अन्य राज्यों की तर्ज पर आंगनबाड़ी कर्मियों को ग्रेच्युटी का लाभ देने की मांग उठाई गई। संघ नेताओं ने कहा कि मांगों की अनदेखी होने पर आगे चरणबद्ध तरीके से आंदोलन को तेज किया जाएगा। बैठक में गुड्डू सिंह, विनय यादव, वेंकटेश शर्मा, मंजू कुमारी, संयुक्त जिला सचिव गीता कुमारी, तेतरी देवी, चंपा देवी, सुनीता कुमारी, नीलम देवी, रजनी देवी, बिना सिंह, गीता सिंह, रंजिता सिन्हा, कमला कुमारी, शकुंतला देवी, प्रियंका कुमारी, राधिका देवी, शर्मिला कुमारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# पोखर में डूबने से 14 वर्षीय किशोर की मौत

**अमरपुर (बांका) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अमरपुर शहर के बनियाचक मोहल्ले में रविवार को पोखर में डूबने से 14 वर्षीय किशोर शिवम कुमार की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया और परिवार में मातम पसर गया। मृतक के पिता हेमंत ठाकुर ने बताया कि शिवमन्दिर स्थित नया पोखर के समीप खेत में परिवार के लोग काम कर रहे थे। खाना खाने के बाद शिवम पोखर के सीढ़ी घाट पर हाथ धोने गया था। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह गहरे पानी में गिर गया। शिवम को तैरना नहीं आता था। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद किशोर को पोखर से बाहर निकाला। इसके बाद परिजन उसे आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# ट्रेन में लावारिस बैग से 137 लीटर विदेशी शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** रेल पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सरयू-यमुना एक्सप्रेस से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। पुलिस को यह शराब ट्रेन के बी-4 कोच में शौचालय के समीप गेट के पास लावारिस हालत में रखे आठ पिठू बैग और दो प्लास्टिक के झोलों से मिली। बरामद शराब की कुल मात्रा 137.25 लीटर बताई गई है। जानकारी के अनुसार, गाड़ी संख्या 14650 सरयू-यमुना एक्सप्रेस में रात के समय मार्गरक्षण दल द्वारा जांच की जा रही थी। इसी दौरान कोच संख्या बी-4 में संदिग्ध बैग और झोले दिखाई दिए। आसपास पूछताछ करने पर इन सामानों पर किसी यात्री ने अपना दावा नहीं किया। इसके बाद पुलिस ने सामान की तलाशी ली तो अलग-अलग ब्रांड की विदेशी शराब बरामद हुई। बरामद शराब में 180 एमएल की आफ्टर डार्क ब्लू रेयर ग्रेन व्हिस्की की 152 बोतल, 180 एमएल की मैक डोवेल्स डबल ओक बैरल व्हिस्की की 277 बोतल, 750 एमएल की रॉयल स्टैग सुपीरियर व्हिस्की की 9 बोतल, 750 एमएल की ब्लेंडर्स प्राइड एक्सक्लूसिव प्रीमियम व्हिस्की की 13 बोतल और 750 एमएल की सिग्नेचर रेयर एज्ड व्हिस्की की 5 बोतल शामिल है। इसके अलावा 750 एमएल की स्मीरनॉफ मिंटी जामुन वोडका की 4 बोतल, 750 एमएल की मैजिक मोमेंट्स ग्रीन एप्पल फ्लेवर्ड वोडका की 12 बोतल, 750 एमएल की मैजिक मोमेंट्स ऑरेंज फ्लेवर्ड वोडका की 12 बोतल, 750 एमएल की मैजिक मोमेंट्स क्रैनबेरी टीजर वोडका की 2 बोतल, 180 एमएल की रेड रशियन स्मूथ फ्लेवर्ड वोडका की 48 बोतल तथा 180 एमएल की ऑफिसर्स चॉइस ओरिजिनल व्हिस्की की 48 बोतल भी बरामद की गई। पुलिस के अनुसार, बरामद सभी शराब उत्तर प्रदेश में निर्मित एवं बिक्री के लिए अंकित है। शराब को जब्त कर आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया है। मामले में रेल थाना समस्तीपुर में कांड संख्या 179/26 दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। शराब को ट्रेन में किसने रखा था और इसे कहां पहुंचाया जाना था, इसकी जानकारी जुटाने के लिए पुलिस जांच कर रही है। इस कार्रवाई में मार्गरक्षण दल के पुलिस अवर निरीक्षक सोनू कुमार, हवलदार उदय पासवान तथा सिपाही प्रवीण कुमार शामिल थे। पुलिस अब ट्रेन में लगे सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से शराब रखने वाले व्यक्ति की पहचान करने में जुटी है।

# पुलिस केंद्र में मना तिरंगा राखी उत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**समस्तीपुर।** हर घर तिरंगा अभियान के समापन दिवस पर सोमवार को पुलिस केंद्र, समस्तीपुर में तिरंगा राखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रप्रेम, भाईचारे और पुलिस बल के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना रहा। जिला शिक्षा पदाधिकारी कामेश्वर प्रसाद गुप्ता एवं जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी के नेतृत्व में जिले के विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा पुलिस केंद्र पहुंचने के बाद तिरंगा राखी उत्सव में बदल गई। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने अपने हाथों से तैयार की गई आकर्षक तिरंगा राखियां पुलिस पदाधिकारियों और जवानों की कलाई पर बांधीं। राखी बांधते हुए छात्राओं ने देश की सुरक्षा में पुलिसकर्मियों के योगदान के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया। पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उनके इस प्रयास की सराहना की। तिरंगे से सजे पुलिस केंद्र परिसर में देशभक्ति के नारों से माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। कार्यक्रम के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान के संदेश को लोगों तक पहुंचाने के साथ पुलिस और आम समाज के बीच सहयोग एवं आत्मीयता का संदेश भी दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज देश की पहचान के साथ एकता, सम्मान, भाईचारे और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। छात्राओं द्वारा पुलिसकर्मियों को तिरंगा राखी बांधने की पहल ने स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को भावनात्मक रूप से खास बना दिया।

# जनता दरबार में सुनी गईं आम लोगों की समस्याएं

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा के निर्देश पर सोमवार को समाहरणालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों से संबंधित आवेदन अधिकारियों को सौंपे। जनता दरबार में भूमि विवाद, राजस्व, दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, पेंशन, राशन, आवास, सड़क, बिजली और नल-जल सहित अलग-अलग विभागों से जुड़े मामले सामने आए। अपर समाहर्ता ने लोगों की समस्याओं को बारी-बारी से सुना।

# विधिक जागरूकता शिविर में पीसी और पीएनडीटी अधिनियम की दी गयी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटोरिया (बांका)।** विधिक सेवा प्राधिकार बांका के अध्यक्ष सह जिला जज सत्यभूषण आर्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार बांका के सचिव सपना रानी के निर्देश के तहत कटोरिया प्रखंड के देवासी पंचायत के महादलित टोला हथधसवा गांव में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएलभी राजेश कुमार चौधरी ने लोगों को पीसी और पीएनडीटी अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अधिनियम का अर्थ है गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन निषेध) अधिनियम, 1994. इसका उद्देश्य जन्म से पहले भ्रूण के लिंग के निर्धारण और प्रकटीकरण पर रोक लगाकर कन्या भ्रूण हत्या को रोकना है। यह अधिनियम आनुवंशिक असामान्यताओं या अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का पता लगाने के लिए प्रसव पूर्व निदान तकनीकों के उपयोग को भी विनियमित करता है, लेकिन लिंग निर्धारण के लिए नहीं। इसके साथ ही उन्होंने पीसी एवं पीएनडीटी अधिनियम के मुख्य पहलू की जानकारी दी। जिसमें बताया कि यह अधिनियम स्पष्ट रूप से जन्म से पहले, गर्भधारण से पहले या बाद में भ्रूण के लिंग का निर्धारण करने तथा लिंग के आधार पर बच्चे के चयन पर प्रतिबंध लगाता है। यह कानून लिंग-चयनात्मक गर्भपात के लिए प्रसवपूर्व निदान तकनीकों के दुरुपयोग को रोकने के लिए बनाया गया है। जिसके कारण भारत के कुछ भागों में लिंगानुपात में असंतुलन पैदा हो गया है। अधिनियम में कानून का उल्लंघन करने वालों के लिए कारावास और जुर्माने सहित दंड का प्रावधान किया गया है। वही ब्लॉक पीएलभी राजेश कुमार चौधरी ने कार्यक्रम मे मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटा के जैसा बेटी के पढ़ाके तो देखो बेटियो में भी हौसला कम नही होता है।बेटा जैसा करीवियां बढ़ाके तो देखो, आगे उन्होनें कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र मे कदम से कदम मिलाकर चल रही है।हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। चाहे वो शिक्षा का क्षेत्र हो सुरक्षा का क्षेत्र हो या खेल जगत या अन्य कोई भी क्षेत्र हो हर जगह में बेटियां दस्तक दे रही है। और हर चुनौतियों का मुहतोड़ जबाब दे रही है।आज राष्ट्रीयपति के पद पर विराजमान भारत के सर्वोच्च पद बैठी महिला भी किसी की वेटी है।

# सावन की तीसरी सोमवारी पर थानेश्वर व खुदनेश्वर धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सावन माह की तीसरी सोमवारी पर जिले के प्रमुख शिवालयों थानेश्वर स्थान मंदिर एवं मोरवा स्थित खुदनेश्वर स्थान मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही दोनों मंदिरों में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा और विधि-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेने के लिए सदर अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने थानेश्वर स्थान एवं खुदनेश्वर स्थान का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर परिसर सहित श्रद्धालुओं के आवागमन वाले विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर वहां तैनात दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं अन्य कर्मियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। एसडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भीड़ को नियंत्रित करने के साथ श्रद्धालुओं के आवागमन को सुचारू रखा जाए और किसी भी व्यक्ति को परेशानी नहीं हो। उन्होंने पेयजल, चिकित्सा सुविधा, साफ-सफाई, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया।

**बिहार सरकार**

## समाहरणालय, गया

(विभागीय जाँच)

ई–मेल :– admdpgaya@gmail.com

बिहार मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम 2016 एवं संशोधित अधिनियम 2022 एवं नये संशोधित नियमावली 2022 के अन्तर्गत जप्त वाहनों के मालिको के लिए नोटिस

**अल्पकालीन आम सूचना**

बजरीये नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 की धारा 56(घ) अवैध रूप से देशी/विदेशी शराब का परिवहन करने के आरोप में निम्नलिखित वाहन विभिन्न थाना काडों में जप्त कर अधिहरण प्रस्ताव जिला पदाधिकारी, गया एवं सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, गया के माध्यम से प्राप्त होने के फलस्वरूप अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उत्पाद अधिहरण वाद संधारित है।

**नये संशोधित नियमावली 2022 के नियम 12 (क) एवं मद्यनिषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग के अधिसूचना सं0 पटना 449 दिनांक– 31.05.2023 में निहित उपबंधों के आधार पर नवीनतम बीमाकृत मूल राशि का निर्धारित शास्ति/जुर्माना (Penalty) एवं जुर्माना के राशि का 03% रख–रखाव आदि की राशि जमा कर वाहन मुक्त कराना चाहते हैं तो स्तम्भ–7 में अंकित तिथि को या इसके पूर्व कार्यालय कार्य दिवस में निर्धारित प्रपत्र–IV में आवेदन पत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करें। जिसकी सुनवाई की तिथि स्तम्भ 07 में निर्धारित की गई है।**

वाहनों की विवरणी निम्नवत है :–

| क्र0 सं0 | थाना का नाम/थाना कांड सं0 | उत्पाद अधिहरण वाद सं0 | जप्त वाहन का प्रकार | जप्त वाहन का निबंधन सं0 | परिवहन कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार वाहन मालिको का नाम व पता | सुनवाई तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 333/26 सदर | 01/2026 | ग्लैमर मोटरसाईकिल | Reg No BR02AE-7544 Engine No JA06ERHGC39405 Chassis No. MBLJAR025HGC33787 | Saroj Yadav, S/o - Suresh Prasad Yadav At - Mai, PO-Chiraili, PS-Khizarsarai, Dist- Gaya, state-Bihar, pin code-824233 | 25.08.2026 एवं 28.08..2026 |
| 2 | 195/26 सदर | 02/2026 | टेम्पु | Reg No BR02M-5537 Engine No. WOM3192818 Chassis No. ZFMM186367 | Upendar Kumar, S/o- Baleshwar Yadav, Vill - Basura, PO-Barak, PS-Kothi, Dist- Gaya, state-Bihar, pin code-824206 | 25.08.2026 एवं 28.08..2026 |
| 3 | 97/26 शेरघाटी | 03/2026 | मोटर साईकिल | Reg No BR02D-6561 Engine No. HA10EVFHK40554 Chassis No. MBLHA10BSFHK38242 | Anil Chaudhary, S/o-Krishna Chaudhary, AT/PO - Samda Tola Jam Shrirampur, PS-Sherghati, Dist- Gaya, state-Bihar, pin code-824211 | 25.08.2026 एवं 28.08..2026 |
| 4 | 369/26, सदर | 09/2026 | स्कूटी | Reg No- BR02AU-3908 Engine No. JF49EW2036181 Chassis No. MEAJF49JGKW011268 | Rajesh kumar S/O- Lakhan Lal, AT- Near Kumkum Tailor Murarpur Taukir AHM POST- HO, Thana-Kotwali, Dist- Gaya State- Bihar pin code-823001, Mob- 9905037026 | 25.08.2026 एवं 28.08..2026 |
| 5 | 275/26 सदर | 11/2026 | हिरो ग्लैमर मोटरसाईकिल | Reg No- BR02AM-6212 Engine No. JA06ERHGK54086 Chassis No. MBLJAR028HGK45977 | Munna kumar S/O- Mohan Yadav, AT- Harni Maigra, P/S- Dumariya Dist- Gaya State- Bihar pin code-824206, Mob- 8002704289 | 25.08.2026 एवं 28.08..2026 |
| 6 | 395/26 सदर | 13/2026 | मोटरसाईकिल | Reg No- BR02BE-7277 Engine No. HA11EYNHD60103 Chassis No. MBLHAW128NHD75195 | Shalesh Kumar, S/O- Upendra Yadav, AT- Bazar Barma Aurangabad, Dist-Aurangabad, State- Bihar, pin code-824203, Mob- 6205405736 | 25.08.2026 एवं 28.08..2026 |
| 7 | 293/26 सदर | 14/2026 | कार | Reg No- BR02R-9971 Engine No. 475IDT14NXYP67607 Chassis No. MAT607161CWN44452 | Rajdeo Singh, S/O- LT Mundrika Singh, AT- Lalit Nagar Dan civil line Gaya, State- Bihar, pin code-823001 | 25.08.2026 एवं 28.08..2026 |
| 8 | 249/26 सदर | 15/2026 | मोटरसाईकिल | Reg No- BR27T-4027 Engine No. HA11EYNHH62132 Chassis No. MBLHAW12XNHHA2241 | Vinod Ravidas, S/O- Prayag Ravidas, Vill- Hamidpur Bara, PO- Hasapur, PS- Narhat, State- Bihar, Dist-Nawada, pin code-805110, Mob No-6287585821 | 25.08.2026 एवं 28.08..2026 |
| 9 | 336/26 सदर | 17/2026 | कार | Reg No- BR01PG-2511 Engine No. HHF4F17872 Chassis No. MA1YU2HHUF6F18041 | Akhilesh Prasad, S/O- Chandrika Prasad, AT- Panditganj Panday Panday Bigha, State- Bihar, Dist-Patna, pin code-804451, Mob No-7667656497 | 25.08.2026 एवं 28.08..2026 |
| 10 | 94/26 शेरघाटी | 18/2026 | होण्डा साईन एस0 पी0 मोटरसाईकिल | Reg No- BR02AX-9764 Engine No. JC83EG0123940 Chassis No. ME4JC832GLG051353 | Sanjay chaudhary, S/O- Ram Ji Chaudhary, AT- Lipganj Chatti Sherghati, PS- Sherghati, State- Bihar, Dist- Gaya, pin code-824211 | 25.08.2026 एवं 28.08..2026 |
| 11 | 252/26 सदर | 21/2026 | हिरो स्पलेन्डर मोटरसाईकिल | Reg No- BR02BV-7019 Engine No. HA11E7SHC46142 Chassis No. MBLHAW220SHC53134 | Birjaman Pawan, S/O- Rampati Paswan, At-Bhikhanpur, Po- Godiha, Ps- Konch, State- Bihar, pin code-824118, Mob No- 7633963378 | 25.08.2026 एवं 28.08..2026 |
| 12 | 48/26 शेरघाटी | 25/2026 | हिरो ग्लैमर मोटरसाईकिल | Reg No- BR02AV-0592 Engine No. JA06ERKGH61601 Chassis No. MBLJAW106KJH41799 | Pramod Paswan , S/O- Ram Paswan, Vill-Domiyan, Ps-Gaya, Dist- Gaya, State- Bihar, Pin code-824205, mob-7739682667 | 25.08.2026 एवं 28.08..2026 |
| 13 | 68/26 शेरघाटी | 27/2026 | हिरो स्पलेन्डर बाईक | Reg No- BR2F7391 Engine No. 07D15M-17141 Chassis No. 07D16C-18668 | Mithlesh Kumar, S/O- Mahadev Yadav, Vill -Mardua, Post- Iguna, Ps-Tekari, Dist- Gaya, State- Bihar | 25.08.2026 एवं 28.08..2026 |
| 14 | 428/25 शेरघाटी | 29/2026 | हिरो एच एफ डीलक्स मोटरसाईकिल | Reg No- BR21AC-5017 Engine No. HA11EXN9E00715 Chassis No. MBLHAW108N9E01061 | Deepak kumar Sharma, S/O- Umesh Sharma, AT- Lakhminia sharma, Post-Lakhminia, Ps-Balia, Dist- Begusarai, State- Bihar, Pin Code- 851211, Mob-9931840755 | 25.08.2026 एवं 28.08..2026 |
| 15 | 79/26 शेरघाटी | 33/2026 | हिरो स्प्लेडर प्लस मोटरसाईकिल | Reg No- BR02BE-4807 Engine No. HA11EDNHCI1962 Chassis No. MBLHAW121NHC17541 | RUPA KUMARI, D/O- PRAVESH CHAUDHARY, AT - TANDWA BANKEY BAZAR, P/s- BANKEY BAZAR, STATE - BIHAR, PIN CODE- 824217, MOB-7209334082 | 25.08.2026 एवं 28.08..2026 |
| 16 | 37/26 शेरघाटी | 35/2026 | **हिरो स्प्लेडर प्लस मोटरसाईकिल** | Reg No- BR02BA-6633 Engine No. HA11EDMHC53016 Chassis No. MBLHAW127MHC34696 | MANISH KUMAR, S/O- RAVINDRA DAS, AT- PAHARPUR DARIAURA, P/S-AMAS, STATE - BIHAR, DIST- GAYA, PIN CODE- 824211, MOB-9693026507 | 25.08.2026 एवं 28.08..2026 |
| 17 | 370/26 सदर | 39/2026 | BREZZA CAR | Reg No- BR02AV-8731 Engine No. D13A-3585122 Chassis No. MA3NYFB1SLA624017 | JITENDRA KUMAR, S/O- DEVAN YADAV, AT - SUDHIYA GORAIL, P/O-LAKHAIPUR,P\S- MOHANPUR, STATE - BIHAR, DIST- GAYA, PIN CODE - 824232, MOB- 7900150554 | 25.08.2026 एवं 28.08..2026 |
| 18 | 344/26 सदर | 40/2026 | अपाचे | Reg No- BR02BP-0563 Engine No. AE8PP2907616 Chassis No. MD634BE86P2P08045 | SARJUN MANJHI, S/O- VIJAY MANJHI, AT- BASUA TARD JALAL, P/O - BASUA, P/S- WAZIRGANJ, DIST- GAYA, STATE - BIHAR, PIN CODE- 805131, MOB-9939319392 | 25.08.2026 एवं 28.08..2026 |
| 19 | 401/26 सदर | 43/2026 | स्कूटी | Reg No- BR02AL-0529 Engine No. JF49E82205425 Chassis No. ME4JF496JH8030325 | SAURAV KUMAR, S/O- SANJAY KUMAR, AT- GANGO BIGHA DEVI MA, P/O- GPO, P/S- RAMPUR, DIST-GAYA, STATE - BIHAR, PIN CODE-823001, MOB- 9097243066 | 25.08.2026 एवं 28.08.2026 |
| 20 | 409/26 सदर | 45/2026 | काले रंग का हिरो मोटरसाईकिल | Reg No- BR02AX-0556 Engine No. HA11EYLHC61215 Chassis No. MBLHAW125LHC90554 | Bhundal Kumar, S/O - Rajendra Yadav, VILL - Rampur Belawarish, P/S – Konch, Dist.-Gaya State-Bihar, PIN CODE - 824207 | 25.08.2026 एवं 28.08.2026 |
| 21 | 461/26 सदर | 48/2026 | टाटा साफरी | Reg No- BR01PD-9946 Engine No. 22LDICOR09NXYJ23917 Chassis No. MAT617001CNN12815 | MD. Khalid , S/O- MD Nashim, At-Alamganj Pirwari, Loharyaghat PO– GU, P.S.+Dist. -Patna, State-Bihar, PIN CODE - 800007, Mob.-9122578220 | 25.08.2026 एवं 28.08.2026 |
| 22 | 428/25 शेरघाटी | 28/2026 | हिरो स्पलेण्डर मोटरसाईकिल | Reg No- BR02AH-1215 Engine No. Not found Chassis No. Not found | NOT FOUND | 25.08.2026 एवं 28.08.2026 |
| 23 | 81/26 शेरघाटी | 04/2026 | हिरो ग्लैमर | Reg No- Not found Engine No. Not found Chassis No. Not found | NOT FOUND | 25.08.2026 एवं 28.08.2026 |
| 24 | 71/26 शेरघाटी | 07/2026 | मोटरसाईकिल | Reg No- Not found Engine No. DUMBPA56080 Chassis No. MD2DDDZZZPWA44149 | NOT FOUND | 25.08.2026 एवं 28.08..2026 |

अतः सभी संबंधित व्यक्तियों को आग्रह किया जाता हैं कि कॉलम 07 में निर्धारित तिथि को आप स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना वाहन कागजात, पहचान पत्र एवं वाहन का अद्यतन बीमाकृत राशि का कागजात आदि के साथ पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए विधिसम्मत आदेश पारित किया जायेगा।

इसे सख्त ताकीद जाने।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

अपर समाहर्त्ता,
विभागीय जाँच, गया

PR. No. 010108 (District ) 2026-27

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।

# गन्ना उद्योग रोजगार का बड़ा संसाधन बनेगा : मंत्री

## एक दिवसीय किसान गोष्ठी सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दरभंगा।** गन्ना उद्योग विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय गन्ना किसान संगोष्ठी सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सोमवार को प्रेक्षा गृह में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ गन्ना उद्योग विभाग मंत्री संजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को पाग, चादर एवं पौधा प्रदान कर सम्मानित किया गया। किसानों को गन्ना उत्पादन की आधुनिक तकनीक एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री संजय कुमार ने कहा कि लगभग 30 वर्षों से बंद पड़ी चीनी मिल को पुनः चालू किया जाएगा तथा 20 नवंबर 2026 को इसकी आधारशिला रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि गन्ना उद्योग आने वाले समय में रोजगार का बड़ा संसाधन बनेगा। इससे युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे तथा किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक हर हाल में पहुंचाया जाए। मंत्री ने किसानों से अपील की कि गन्ने की खेती से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए विभागीय पदाधिकारियों से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि किसान खुशहाल होगा, तभी राज्य खुशहाल होगा। किसानों को कृषि यंत्रों पर दिए जा रहे अनुदान का लाभ उठाने का भी आह्वान किया। उन्होंने बताया कि पोर्टल के माध्यम से एक दिन में लगभग 25 हजार किसानों ने अपना निबंधन कराया है।

वैज्ञानिक किसानों के बीच जाकर उन्हें तकनीकी आधारित गन्ना खेती की जानकारी देंगे, ताकि उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि गन्ना अनुसंधान संस्थान खोलने की दिशा में भी पहल की जाएगी।

सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार दरभंगा तथा मिथिला क्षेत्र को औद्योगिक विकास की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक केवटी मुरारी मोहन झा ने कहा कि किसान धरती के अन्नदाता हैं और उनका स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने किसानों से गन्ना उत्पादन के लिए अपना निबंधन कराने का अनुरोध किया। साथ ही किसानों को बीज उत्पादन के लिए भी प्रेरित किया, ताकि अधिक से अधिक किसान गुणवत्तापूर्ण बीज का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि किसान इस प्रशिक्षण कार्यशाला में प्राप्त तकनीकी जानकारी को अपने गांव एवं आसपास के अन्य किसानों तक भी पहुंचाएं, जिससे वैज्ञानिक एवं उन्नत तकनीक के माध्यम से गन्ने के उत्पादन में वृद्धि हो सके। विधायक दरभंगा ग्रामीण राजेश कुमार मंडल ने किसानों से अभी से गन्ने की फसल की तैयारी करने का आह्वान किया। विधायक गौड़ाबौराम सुजीत कुमार सिंह ने कहा कि किसानों की समस्याओं को सुना जाए तथा उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। ईखायुक्त गन्ना उद्योग विभाग, अनिल कुमार झा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को निःशुल्क गुणवत्ता युक्त गन्ना बीज उपलब्ध कराया जाएगा। बीज की कटाई परिवहन, लोडिंग एवं अनलोडिंग का संपूर्ण व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गन्ना खेती के विस्तार से उत्पादन उत्पादकता एवं किसानों की आय में वृद्धि होगी। जिलाधिकारी कौशल कुमार ने कहा कि गन्ना उद्योग विभाग द्वारा संगोष्ठी एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कर किसानों को आधुनिक तकनीक एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि रैयाम एवं सकरी चीनी मिलों के पुनः संचालन से गन्ना किसानों को व्यापक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि गन्ना विभाग किसानों के हित में पूरी सजगता के साथ कार्य कर रहा है। गन्ने की खेती किसानों के लिए लाभकारी होगा। उन्होंने बताया कि दोनों चीनी मिल क्षेत्र के अंतर्गत अब तक लगभग 26 हजार किसानों ने अपना निबंधन कराया है। जिलाधिकारी ने किसानों को गन्ने से संबंधित अन्य उत्पादों के निर्माण की दिशा में भी विचार करने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि जिले में प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर किसान गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि किसानों को योजनाओं एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी उनके गांव के स्तर पर उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम के अंत में प्रगतिशील किसानों सहित उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## जिले की चिह्नित ग्राम पंचायतों में आज 'सहयोग शिविर'

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** सरकार के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों के समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के उद्देश्य से बेगूसराय जिले के विभिन्न प्रखंडों की चिन्हित ग्राम पंचायतों में मंगलवार को द्वितीय चरण के 'सहयोग शिविर' का आयोजन किया जाएगा। विदित हो कि सहयोग शिविर के प्रथम चरण में जिले की सभी 217 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित कर आमजनों से प्राप्त समस्याओं एवं शिकायतों के निष्पादन की कार्रवाई की गई। सरकार के नवीनतम दिशा-निर्देश के तहत अब प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को चक्रानुक्रम में सहयोग शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। 18 अगस्त को आयोजित होने वाले प्रमुख शिविर स्थलों में साहेबपुर कमाल प्रखंड के चौकी एवं विशनपुर आहोक, डंडारी के कटरामाला दक्षिणी, चेरिया बरियारपुर के गोपालपुर, खोदावंदपुर के दौलतपुर, छौड़ाही के मालपुर, बखरी के घाघड़ा, गढ़पुरा के मालीपुर, नावकोठी के पहसारा पश्चिम, मटिहानी के रामदीरी-3 एवं रामदीरी-4, बेगूसराय प्रखंड के खम्हार एवं बनद्वार, बरौनी के अमरपुर, वीरपुर के डीहपर, शाम्हो के सलहा सैदपुर बरारी-2, तेघड़ा के रातगांव, बछवाड़ा के फतेहपुर एवं गोविंदपुर-3, भगवानपुर के बनवारीपुर, मंसूरचक के गोविंदपुर-1 तथा बलिया के बड़ी बलिया उत्तरी शामिल हैं।प्रत्येक शिविर के सफल संचालन एवं पर्यवेक्षण हेतु वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों को शिविर अध्यक्ष एवं नोडल पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। शिकायतों के अनुश्रवण एवं त्वरित निष्पादन के लिए उप विकास आयुक्त के वरीय प्रभार में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) में जिला स्तरीय नियंत्रण कोषांग कार्यरत है। शिविर स्थलों पर आमजनों के बैठने, पेयजल, आवेदन पंजीकरण के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर एवं आवश्यक कर्मियों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिला प्रशासन सभी नागरिकों से अपील करता है कि अपनी व्यक्तिगत अथवा सार्वजनिक समस्याओं एवं शिकायतों, जैसे राजस्व, दाखिल-खारिज, विकास योजनाओं, कल्याणकारी योजनाओं आदि से संबंधित मामलों के समाधान हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में भाग लें।

## बोल बम के जयघोष से गूंजा तेघड़ा-अतरुआ पथ, जलाभिषेक के लिए उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** सावन की तीसरी सोमवारी पर सोमवार को प्रखंड क्षेत्र स्थित बाबा बनखंडी स्थान में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अहले सुबह से ही मधुरापुर बोल्डर घाट, बजलपुरा गंगा घाट, अयोध्या धर्मराज घाट समेत विभिन्न घाटों पर स्नान कर श्रद्धालु जल लेकर बाबा बनखंडी स्थान पहुंचते रहे। बड़ी संख्या में डाक बम गंगा घाट से जल लेकर बोल बम का जयघोष करते हुए बाबा के दरबार की ओर बढ़े। श्रद्धालुओं की भीड़ से तेघड़ा-अतरुआ पथ पूरे दिन गुलजार रहा। जगह-जगह कांवरियों की टोली और बोल बम के जयघोष से पूरा इलाका भक्तिमय नजर आया। बाबा बनखंडी स्थान पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। सोमवारी को बाबा बनखंडी स्थान परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण मेला सा नजारा देखने को मिला। मंदिर के आसपास अस्थायी दुकानें सज गई थीं। पूजा सामग्री, प्रसाद सहित जरूरत के सामान की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन और जलाभिषेक के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद बाबा बनखंडी स्थान पर पेयजल समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। वहीं, मुख्य मार्ग की बदहाल स्थिति भी परेशानी का कारण बनी हुई है। सड़क कई जगह बुरी तरह क्षतिग्रस्त है, जिससे आवागमन में लोगों को काफी कठिनाई होती है। कई स्थानों पर ई-रिक्शा को धक्का देकर तथा बाइक को खींचकर सड़क पार करते लोग नजर आए। जर्जर सड़क के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

## गंडक नदी किनारे 120 लीटर देसी शराब बरामद

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को थाना क्षेत्र के भीठ गांव स्थित गंडक नदी किनारे भगवानपुर थाना पुलिस की टीम ने छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने 120 लीटर देसी शराब बरामद की।छापेमारी के दौरान मौके से पुलिस द्वारा शराब बनाने के उपकरण भी बरामद किए गए। वहीं नदी किनारे अवैध रूप से रखे गए 1365 लीटर कच्चा पाश को नष्ट कर दिया गया। वहीं उक्त शराब कारोबार में लिप्त व्यक्ति पुलिस पकड़ से बाहर है। उक्त मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।लगातार पुलिस द्वारा शराब पकड़े जाने के बावजूद शराब माफिया शराब बनाने व कारोबार करने में बेख़ौफ़ होकर जुटे हुए हैं।

# एनटीपीसी बरौनी ने मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** एनटीपीसी बरौनी में 80वां स्वतंत्रता दिवस शनिवार को प्लांट परिसर स्थित प्रशासनिक भवन में उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन से हुई। इसके बाद परियोजना प्रमुख जयदीप घोष ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया और उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगान गाया। समारोह को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख जयदीप घोष ने देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सपूतों को नमन किया। इस पावन अवसर पर उन्होंने कहा कि हम सभी उन महापुरुषों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को याद करते हैं, जिनके कारण हमें स्वतंत्र भारत में जीने का अधिकार मिला। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस को देश के प्रति अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का स्मरण कराने वाला अवसर बताते हुए कहा कि यह दिन हमारे लिए गौरव, सम्मान और राष्ट्रीय अभिमान का प्रतीक है। एनटीपीसी की यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि एनटीपीसी लिमिटेड की स्थापना 7 नवंबर 1975 को देश की बढ़ती विद्युत आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से हुई थी। शून्य से शुरू हुई एनटीपीसी की यात्रा आज निरंतर प्रयासों और उत्कृष्ट कार्यों के बल पर कोयला, गैस, जल, सौर और पवन ऊर्जा आधारित परियोजनाओं को मिलाकर 91 गीगावॉट से अधिक की स्थापित क्षमता तक पहुंच चुकी है। कंपनी ने वर्ष 2032 तक 149 गीगावॉट की स्थापित क्षमता प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है, जिसमें लगभग 60 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा से होगी। इस अवसर पर एनटीपीसी बरौनी की हालिया प्रमुख उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कर्मचारियों को निरंतर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। साथ ही कार्यस्थल पर उच्चतम सुरक्षा मानकों को अपनाने की अपील की। समारोह के दौरान बाल भवन के बच्चों ने लघु सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके बाद अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को एचओपी मेरिटोरियस पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान गुब्बारे छोड़े गए और अंत में उपस्थित लोगों ने देशभक्ति के नारों के साथ समारोह का समापन किया।

## बरौनी रिफाइनरी में स्वतंत्रता दिवस पर गूंजा वंदे मातरम



**बेगूसराय।** इंडियन ऑयल की बरौनी रिफाइनरी में 80वें स्वतंत्रता दिवस का शुभारंभ कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश द्वारा राष्ट्रध्वज फहराकर सीआईएसएफ के जवानों की सलामी के साथ किया गया। इस अवसर पर रिफाइनरी के अधिकारी, कर्मचारी, उनके परिजन, पत्रकार बंधु एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।ध्वजारोहण के पश्चात स्कूली बच्चों, डीजीआर एवं सीआईएसएफ के जवानों ने अनुशासित एवं आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। राष्ट्रगान की मधुर ध्वनि और तिरंगे के सम्मान में सभी उपस्थितजन गौरवान्वित अनुभव कर रहे थे।इस वर्ष राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ध्वजारोहण समारोह में राष्ट्रगीत के रचयिता महाकवि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को स्मरण करते हुए ध्वजारोहण के दौरान 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन/वादन किया गया।कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए राष्ट्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि हम चाहे किसी भी क्षेत्र में कार्यरत हों, राष्ट्र की प्रगति, समृद्धि और आत्मनिर्भरता में अपना सर्वोत्तम योगदान देना ही सच्चे अर्थों में स्वतंत्रता सेनानियों को हमारी श्रद्धांजलि है।उन्होंने इस वित्तीय वर्ष की तकनीकी उपलब्धियों के साथ-साथ सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान को उजागर करते हुए बताया कि बरौनी रिफाइनरी ''निक्षय मित्र'' के रूप में वर्ष 2023 से 2026 के बीच निक्षय पोषण किट्स का वितरण तथा अत्याधुनिक ट्रूनेट डायग्नोस्टिक मशीनों की उपलब्धता में सहयोग कर रही है, जिससे क्षय रोग की शीघ्र पहचान और प्रभावी उपचार संभव हो सके।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया, जिसमें मार्च पास्ट में सर्वश्रेष्ठ टर्न आउट पुरस्कार, सुरक्षा एवं हाउसकीपिंग पुरस्कार, स्वच्छता एवं सुरक्षा मानकों में उत्कृष्टता तथा प्रसंस्करण, सुरक्षा प्रबंधन व तकनीक में उपलब्धि प्राप्त करने वाले शामिल थे।पूरे कार्यक्रम के दौरान कल्याण केंद्र तथा ऑफिसर्स क्लब के प्रतिभागियों द्वारा देशभक्ति नृत्य प्रस्तुतियों ने आयोजन को और भी राष्ट्रप्रेम से परिपूर्ण कर दिया।

## उ. मध्य विद्यालय टांडीपर विद्यालय में ग्रामीणों ने की तालाबंदी

### विद्यालय विकास मद की राशि का बंदरबाट के ग्रामीणों ने लगाया आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वीरपुर।** प्रखंड व थाना क्षेत्र से सटे भगवानपुर प्रखंड के जोकिया पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय टांडीपर के विद्यालय में ग्रामीणों ने सोमवार को तालाबंदी कर दी। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में वर्ष 2018 से प्रधान के पद पर टुनटुन रजक बने हुए हैं। सरकार के द्वारा आवंटित विद्यालय विकास मद के रूप में पचास हजार की राशि दी जाती है जो हर वर्ष विद्यालय के विकास करने के नाम पर निकासी की गई है लेकिन विकास के नाम पर कुछ काम नहीं किया गया है। विद्यालय की स्थिति लगातार जर्जर होते चला गया है। वर्ग कक्ष का फर्श और छत का छज्जा के साथ बेंच डेस्क का दयनीय स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों के द्वारा इनको विगत कई महीनों से विद्यालय को मरम्मति करवाने के लिए कहा जा रहा था लेकिन इन्होंने बरगलाते रहे। अंत में ग्रामीण इनके कार्य और व्यवहार से क्षुब्ध होकर विद्यालय में तालाबंदी की और राशि बंदरबांट की जांच की मांग की। वहीं इस तालाबंदी की जानकारी मिलते ही संकुल संसाधन केंद्र के शिक्षक बीरेन्द्र कुमार, भगवानपुर थानाध्यक्ष सहित कई अन्य गणमान्य लोगों के द्वारा समाचार प्रेषण तक ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया जा रहा था। वहीं इस संबंध में जानकारी लेने के लिए विद्यालय प्रधान टुनटुन रजक से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन बात नहीं हो पाई।

## हाईकोर्ट ने सरपल्स ट्रांसफर पर लगाई रोक, शिक्षकों में खुशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** पटना उच्च न्यायालय ने प्रदेश के शिक्षकों के स्थानांतरण और पदास्थापन यानी सरप्लस स्थानांतरण मामले में एक महत्वपूर्ण और राहत भरा फैसला सुनाया है। न्यायालय के इस आदेश के बाद प्रदेश के शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। न्यायमूर्ति अजीत कुमार की एकल पीठ ने याचिका संख्या सी.डब्ल्यू.जे.सी. 12326/2026 पर सुनवाई करते हुए यह अहम आदेश पारित किया है। शिक्षकों का पक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता ललित किशोर और अधिवक्ता मृत्युंजय कुमार सिंह ने मजबूती से रखा। इस फैसले पर बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुरेश प्रसाद राय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि 'यह शिक्षकों की जीत है। न्यायालय ने शिक्षकों की भावना का ख्याल रखते हुए फैसला सुनाया है जो स्वागत योग्य है। सरकार सरप्लस एवं 05 वर्ष पर स्थानांतरण के नाम पर शिक्षकों को मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से परेशान करना चाह रही थी। सरप्लस शिक्षकों की सूची में नाम आने से अधिकतर शिक्षक डर और अनिश्चितता के साए में थे। डॉ राय ने कहा कि मैंने शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया था। मैंने लिखा था कि प्रख्यापित वर्तमान स्थानांतरण नियमावली, मानक मंडल एवं जारी एसओपी तो त्रुटिपूर्ण हैं ही, सरप्लस के मानदंडों की भी शिक्षा विभाग ने धज्जियां उड़ा दी हैं। माननीय न्यायालय ने प्रथम दृष्टया इसे सही माना है। उच्च न्यायालय की रोक से जिला माध्यमिक शिक्षक संघ, बेगूसराय के अध्यक्ष उमानंद चौधरी, सचिव रणजीत कुमार, राज्य कार्य समिति सदस्य डॉ. सुदर्शन कुमार एवं याचिकाकर्ता नीरज कुमार, प्रधानाध्यापक बी.पी.एस. उच्च विद्यालय वीरपुर के साथ-साथ सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है।


**बिहार सरकार**

न्यायालय समाहर्त्ता–सह–जिला दण्डाधिकारी, रोहतास (सासाराम)
(जिला विधि प्रशाखा)
जमाबंदी रद्दीकरण अपील वाद सं0–04/2024
**गोपाल सिंह बनाम एतवरिया देवी एवं अन्य**

नोटिस बनामः– एतवरिया देवी, पति–देवराज सिंह
ग्राम–बरताली कला, पो0–चन्द्रकैथी
थाना–चेनारी, जिला–रोहतास।

एतद्द द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि समाहर्त्ता, रोहतास के न्यायालय में अपीलार्थी (i) **गोपाल सिंह (ii) सुदामा सिंह एवं (iii) लाल मोहन सिंह** पिता– स्व0 जिबोधन सिंह उर्फ सवारी सिंह के द्वारा अपर समाहर्त्ता, रोहतास के जमाबंदी रद्दीकरण वाद सं0–**107/2016** में पारित आदेश के विरूद्ध अपील आवेदन दाखिल किया गया है, जिसके आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में जमाबंदी रद्दीकरण अपील वाद सं0–**04/2024** संधारित है। उक्त वाद में सुनवाई की अगली निर्धारित तिथि **28.08.2026 को** निर्धारित है। न्यायालय में प्रतिवादी के उपस्थिति हेतु रजिस्ट्री नोटिस भी निर्गत किया गया है, परन्तु प्रतिवादी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए है। ऐसी स्थिति में अंतिम रूप से दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से प्रतिवादी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक–28.08.2026 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा संबंधित अपील वाद में एक पक्षीय निर्णय लेते हुए आदेश पारित कर दिया जायेगा।

अतएव निर्धारित तिथि को समाहर्त्ता, रोहतास के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे।
**इस सख्त ताकीद समझें।**

**समाहर्त्ता–सह–जिला दण्डाधिकारी,
रोहतास, सासाराम**

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।
PR. No.010032 (District) 2026-27

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**


## विद्यार्थियों को सहयोग एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु विद्यार्थी सहयोग पोर्टल की शुरूआत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** बिहार सरकार द्वारा विद्यार्थियों को सहयोग एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज विद्यार्थी सहयोग पोर्टल का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना स्थित जे.डी. वीमेंस कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी सहयोग पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्य के सभी जिलाधिकारी सहित भागलपुर की जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव, उप विकास आयुक्त रवि राकेश एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। विद्यार्थी सहयोग पोर्टल के माध्यम से छात्रों की विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को एक ही स्थान पर दर्ज करने तथा उनके समाधान की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाया गया है। यह पोर्टल विद्यार्थियों एवं प्रशासन के बीच सीधे संवाद के प्रभावी माध्यम के रूप में कार्य करेगा। विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण पहलू यह है कि पोर्टल पर शिकायत दर्ज होने के बाद उसके समाधान की प्रक्रिया को समयबद्ध किया गया है। विद्यार्थी सहयोग पोर्टल पर शिकायत दर्ज होने की तिथि से 30 दिनों के अंदर शिकायत का निपटारा कर विद्यार्थी को इसकी जानकारी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इस पोर्टल के शुभारंभ से विद्यार्थियों को विभिन्न सुविधाओं एवं सहयोग से संबंधित सेवाएं सुगम, पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से उपलब्ध हो सकेंगी। साथ ही, विद्यार्थियों को आवश्यक जानकारी एवं सेवाओं तक आसान पहुंच सुनिश्चित होगी। यह पहल विद्यार्थियों की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा उनके हितों के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण एवं उपयोगी साबित होगी। इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों से संबंधित समस्याओं एवं आवश्यक सहयोग के लिए प्रत्येक माह के चौथे मंगलवार को शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को अपनी समस्याएं रखने एवं आवश्यक सहायता प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

## छत से गिरने से छात्र की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** थाना क्षेत्र के चमरिया मैदान के समीप एक निजी विद्यालय के 7 वर्षीय छात्र की मौत छत से गिर जाने के कारण इलाज के दौरान सदर अस्पताल बेगूसराय में हो गई। मौत की खबर सुनते ही सोमवार को स्कूल परिसर में पहुंचकर छात्र के परिजनों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस ने पहुंच कर काफी समझाने बुझाने के बाद मामला को शांत करवाया। 7 वर्षीय छात्र बाबू साहेब कुमार के पिता नरेश यादव ने बताया कि मेरा पुत्र 14 तारीख से ही स्कूल में नहीं मिल रहा था और उसको उचित इलाज नहीं मिलने के कारण उसकी मौत हो गई। स्कूल के शिक्षिक ने छत से गिरने के बाद परिजन को बिना सूचना दिए ही सदर अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचा दिया। जहां उचित इलाज नहीं मिल पाया बाद में खोजबीन जब किया गया तो जानकारी दी गई की छात्रा का हाथ टूट गया है। हाथ ही नहीं टूटा था। वह छत से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया था और आज उसकी मौत इलाज के दौरान हो गई। छात्र के पिता अख्तियारपुर बलिया निवासी नरेश यादव के साथ दर्जनों लोगों ने दोषी शिक्षकों पर कार्रवाई करने की मांग करते हुए उचित मुआवजा देने की मांग की है। बलिया पुलिस मामले कोई गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी है और पीड़ित परिजनों को आश्वासन दिया है की जो भी दोषी होगा उसे बक्शा नहीं जाएगा।


बिहार सरकार

**समाहरणालय, बक्सर**
(जिला भू–अर्जन कार्यालय)
**आम सूचना**

ROB बक्सर–बरूणा पहुँच पथ निर्माण परियोजना हेतु अर्जित भूमि के हितवद्ध रैयतों को मुआवजा भुगतान प्राप्त करने हेतु प्रथम नोटिस दिनांक–18.02.2025 द्वितीय नोटिस दिनांक–08.07.2026 एवं तृतीय नोटिस दिनांक–21.07.2026 को निर्गत किया गया है, परन्तु अधिकांश हितवद्ध रैयतों द्वारा मुआवजा भुगतान हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र जमा नहीं किया गया है।

इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वैसे हितबद्ध रैयत जो अभी तक मुआवजा भुगतान प्राप्ति हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र जमा नहीं किये है दिनांक–21.08.2026 तक जिला भू–अर्जन कार्यालय, बक्सर में जमा करना सुनिश्चित करे। इस तिथि के बाद मुआवजा भुगतान संबंधित अभिलेख/राशि भूमि अर्जन पुर्नवासन एवं पुर्नव्यवस्थापन प्राधिकार (LARRA), पटना को संदर्भित कर दी जायेगी। इसमें अतिरिक्त सूद की राशि देय नहीं होगी।

PR- 010064 ( Revenue ) 2026-27
**जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, बक्सर**

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**

# औरंगाबाद में लगेंगे 12 हजार रूफटॉप सोलर संयंत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य के सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के तहत लाभुकों के आवेदन, वेंडर चयन, रूफटॉप सोलर संयंत्रों के संस्थापन, बैंक ऋण की स्वीकृति एवं वितरण, सामग्री की उपलब्धता तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि राज्य में पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत अब तक 1,01,769 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें 71,583 लाभुकों का वेंडर चयन किया जा चुका है तथा 26,292 रूफटॉप सोलर संयंत्रों का संस्थापन किया गया है। योजना के अंतर्गत अब तक 171.74 करोड़ रूपये की सब्सिडी जारी की जा चुकी है तथा 872 वेंडर एम्पैनल किए गए हैं। वहीं पिछले सप्ताह राज्य में 14,079 स्ट्रक्चर एवं 6,690 सोलर पैनल स्थापित किए गए। औरंगाबाद जिले की प्रगति की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिले के लिए 12 हजार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके विरुद्ध अब तक 919 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमें 724 वेंडर चयन किए गए हैं तथा 206 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। पिछले चार माह की प्रगति के दौरान जिले में 77 संयंत्रों का संस्थापन किया गया है। बैठक में यह भी बताया गया कि बिहार सरकार द्वारा 12 अगस्त 2026 को पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत 10 हजार रूपये प्रति किलोवाट की अतिरिक्त सब्सिडी, अधिकतम 20 हजार रूपये प्रति लाभुक स्वीकृत की गई है। यह अतिरिक्त राज्य सहायता केंद्र सरकार की वित्तीय सहायता के अतिरिक्त होगी। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने संबंधित पदाधिकारियों एवं अधिकृत एजेंसियों को निर्देश दिया कि योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाते हुए वेंडर चयन, स्थल निरीक्षण एवं रूफटॉप सोलर संयंत्रों के संस्थापन की प्रक्रिया को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित एजेंसियों को सोलर स्ट्रक्चर, पैनल एवं इन्वर्टर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, सामग्री की आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने देने तथा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करने का निर्देश दिया।

## सजायाफ्ता कैदी की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मंडल कारा में बंद सजायाफ्ता कैदी 75 वर्षीय दाउदनगर निवासी सीताराम पासवान की पटना में इलाज के दौरान मौत हो गई। वे पिछले 21 साल पुराने आर्म्स एक्ट में सजायाफ्ता कैदी थे। हालांकि इस संबंध में परिजनों का कोई बयान अभी तक नहीं आया है। मृतक जिले के दाउदनगर शहर स्थित पुरानी शहर वार्ड नंबर 9 का निवासी था। वर्ष 2005 के आर्म्स एक्ट से जुड़े एक मामले में वह जेल में बंद थे और न्यायालय से उन्हें सजा सुनाई जा चुकी थी। 26 जुलाई को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। मंडल कारा के अधीक्षक डॉ. दीपक कुमार ने बताया कि कैदी सीताराम पासवान की इलाज के दौरान मौत हो गई है। जेल प्रशासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# व्यवसायियों की समस्याओं का होगा समाधान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय में बिहार सरकार के मुख्य सचेतक संजीव चौरसिया एवं सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह का आगमन हुआ। चैंबर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दोनों अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान चैंबर की ओर से जिले के व्यवसायियों की प्रमुख समस्याओं और मांगों को दोनों नेताओं के समक्ष रखा गया। व्यवसायियों की सुरक्षा, व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था, आर्म्स लाइसेंस की प्रक्रिया को सरल बनाने, लाइसेंस संबंधी समस्याओं सहित अन्य मुद्दों को लेकर मांग पत्र भी सौंपा गया। कार्यक्रम में चैंबर से नए जुड़े सदस्यों को एक्टिव मेंबर का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें सतीश रंजन गुप्ता, सनी कुमार एंड एसोसिएट्स (सीए), मोहम्मद फिरदौस, विशाल मोटर्स, आशुतोष पाठक, रणविजय मेहता एवं रामजी गुप्ता शामिल रहे। मुख्य सचेतक संजीव चौरसिया एवं विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने व्यवसायियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान की दिशा में आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। चैंबर के चेयरमैन मुकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि संगठन व्यवसायियों के हित, सम्मान, सुरक्षा और सुविधा के लिए लगातार सक्रिय रहेगा। उन्होंने कहा कि नए सदस्यों के जुड़ने से संगठन और मजबूत होगा तथा व्यवसायियों की आवाज को प्रभावी ढंग से उचित मंच तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर चैंबर के पदाधिकारी, एक्टिव मेंबर, नवनियुक्त सदस्य एवं बड़ी संख्या में व्यवसायी प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में लूना सवार की मौत, एक गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज(औरंगाबाद)।** रफीगंज-शिवगंज पथ पर चातर पेट्रोल पंप के समीप सोमवार की अहले सुबह अज्ञात हाईवा की चपेट में आने से लूना सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान रफीगंज नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक अब्दुलपुर निवासी स्वर्गीय शिव प्रसाद साव के 57 वर्षीय पुत्र सर्जुन साव के रूप में हुई है। वहीं घायल की पहचान गणेश साव के 40 वर्षीय पुत्र उपेंद्र साव के रूप में की गई है। घायल उपेंद्र साव ने बताया कि वह और सर्जुन साव नागपंचमी के अवसर पर मदनपुर थाना क्षेत्र के बार स्थित मंदिर में पूजा करने गए थे। पूजा के बाद लूना से घर लौट रहे थे। इसी दौरान चातर पेट्रोल पंप के समीप रफीगंज की ओर से आ रहे तेज रफ्तार हाईवा ने लूना में टक्कर मार दी। हादसे में सर्जुन साव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि वेगंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही रफीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू की। पैक्स अध्यक्ष अनिल कुमार गौतम एवं कुमार सिंह ने बताया कि सर्जुन साव ठेला चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। सीओ सत्येंद्र कुमार ने बताया कि कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद आश्रितों को नियमानुसार मुआवजा दिया जायेगा।

# 'विद्यार्थी सहयोग पोर्टल' ने जीता छात्रों का दिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** छात्रों की समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए बिहार सरकार की ओर से शुरू की गई 'विद्यार्थी सहयोग पोर्टल' पहल को लेकर छात्रों में उत्साह है। छात्रों का कहना है कि डिजिटल माध्यम से अपनी समस्याएं सीधे सरकार तक पहुंचाने की सुविधा मिलने से उन्हें अपनी शिकायतों के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। बिहार सरकार ने 17 अगस्त से विद्यार्थी सहयोग पोर्टल शुरू किया है। इस पोर्टल के माध्यम से राज्य के छात्र-छात्राएं स्कूल, कॉलेज, छात्रावास, कोचिंग संस्थान और पढ़ाई से जुड़ी समस्याओं की ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकेंगे। शिकायत मिलने के बाद संबंधित विभाग या अधिकारी के स्तर पर उसके समाधान की प्रक्रिया शुरू होगी और 30 दिनों के भीतर समाधान सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गांधी मैदान में इसकी घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा था कि विद्यार्थियों को शिक्षा और संस्थानों से जुड़ी किसी भी तरह की समस्या होने पर पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने की सुविधा मिलेगी। सरकार युवाओं की



अभय कुमार | प्रभात कुमार | नेहा मिश्रा

समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर है और शिकायतों के निपटारे की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। छात्र **प्रभात कुमार** ने कहा कि छात्र-छात्राओं के लिए यह पहल काफी महत्वपूर्ण है। इस तरह की सुविधा शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद। **अभय कुमार** ने कहा कि हाल के दिनों में छात्रों से जुड़ी कई घटनाएं सामने आई हैं। ऐसे समय में सरकार की यह पहल महत्वपूर्ण है। डिजिटल माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की सुविधा इसे और बेहतर बनाएगी। छात्रा **नेहा मिश्रा** ने कहा कि अब छात्रों को अपनी मांग और समस्या रखने के लिए कहीं बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वे मोबाइल के माध्यम से अपनी समस्या सरकार तक पहुंचा सकेंगी। सरकार का यह कदम स्वागत योग्य और शानदार पहल है।

# 68 वाहनों से वसूले 2.26 लाख रूपये

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चतरा मोड़ के पास विशेष वाहन जांच अभियान जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी सुनेदा कुमारी के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान के दौरान दोपहिया एवं अन्य वाहनों की सघन जांच की गई। इस क्रम में हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन निबंधन प्रमाण पत्र (आर.सी.), बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के दौरान हेलमेट नहीं पहनने तथा मोटर वाहन अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले कुल 68 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 2,26,900 रुपये का शमन अधिरोपित किया गया।

# दुष्कर्म और हत्या का प्रयास सहित अन्य मामलों में 38 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में सोमवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 16 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार दुष्कर्म के मामले में एक, एससी-एसटी एक्ट में पांच, हत्या प्रयास के शीर्ष में तीन, मद्य निषेध अधिनियम के तहत नौ तथा अन्य मामलों में 20 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान 99.70 लीटर देसी शराब, 40.375 लीटर विदेशी शराब एवं एक बाइक जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1187 वाहनों की जांच की गई जिसमें 176000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। पुलिस पदाधिकारी उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है।

# ग्रामीणों ने स्कूल में जड़ा ताला, प्रधानाध्यापिका को हटाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा प्रखंड के गौरी-सोनबरसा स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय में दर्जनों ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापिका अलका कुमारी के विरुद्ध मनमानी का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की और कार्यालय में ताला जड़ दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानाध्यापिका अपनी मर्जी से विद्यालय का संचालन कर रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार ओबरा विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र द्वारा चंदन कुमार सिंह को विद्यालय प्रबंध समिति का सचिव मनोनीत किया गया था लेकिन विद्यालय के विकास से संबंधित किसी भी कार्य में उनसे राय नहीं ली जाती है। इस आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन का नेतृत्व विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव चंदन सिंह ने किया। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि 15 अगस्त के अवसर पर भी विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव को विद्यालय में आमंत्रित नहीं किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार वरीय पदाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है। उनका कहना है कि विद्यालय में लाइट, सीसीटीवी कैमरा और चारदीवारी की व्यवस्था जरूरी है ताकि असामाजिक तत्व किसी अप्रिय घटना को अंजाम न दे सकें। इसके अलावा कंप्यूटर की पढ़ाई नहीं होने से छात्र-छात्राओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी से प्रधानाध्यापिका का स्थानांतरण दूसरे विद्यालय में करने और विद्यालय में आवश्यक विकास कार्य शुरू कराने की मांग की है। सूचना पर पहुंची प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जूही कुमारी ने बताया कि ग्रामीणों को समझा-बुझाकर ताला खुलवा दिया गया है। प्रधानाध्यापिका को दूसरे विद्यालय में पदस्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही विद्यालय में जरूरी विकास कार्य कराए जाएंगे। इधर प्रधानाध्यापिका अलका कुमारी ने ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

## किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मदनपुर पुलिस ने शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म करने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के बनिया गांव निवासी मनोज पासवान के पुत्र चन्द्रमा कुमार के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार क्षेत्र की रहने वाली एक किशोरी ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि चंद्रमा कुमार ने उसे प्रेमजाल में फंसाकर शादी का वादा किया और इसी भरोसे कई बार शारीरिक संबंध बनाया। पीड़िता का कहना है कि आरोपी कई बार उसे अपने अनुसार अलग-अलग स्थानों पर बुलाता था और हर बार यह विश्वास दिलाता था कि वह जल्द ही उससे विवाह करेगा। युवती के अनुसार जब भी वह शादी की बात करती तो आरोपी उसे आश्वासन देकर टाल देता था। बाद में जब उसने विवाह के लिए दबाव बनाया तो आरोपी अपने वादे से मुकर गया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि कांड की गंभीरता पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# संत रविदास जयंती पर पंचायत स्तर तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** संत रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर राज्य में आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा बिहार सरकार के मुख्य सचिव द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी जिलों के जिलाधिकारियों को जयंती समारोह को व्यापक जनभागीदारी एवं प्रभावी तरीके से आयोजित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि संत रविदास जयंती के अवसर पर जिला से लेकर पंचायत स्तर तक कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। सभी जिला पदाधिकारियों को कलश यात्रा के लिए मार्ग का पूर्व निर्धारण करने तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया ताकि कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं व्यापक जनभागीदारी के साथ आयोजित हो सके। बैठक में यह भी बताया गया कि 27 अगस्त से 15 फरवरी तक प्रत्येक गुरुवार को सभी टोलों में संत रविदास शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के आयोजन एवं प्रचार-प्रसार में विकास मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। शिविर के दिन विभिन्न जनसेवाओं का वितरण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई जायेगी। साथ ही स्थानीय लोगों से प्राप्त आवेदनों का यथासंभव शिविर के दिन ही निष्पादन करते हुए संबंधित लाभुकों को प्रमाण-पत्र/स्वीकृति पत्र उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। शिविरों में राशन कार्ड, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र सहित विभिन्न जनसेवाओं एवं कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सेवाओं का लाभ आम लोगों को उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। समारोह के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आईईसी वैन के माध्यम से जागरूकता गतिविधियां संचालित की जायेगी।

# नागपंचमी पर बक्स बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मदनपुर।** नागपंचमी पर बक्स बाबा मंदिर में मंगलवार को श्रद्धालुओं की भीड़ रही। लोगों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और सुरक्षा की कामना की। मंदिर परिसर के आसपास मेला भी लगा जहां अलग-अलग तरह की दुकानें सजी रहीं। लोगों ने पूजा सामग्री की खरीदारी के साथ मेले का भी आनंद लिया। सुबह से ही मंदिर परिसर और आसपास के इलाके में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दूरदराज के गांवों से हजारों की संख्या में लोग पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। बक्स बाबा मंदिर में नाग पंचमी के अवसर पर पिछले करीब 60 वर्षों से मेले का आयोजन होता आ रहा है। वर्षों पुरानी इस परंपरा के कारण जिले के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं में महिलाओं और बच्चों की संख्या भी काफी रही। सुबह से लेकर दिनभर मंदिर परिसर में धार्मिक माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। मंदिर परिसर और मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। भीड़ को नियंत्रित करने के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा पर पुलिस लगातार नजर रखती रही। एसडीपीओ सदर-2 आदित्य कुमार, मदनपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार समेत अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी मौके पर मौजूद रहे। नाग पंचमी के दिन पूजा के साथ व्रत और संयम का भी महत्व माना जाता है। नमक का त्याग इसी संयम और सात्विक जीवन का हिस्सा माना जाता है। जिला पार्षद शंकर यादव ने बताया कि नागपंचमी के अवसर पर यहां हजारों की संख्या में दूर दराज और अन्य जिलों से लोग पहुंचते हैं लेकिन जिला प्रशासन की अनदेखी से बुनियादी सुविधाओं का अभाव रहता है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक – कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269